भोपाल
मंगलवार, 21 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष -04
वर्ष : 13, अंक : 19
पृष्ठ : 12+8=20 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 38
न्यून. 26

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## अब भीम एप पर ही चेक कर सकेंगे क्रेडिट स्कोर




**नई दिल्ली।** अगर आप भी भीम एप के जरिए यूपीआई पेमेंट करते हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। डिजिटल ट्रांजैक्शन को और अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब भीम यूपीआई एप का इस्तेमाल करने वाले करोड़ों यूजर्स एप के अंदर ही अपना क्रेडिट स्कोर चेक कर सकेंगे। इससे यूजर्स को अपनी फाइनेंशियल हेल्थ ट्रैक करने के लिए अब अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर भटकने की जरूरत नहीं होगी। शेष पेज 6 पर

## मुख्यमंत्री ने विपक्ष के विरोध के लिए आसमान में काले गुब्बारे छोड़े



जन-आक्रोश महिला पदयात्रा में सीएम डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री विश्वास सारंग सहित महिला नेत्री शामिल हुईं

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम गिराने पर भाजपा ने विपक्ष के खिलाफ निकाली जन-आक्रोश महिला पदयात्रा

# सीएम ने कहा- महिलाओं के हक पर कांग्रेस ने डाका डाला, पर उनके मंसूबे कभी नहीं होंगे पूरे

**डॉ. यादव ने कहा- नारी सब कुछ भूल सकती है, लेकिन अपमान कभी नहीं भूलती**

- जन-आक्रोश महिला पदयात्रा में प्रदेशभर से बहनें अपने अधिकार के पक्ष में आवाज उठाने के लिए आईं
- प्रदेश की प्रत्येक नगर पालिका और नगर निगम में विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में अटका कर कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी जैसी पार्टियों ने बहनों के अधिकारों पर डाका डाला है। हम उनके मंसूबे कभी पूरे नहीं होने देंगे, बहनों को उनके हक से वंचित रखना असंभव है। उन्होंने कहा कि देश का इतिहास गवाह है कि जब-जब बहनों पर परेशानियां आईं हैं, बहनों को शेष पेज 6 पर

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेसियों के परिवार की महिला विरोधी परंपरा रही है। देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात करने वालों को सजा दिलाई जाएगी

### प्रियंका ने बहनों के अधिकारों का गला घोट दिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेसियों के परिवार की महिला विरोधी परंपरा रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी 40 साल पहले सुप्रीम कोर्ट का फैसला संसद के माध्यम से पलटकर बहनों को उनके अधिकारों से शेष पेज 6 पर

### महिला आरक्षण बहनों के सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ाः खंडेलवाल

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि महिला आरक्षण उनके सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा है। यह कोई राजनीतिक घटना नहीं थी। इसका विरोध कर विपक्ष ने नारी शक्ति का खुला अपमान किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत देना चाहते हैं। लेकिन विपक्ष ने शेष पेज 6 पर पढ़ें पेज 05 भी

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड महोली खेजड़ा की प्राईम लोकेशन में ज्ञायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त, पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक
संपर्क-9755600569
8200502943, 7748022609

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


IPL आज का मुकाबला
एसआरएच डीसी
शाम 7.30 बजे से

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## आज इस्लामाबाद में दूसरे दौर की शांति वार्ता

### आज सीजफायर की मियाद भी खत्म : ईरान की शर्त के चलते दूसरी मध्यस्थ वार्ता पर मंडरा रहे संशय के बादल

# होर्मुज को लेकर अड़ा ईरान, यूएस दल पहुंचा, मुनीर ने ट्रंप को 'मनाया'



आसिम मुनीर | डोनाल्ड ट्रंप

सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रंप को बताया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की नाकाबंदी बातचीत में एक बाधा है। इधर, ट्रंप ने मुनीर से कहा है कि वह उनकी सलाह पर विचार करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस्लामाबाद में आज अमेरिका व ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता होगी। इसके लिए ट्रंप की टीम इस्लामाबाद पहुंच चुकी है। ईरान से कोई नहीं पहुंचा है। दूसरे दौर की बातचीत से पहले होर्मुज को लेकर ईरान अड़ा हुआ है। वह चाहता है कि बातचीत तभी संभव है जब अमेरिका नाकाबंदी खोलेगा। दूसरे दौर की बात मंगलवार को हो रही है और इसी दिन सीजफायर की मियाद खत्म हो रही है।

पाक भरसक कोशिश कर रहा है कि होर्मुज मुद्दे पर ट्रंप को समझा ले। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से इस बारे में बात की है। उन्होंने बताया कि स्ट्रेट ऑफ शेष पेज 6 पर

**ईरान चाहता है कि पहले ट्रंप होर्मुज की नाकाबंदी खोलें**



एआई फोटो

**22 अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के ऑफिसर भी पाकिस्तान पहुंचे**

**नूरखान एयरबेस पर अमेरिका के चार सैन्य विमान लैंड हुए**

### ट्रंप के चार प्रतिनिधि पाक पहुंचे

अमेरिका के शांति मिशन के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर ईरान के साथ दूसरे दौर की शांति वार्ता के लिए इस्लामाबाद पहुंच गए हैं। अमेरिकी सेना के कमांडर इन चीफ के हवाले से बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य पूर्व के दूत शेष पेज 6 पर

### ईरान में सुपर पावर बने मेजर जनरल वाहिदी

ईरान की कूटनीति और उसकी सैन्य मशीनरी पर अब पूरी तरह से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का कब्जा हो गया है। आईआरजीसी कमांडर मेजर जनरल अहमद वाहिदी अब ईरान के सबसे ताकतवर शख्स बनकर उभरे हैं। उन्होंने न केवल देश के सैन्य तंत्र को अपने हाथ में ले लिया है, बल्कि अमेरिका के साथ होने वाली शांति वार्ताओं की डोर भी अब उनके और उनके करीबियों शेष पेज 6 पर

### दक्षिण कोरिया होर्मुज स्ट्रेट खोलने के प्रयासों पर भारत के साथ

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग ने सोमवार को कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने के लिए भारत और दक्षिण कोरिया को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने ग्लोबल सप्लाई चेन को स्थिर रखने और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने के लिए दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। एक विशेष लिखित इंटरव्यू में राष्ट्रपति ली ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव के कारण होर्मुज स्ट्रेट में किसी भी तरह की रुकावट से वैश्विक तेल कीमतें बढ़ रही हैं और जरूरी औद्योगिक सामग्री की सप्लाई चेन बाधित हो रही है। राष्ट्रपति ली ने कहा कि कोरिया गणराज्य और भारत दोनों शेष पेज 6 पर
पढ़ें पेज 10 भी



बस खाई में गिरने के बाद रेस्क्यू के दौरान मौजूद भीड़

### जम्मू के उधमपुर में बड़ा सड़क हादसा

# तेज रफ्तार बस का टायर फटा, 100 मीटर गहरी खाई में गिरी, 21 लोगों की मौत

**हादसे में बस का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह नष्ट**



एजेंसी ▶▶ उधमपुर

यहां सोमवार सुबह एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस कगोत के पास सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गिरकर पलट गई। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। बस में 50 यात्री सवार थे, जिनमें से ज्यादातर लोग रामनगर से उधमपुर में अपने रोजाना के काम पर जा रहे थे। 15 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाकी 6 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों के मुताबिक बस ओवरलोड थी, रफ्तार भी तेज थी। कगोत नाले के पास अचानक बस का टायर फट शेष पेज 6 पर

### पीएम मोदी ने जताया दुख, मुआवजे का ऐलान

पीएम नरेंद्र मोदी ने उधमपुर में बस दुर्घटना पर दुख जताते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। जान गंवाने वालों परिजनों को पीएमएनआरएफ की ओर से 2 लाख व घायलों को 50,000 रु. देने का ऐलान किया। वहीं सीएम उमर अब्दुल्ला ने भी मृतकों के परिजनों को 2 लाख गंभीर घायलों 1 लाख और मामूली घायलों को 25 हजार रु. मदद की घोषणा की।

## खबर संक्षेप

### पांढुर्णा में तेंदुए के हमले में चौकीदार की गई जान



**छिंदवाड़ा।** जिले की पांढुर्णा में तेंदुए के हमले से एक चौकीदार की मौत हो गई। इलाके में दहशत का माहौल है। वन विभाग को उसके पग मार्क मिले हैं।

### जेईई मेन के नतीजे घोषित

# 26 छात्रों ने छुआ 100 परसेंटाइल का आंकड़ा

**राजस्थान से सबसे ज्यादा टॉपर, 110 परीक्षार्थियों का रिजल्ट रोका**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2026 के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इस साल के परिणाम कई मायनों में ऐतिहासिक और चौंकाने वाले रहे हैं। एक ओर जहां देश के 26 होनहारों ने 100 परसेंटाइल का जादुई आंकड़ा छूकर अपनी मेधा साबित की है, वहीं दूसरी ओर अनुचित साधनों के इस्तेमाल के चलते 110 से अधिक छात्रों का रिजल्ट रोक दिया गया है। इस साल इंजीनियरिंग एंट्रेंस में 26 उम्मीदवारों ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है। दिल्ली के श्रेयस मिश्रा, आंध्र प्रदेश के नरेंद्रबाबू और बिहार के शुभम कुमार जैसे छात्रों ने देश भर में टॉप किया है। राज्यों की बात करें तो राजस्थान का प्रदर्शन शानदार रहा है, जहां से सबसे ज्यादा टॉपर निकले हैं।

परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए एनटीए इस बार बेहद सख्त नजर आया। एजेंसी ने जानकारी दी कि 110 से ज्यादा उम्मीदवारों के परिणाम अनुचित साधनों के प्रयोग के कारण रोक दिए गए हैं। इनमें फर्जी दस्तावेज पेश करने और परीक्षा के दौरान संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होना शामिल है।

**2.5 लाख अभ्यर्थियों को जेईई एडवांस्ड में मौका**




फाइल फोटो

### दो सवाल हटाए गए, कट-ऑफ पर नजर

सोमवार को जारी हुई फाइनल आंसर-की में फिजिक्स सेक्शन से दो सवालों को हटा दिया गया है। अब छात्रों का रिजल्ट इसी संशोधित आंसर-की के आधार पर तैयार किया गया है। इस साल जनरल कैटेगरी का कट-ऑफ 93 से 94 परसेंटाइल के आसपास रह सकता है। जो छात्र जेईई-मेन में सफल हुए हैं और टॉप 2.5 लाख की सूची में जगह बनाएंगे, वे अब जेईई एडवांस्ड 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। एडवांस्ड परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 23 अप्रैल 2026 से शुरू होगी, जिसकी जिम्मेदारी इस बार आईआईटी रुड़की संभाल रहा है।

### करीब चार घंटे तक हवा में फंसा विमान

## हुबली जा रहे विमान की बेंगलुरु में आपात लैंडिंग






तकनीकी खराबी आने से बड़ा हादसा टला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हैदराबाद से हुबली जा रही फ्लाई91 एयरलाइंस की फ्लाइट में बड़ा हादसा टल गया। अचानक आई तकनीकी खराबी के कारण विमान करीब चार घंटे तक हवा में ही फंसा रहा, जिससे यात्रियों में डर और घबराहट फैल गई। फ्लाइट आईसी 3401 दोपहर करीब 3 बजे हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुई थी और इसे शाम शेष पेज 6 पर

### लसूड़िया पुलिस पर लूट का भी आरोप

## पुलिस घर में चोरों की तरह घुसी, 22 तोला सोना गायब



झगड़े की वजह रिटायर्ड एसीपी का प्रॉपर्टी विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

लसूड़िया में एसआई समेत 5 पुलिसकर्मियों के निलंबन मामले में पुलिस पर नया आरोप लगा है। वारंट तामीली के बाद कारोबारी गौरव जैन ने पुलिस पर परेशान करने और घर से 22 तोला सोना गायब करने का आरोप लगाया है। झगड़े की वजह रिटायर्ड एसीपी का प्रॉपर्टी विवाद बताया जा रहा है। कारोबारी जैन पिछले एक साल से एसीपी शेष पेज 6 पर

### बेटे पर पुलिस कार्रवाई पर विधायक बिफरे

## आईपीएस को धमकाया, कहा- तेरे डैडी में दम तो मेरे बेटे को रोक लेना

**मेरा बेटा करैरा आएगा और चुनाव भी लड़ेगा**



डॉ. आयुष | दिनेश लोधी | प्रीतम लोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

करैरा में राहगीरों को टक्कर मारने के बाद चर्चा में आए पिछोर विधायक के पुत्र दिनेश लोधी पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद सोमवार की सुबह पिछोर विधायक प्रीतम लोधी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वे करैरा एसडीओपी के पद पर पदस्थ आईपीएस शेष पेज 6 पर

### पिता ने पुलिस से दावा किया कि मोनालिसा सिर्फ 16 साल की, उसे बरगलाया गया

महेश्वर पुलिस ने 25 मार्च को थाने में फरमान खान के खिलाफ अपहरण और पॉक्सो अधिनियम और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था

# केरल से खाली हाथ लौट आई मध्यप्रदेश पुलिस गर्भवती है मोनालिसा, फिलहाल पेश नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेश्वर

प्रयागराज कुंभ मेले के दौरान वायरल हुई मोनालिसा भोंसले और उसके पति मोहम्मद फरमान को हिरासत में लेने के लिए कुछ दिन पहले केरल के कोच्चि पहुंची मध्य प्रदेश पुलिस की एक टीम को वहां से खाली हाथ लौटना पड़ा है। फरमान ने पुलिस को बताया कि मोनालिसा गर्भवती है इसलिए वह पुलिस के सामने तुरंत पेश होने में असमर्थ है। इस टीम में एक महिला अधिकारी सहित



फाइल फोटो

कुल पांच सदस्य थे। मप्र पुलिस की टीम 17 मार्च को यहां पहुंची थी और इस जोड़े का पता लगाने में नाकाम रही। इसके अलावा पुलिस को फरमान के एक दोस्त जोशुआ की तलाश थी, हालांकि उसे खोज पाने में भी पुलिस नाकाम रही। जोशुआ पर आरोप है कि उसने शादी कराने से लेकर वहां रहने का इंतजाम करने तक में इस जोड़े की मदद की। महेश्वर पुलिस की एक महिला सब-इंस्पेक्टर को मोहम्मद फरमान ने अपनी पत्नी के गर्भवती होने की जानकारी दी। इस जोड़े ने 11 मार्च को तिरुवनंतपुरम के एक मंदिर शेष पेज 6 पर

### मोनालिसा ने सरकार से की थी सुरक्षा की मांग

मध्य प्रदेश पुलिस के कोच्चि पहुंचने के बाद मोनालिसा ने केरल के मुख्यमंत्री और कोच्चि शहर के पुलिस प्रमुख को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की थी। वहीं मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा जारी फरमान के गिरफ्तारी वारंट पर केरल हाई कोर्ट ने पहले ही आगे की कार्यवाही तक रोक लगा दी थी। यह रोक 20 मई तक के लिए लगाई गई है। इस मामले ने उस वक्त तूल पकड़ लिया था, जब राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की जांच में मोनालिसा को नाबालिग पाया गया था। मप्र पुलिस के कोच्चि पहुंचने पर मोनालिसा ने राज्य के मुख्यमंत्री शेष पेज 6 पर

## गुफा मंदिर में हुआ 21 फीट ऊंची भगवान परशुराम की प्रतिमा का अभिषेक, 1001 ब्राह्मणों ने किया स्वस्तिवाचन व शंखनाद



भगवान परशुराम की 21 फीट ऊंची प्रतिमा के चरण पखारते श्रद्धालु।

**लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में सुबह हुए विशेष धार्मिक अनुष्ठान**

# राजधानी में धूमधाम से मनाई गई अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम जयंती, विवाह समारोह की धूम

महंत रामप्रवेश दास के सानिध्य में मंदिर में विराजित भगवान परशुराम की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया गया और विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मंदिर परिसर में स्थित भगवान परशुराम की 21 फीट ऊंची प्रतिमा की भी पूजा-अर्चना की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में सोमवार को अक्षय तृतीया के साथ-साथ भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में सुबह विशेष धार्मिक अनुष्ठान हुआ। महंत रामप्रवेश दास के सान्निध्य में मंदिर में विराजित भगवान परशुराम की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया गया और विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मंदिर परिसर में स्थित भगवान परशुराम की 21 फीट ऊंची प्रतिमा की भी पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भक्ति-संगीत का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### राठौर संघ सामूहिक विवाह एवं परिचय सम्मेलन



राठौर संघ का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ।

राठौर संघ द्वारा कलियासोत डेम के पास दशहरा मैदान में सामूहिक विवाह एवं परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस मौके पर कई जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधे, जबकि करीब 250 युवक-युवतियों ने परिचय सम्मेलन में हिस्सा लिया। तो वहीं ईरान युद्ध के बाद घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल की स्थिति को देखते हुए आयोजन समिति ने लकड़ी की भट्टियों पर भोजन बनाया गया। इससे एक ओर जहां गैस पर निर्भरता कम हुई, वहीं आयोजन में पारंपरिक पद्धति की झलक भी देखने को मिली।

### अक्षय तृतीया पर हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन



अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर राजधानी में कई जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसी के तहत गुफा मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 12 से अधिक जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे। इसमें लालघाटी चौराहे से भव्य बारात निकाली गई।

### भगवान की छोटी प्रतिमा का हुआ अभिषेक

गुफा मंदिर के लेखराज शर्मा ने बताया कि पहले भगवान परशुराम की छोटी प्रतिमा का अभिषेक, सहस्त्रनाम जाप और पूजन किया गया। भगवान के श्रृंगार, आरती और पूजन के बाद मंदिर प्रांगण में स्थापित बड़ी प्रतिमा की पूजन हुई। फूलों से श्रृंगार के बाद महाआरती की गई। 1001 ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन व शंखनाद किया।

### परशुराम मंदिर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

शिवाजी नगर में पांच नंबर बस स्टॉप स्थित परशुराम मंदिर में भी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां सुबह भगवान परशुराम का पूजन-अभिषेक किया गया। इस मौके पर महापौर मालती राय, मप्र परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजौरिया, मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे गुरुजी सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों मौजूद थे।

### खस के बंगले में विराजमान हुए श्री राधावल्लभ, धारण की चांदनी पोशाक



सुंदर श्रंगार से सजे राधावल्लभ।

सोमवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में श्री राधावल्लभ लाल खस के सुगंधित बंगले में विराजमान हुए। इस विशेष अवसर पर ठाकुर जी ने चंदन की श्वेत पोशाक और श्रृंगार धारण किया, जिसे मंदिर के मुखिया ने लगभग तीन दिनों में अपरस में तैयार किया गया। इस पोशाक पर चंदन, केसर और कपूर के लेप से सुंदर आकृतियां बनाई गईं, जिससे ठाकुर जी को ग्रीष्म ऋतु में शीतलता प्रदान हो सके। मंदिर में ठाकुर जी के समक्ष शीतलता के लिए जल का फव्वारा भी लगाया गया, जिससे वातावरण और अधिक शीतल एवं सुगंधित बना रहा। भोग में ठाकुर जी को ठंडाई, आमरस, सत्तू, छाछ, खस का शरबत सहित विभिन्न शीतल पदार्थ अर्पित किए गए। इसके साथ ही ठाकुर जी के सिंहासन पर मिट्टी के घड़े की स्थापना की गई, जो रथ यात्रा के दिन तक विराजमान रहेगा। यह संपूर्ण आयोजन भक्तों के लिए अत्यंत आनंद और भक्ति का केंद्र बना रहा, जहां श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### निःशुल्क सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न



निःशुल्क सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। इस वर्ष 20 जोड़ो का विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष मनफूल मीना के भतीजे का रितिक मीना का भी विवाह इसी में हुआ। वधु को 21 हजार रूपए राशी प्रदान की गई। वहीं जंबूरी मैदान पर भी सर्वजातीय विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कई जोड़ों का विवाह संपन्न कराया।

### परशुराम जयंती पर प्रोग्रेसिव ब्राह्मण फेडरेशन ऑफ इंडिया का पोस्टर लांच

श्री 360 गोत्रिय खटीक समाज सकल मंच भोपाल द्वारा आयोजित 32वें सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें करीब 14 से अधिक जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे। भगवान परशुराम जयंती पर परशुराम मंदिर परिसर में प्रोग्रेसिव ब्राह्मण फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संगठन का आधिकारिक पोस्टर लॉन्च किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, युवा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

**खबर संक्षेप**

### सतर्कता पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

**भोपाल।** बीएमएचआरसी में सोमवार को सतर्कता संबंधी विषयों पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें आईसीएमआर के सभी 27 संस्थानों से आए सतर्कता अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सतर्कता आयोग के निदेशक डॉ. पीके मोहंती रहे। उन्होंने सतर्कता से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे भ्रष्टाचार निवारण, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संस्थागत ईमानदारी पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### निगम अमले ने 125 पानी के सैंपल लिए

**भोपाल।** नगर निगम के जल कार्य विभाग के अमले ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 125 पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। इसके अलावा 51 स्थानों पर पाइप लाइनों में लीकेज सुधारे चार शिकायतों का निराकरण किया। निगम अमला अब तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 7920 स्थानों सहित शहर शहरभर से 17215 पानी के सैंपल की जांच करवा चुका है। जबकि 4275 लीकेज सुधारे गए हैं।

---

**शाहपुरा, न्यू मार्केट, चूना भट्टी, होशंगाबाद रोड, भेल क्षेत्र में ज्यादा फोकस**

# पॉश इलाकों की सड़कों पर घूम रहे अधिकारी पुराने शहर के अंदरुनी इलाकों में कचरे के ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 की तैयारियों को लेकर शहर की सड़कों पर रोज निरीक्षण करने निकल रहे अधिकारी केवल वीआईपी इलाकों की ही विजिट कर रहे हैं। बीते चार दिनों में नोडल अधिकारी शाहपुरा, न्यू मार्केट, चार इमली, होशंगाबाद रोड, भेल क्षेत्र सहित वीआईपी इलाकों में अधिक घूमे, जहां सफाई व्यवस्था पहले से ही मजबूत है, लेकिन पुराने शहर के घनी आबादी वाले अंदरुनी इलाके अधिकारियों की पहुंच से बाहर हैं। संबंधित जोन के एएचओ भी उन्हें अंदरुनी मोहल्लों की विजिट नहीं करवा रहे हैं।

शाहपुरा, न्यू मार्केट, चूना भट्टी, होशंगाबाद रोड और भेल क्षेत्र जैसे पॉश इलाकों में अधिकारी सक्रिय रूप से निरीक्षण कर रहे हैं। यहां सड़कों की नियमित सफाई, डस्टबिन की उपलब्धता और कचरा उठाने की व्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर दिखाई दे रही है। वहीं दूसरी ओर बरखेड़ी, अहाता कल्लाशाह, जहांगीराबाद, काजीकैंप और करोंद जैसे पुराने शहर के अंदरूनी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था लचर बनी हुई है। इन क्षेत्रों में कई जगह कचरे के ढेर पड़े हैं, नियमित कचरा उठाव नहीं हो रहा और नालियां भी जाम हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन इलाकों में न तो अधिकारी पहुंच रहे हैं और न ही सफाई पर पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है।

**बरखेड़ी, अहाता कल्लाशाह, जहांगीराबाद, काजीकैंप, करोंद के अंदरुनी इलाकों में सफाई में लापरवाही**

**100 से ज्यादा नोडल अधिकारियों को दी गई रोज सुबह 6 से 9 बजे तक व्यवस्था देखने की जिम्मेदारी**

**स्वच्छता सर्वेक्षण-2026**




साइकिल रिक्शे से कचरा डंप किया जा रहा।

**वार्डों का कचरा रिहायशी क्षेत्र में किया जा रहा डंप**

जहांगीराबाद के वार्ड नंबर-35 और 41 में आने वाले अहाता कल्लाशाह मोहल्ले में दो वार्डों का कचरा साइकिल रिक्शे से खाली जगह पर डंप किया जा रहा है। यहां कचरा अक्सर रोड पर बिखरा रहता है और लोग गंदगी के बीच आवाजाही करते हैं। जबकि निगम प्रशासन ने डंपिंग यार्ड बन कर दिए हैं।

### मौके पर नहीं पहुंच रहे 50 फीसदी अधिकारी

निगम प्रशासन को यह शिकायत मिल रही है कि 50 फीसदी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सुबह भ्रमण करने नहीं पहुंच रहे हैं। पुराने शहर के करोंद से लगी कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था को लेकर लोग परेशान हैं। जगह-जगह कचरे के ढेर, सीवेज चौक होने जैसी समस्याएं हैं।


### निगम का तर्क- जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होगी

निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि पूरे शहर में सफाई नियमित चल रही है। अगर कहीं लापरवाही मिली तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करेंगे। जो नोडल अधिकारी फील्ड में नहीं जा रहे हैं उन पर भी कार्रवाई होगी। ऐसे अधिकारियों की सूची बनाई जा रही है।

---

**समझाइश के बाद भी नहीं मान रहे किसान**

# सौ से ज्यादा खेतों में जलाई जा रही नरवाई, जुर्माने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गेहूं की फसल कटने के बाद खेतों में आग लगाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। किसानों द्वारा खेतों में नरवाई जलाई जा रही है, जिसकी शिकायतें, वीडियो और फोटो के साथ ढेरों शिकायतें जिला प्रशासन के अफसरों को मिल रही हैं। ऐसे में हुजूर और बैरसिया तहसील में 100 से अधिक खेतों में नरवाई जलाने की जानकारी मिली है, जिसके आधार पर एसडीएम ने पटवारियों से रिपोर्ट मांगी है, जिसके आधार पर किसानों पर जुर्माना लगाने की तैयारी की जा रही है।

तत्कालीन कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नरवाई जलाने पर तीन महीने यानी जून 2026 तक प्रतिबंध लगाया है। इस आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया था कि नरवाई जलाने वाले किसानों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के साथ ही ढाई हजार से लेकर 15 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जाए। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि पटवारियों से नरवाई जलाने वाले खेतों का रिकॉर्ड मांगा गया है, जिसके आधार पर इन किसानों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### कृषि विभाग देगा सैटेलाइट तस्वीर

एसडीएम ने कृषि विभाग की डिप्टी डायरेक्टर कृषि सुमन प्रसाद से नरवाई जलाने वाले खेतों की सटेलाइट तस्वीरें मांगी हैं। जिन्हें रिकॉर्ड में रखा जाएगा। इन खेतों का खसरा से रिकॉर्ड जुटाया जाएगा और यदि किसान ने खेती की है या फिर बटाईदार ने गेहूं की फसल लगाई है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### यहां जलाई जा रही नरवाई

हुजूर और बैरसिया क्षेत्र के सूखी सेवनिया, चौपड़ा, ईंटखेड़ी, मुगालिया कोट, सेमरा, इमलिया, श्यामपुर, देवलखेड़ी, पुरामनभावन, जगदीशपुर, अरवलिया, परवलिया, अचारपुरा, डोबरा, मुबारकपुर, परेवाखेड़ा,गोलखेड़ी, ढुपाड़िया, गुनगा, रतुआ, रूनाहा, भानपुर, रातीबड़, नीलबड़, परवलिया सड़क, लहारपुर-बरखेड़ा पठानी सहित क्षेत्रों में नरवाई जलाई जा रही है।

---

## जेईई मेन 2026 का परिणाम जारी, शहर के बच्चों ने लहराया परचम, परिवार के साथ शहर का भी नाम किया रोशन

**जेईई मेन में शहर में दूसरा स्थान रखने वाले यश वर्मा रहे, यश वर्मा का 99.973 परसेंटाइल रहा, ऑल इंडिया रैंक 527 रहीं**

# ऑल इंडिया रैंक 466 लाकर भोपाल के श्रेयांश बने सिटी टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन 2026 सत्र-2 का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया है। इस बार भोपाल से श्रेयांश जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिटी टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। श्रेयांश जैन ने ऑल इंडिया रैंक 466 प्राप्त की है और उनका परसेंटाइल 99.975 रहा। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल परिवार बल्कि शहर का भी नाम रोशन हुआ है।

### स्मार्टफोन भी नहीं, नोट्स के लिए मां का फोन किया उपयोग



परिजनों संग श्रेयांश जैन।

99.9757 परसेंटाइल एवं ऑल इंडिया रैंक 466 लाने वाले सिटी टॉपर श्रेयांश जैन ने कहा कि मैंने 11वीं क्लास से ही जेईई की तैयारी स्टार्ट की थी और जिसमें मैं रोजाना 10 से 12 घंटे कंसिस्टेंसी और फुल फोकस के साथ पढ़ाई करता था, यहां तक की मेरे पास स्मार्टफोन भी नहीं था, नोट्स के लिए या हमारे व्हाट्सएप ग्रुप को देखने के लिए मैं अपनी मां का फोन उसे करता था। श्रेयांश कहते हैं कि यदि आप फोकस रहेंगे, तो अपने टारगेट को अचीव करने से आपको कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मुझे नॉलेजऐबल नोबेल पढ़ने का शौक है, और साथ ही पहले में क्रिकेट खेलता था लेकिन जब से प्रिपरेशन स्टार्ट की है मैंने क्रिकेट भी छोड़ दिया है। श्रेयांश के पिता बैंकर है और माता हाउसवाइफ हैं।

### यश वर्मा दूसरे सिटी टॉपर



जेईई मेन में शहर में दूसरा स्थान रखने वाले यश वर्मा रहे, यश वर्मा का 99.973 परसेंटाइल रहा। उनकी ऑल इंडिया रैंक 527 रहीं।

### अपनी बहन के साथ मस्ती मजाक करके करता था टाइम पास



परिजनों संग अंश गोयल।

ऑल इंडिया रैंक 1256 एवं 99.926 परसेंटाइल लाने वाले अंश गोयल ने कहा कि मुझे पढ़ते पढ़ते करीब 11 से 12 घंटे हो जाते थे, जिसमें मेरा पूरा फोकस मेरी पढ़ाई पर होता था। जब टाइम पास करना हो तो अपनी बहन के साथ मस्ती मजाक कर लिया करता था, तो काफी अच्छा लगता था। तनिष्क शुक्ला ने कहा कि मेरे पापा भेल में कार्यरत है तो वही मम्मी हाउसवाइफ है, मेरे पास खुद का फोन नहीं है काम होता था तो मम्मी का ही फोन यूस करता था। अंश ने कहा कि मेरे फैमिली में बहुत सारे आईआईटियन और इंजीनियर है तो मुझे शुरू से ही क्रेज था कि मुझे इसी फील्ड में जाना है।

### कभी भी घंटे देखकर नहीं पढ़ा टारगेट पूरा होने तक पढ़ा



परिजनों संग तनिष्क शुक्ला।

99.91 परसेंटाइल के साथ ऑल इंडिया रैंक 1471 लाने वाले तनिष्क शुक्ला ने कहा कि मैं रेगुलरली पढ़ाई करता था, कभी भी मैंने गैप नहीं किया है और कभी भी घंटे देखकर नहीं पढ़ा, हमेशा अपने टारगेट लेकर चला हूं फिर उसे पूरा करने में 12 घंटे ही क्यों न लग जाए, कंप्लीट करता था। इसके अलावा में टाइम पास के लिए अपने छोटी बहन तन्वी के साथ काफी हंसी मजाक कर लेता था, जिससे मुझे काफी रिलेक्स मिलता था। उन्होंने कहा कि मैं 9 वीं क्लास से ही प्रिपरेशन स्टार्ट करती थी, ताकि मैं एक आइटियन बन पाऊं।

### कोचिंग के सभी टॉपिक सेम डे करता कंप्लीट



परिजनों संग तनिष्क सिंहल।

एआईआर 1284 और 99.925 परसेंटाइल लाने वाले तनिष्क सिंहल ने कहा कि मैंने कोई खास स्ट्रेटजी को लेकर पढ़ाई नहीं की। बस रोज का टारगेट फिक्स करता था और उस अनुसार पढ़ता था, उसमें कितना भी वक्त लगे। कोचिंग के बाद जब तक उस दिन के सभी टॉपिक्स नहीं पढ़ लेता, तब तक पढ़ाई करता रहता था। रोज एक मॉक टेस्ट दिया। मेरा मानना है कि नियमित पढ़ाई आपको सफलता दिलाती है, इसलिए जेईई की तैयारी करते समय कंसिस्टेंसी बनाए रखें। मैं कंप्यूटर साइंस से आईआईटी करना चाहता हूं।

सांसद, विधायक, पार्षद निधि से बने प्याऊ का हाल ये...कहीं टोटियां गायब, कहीं पड़ा है कचरा

# शहर में मृग मरीचिका बने प्याऊ... दिखाई देते हैं, लेकिन ज्यादातर में पानी नहीं, जहां उपलब्ध है, वहां गाद-गंदगी के बीच पानी पी रहे लोग



भारत टॉकीज रोड पर सूखा और बदहाल प्याऊ।

- बीते दस साल में बने 20 से ज्यादा नए प्याऊ अब हो रहे बदहाल
- देखरेख और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की
- निगम के टैंकरों से भरा जाता है पानी



हमीदिया अस्पताल के पास सूखा प्याऊ



प्याऊ में पड़ा कचरा।

रियलिटी चैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी के बीच शहर में आम लोगों को पीने का पानी मुहैया करवाने के लिए सांसद, विधायक और पार्षद निधि से प्याऊ तो बनवाए गए, लेकिन इन दिनों यह बदहाली से घिरे हैं। कहीं ये शो-पीस बने हुए हैं तो कहीं टोटी गायब है। जहां पानी है भी तो आसपास गाद और गंदगी जमा है। ऐसे में इन स्थानों से पानी पीना सेहत के लिए भी खतरनाक हो सकता है। जबकि इनकी देखरेख और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी मौजूदा जनप्रतिनिधियों की है।

शहर में पक्के प्याऊ जनप्रतिनिधियों की निधि से दस हजार से बीस हजार रुपए खर्च करके बनवाए गए हैं। हमीदिया अस्पताल के सामने, छावनी, इतवारा, काजीकैंप, करोंद आदि क्षेत्रों में बीते दस साल में 20 से ज्यादा नए प्याऊ बनवाए गए, लेकिन यह अब बदहाल होना शुरू हो गए हैं। करोंद की मंडी परिसर में तो गाद और गंदगी तक जमा है। हालांकि अब पक्के प्याऊ का चलन बंद हो गया। अब गर्मी में नगर निगम सार्वजनिक स्थलों पर अस्थाई प्याऊ की व्यवस्था करता है, लेकिन जो पक्के बने हैं, उनकी देखरेख की ओर जनप्रतिनिधियों का ही ध्यान नहीं है।

## पुल बोगदा, बरखेड़ी में सुराही, ग्लास और कप हो गए गायब

पुल बोगदा पर सुंदर सुराहीनुमा प्याऊ विकास कार्यों की भेंट चढ़ गया, जबकि बरखेड़ी में ग्लास और कपनुमां पक्का प्याऊ भी टूटकर गायब हो गया। जबकि बीस साल पहले इनके निर्माण के अवसर पर भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

### खराब नल बदलने और सफाई का जिम्मा वार्ड स्तर पर

जिस वार्ड में प्याऊ है, उसके नल बदलने का जिम्मा वार्ड स्तर पर कर्मचारियों का होता है, लेकिन वे देखरेख तक नहीं करते। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी इस तरह की समस्या से वार्ड और जोन के अधिकारियों को अवगत नहीं कराते।

### महापौर का तर्क- अस्थाई प्याऊ के लिए बजट का प्रावधान है

महापौर मालती राय का कहना है कि नगर निगम गर्मी के दिनों में अस्थाई प्याऊ बनवाता है। इसके लिए बजट में राशि का प्रावधान है। जहां पक्के बने हैं और कमियां हैं तो उन्हें भी दूर करवाएंगे। सफाई में जहां भी लापरवाही है तो उसे भी चैक करवाएंगे।



करोंद मंडी स्थित काई और गंदगी से युक्त प्याऊ से लोग पानी पीने को मजबूर हैं।

## खबर संक्षेप



### जनगणना-2027- महापौर व परिषद अध्यक्ष ने भरे स्व-गणना फार्म

**भोपाल।** महापौर मालती राय एवं निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सोमवार को ऑनलाइन स्व-गणना फार्म भरे। इस दौरान उन्होंने सभी शहरवासियों के आनलाइन स्व-गणना फार्म भरवाने की अपील की है। जनगणना कार्य में लगे कर्मचारी महापौर मालती राय एवं निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के निवास स्थान पर पहुंचे और पोर्टल पर पंजीयन के संबंध में जानकारी दी।

### दंपती में कहासुनी, दरवाजा बंद कर ट्रेन से कटकर दी महिला ने जान

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित खेड़ियाई टपरा गांव में दंपती में हुई कहासुनी के बाद महिला बाहर से दरवाजा बंद कर चली गई। सुबह उसकी लाश सूखीसेवनिया रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर ट्रैक पर क्षत विक्षत अवस्था में पड़ी मिली। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सुनीता राय पति संजू राय (40) खेड़ियाई टपरा, सूखीसेवनिया में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति संजू मजदूरी करता है। सुनीता और संजू में आए दिन विवाद होता रहता था। रविवार रात भी दोनों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सुनीता घर का दरवाजा बाहर से बंद कर चली गई थी।

फिनिक्स गैस एजेंसी में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियां

# सुरक्षा जांच के नाम पर वसूले 236 रुपए घर पर सिलेंडर चैक करने कोई नहीं आया

फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रिटायर सहायक आपूर्ति अधिकारी बीपी शर्मा की फिनिक्स एचपीसीएल गैस एजेंसी में लगातार गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। गैस कंपनी को दो ट्रक सिलेंडरों का ऑनलाइन रिकार्ड पेश नहीं करने पर कंपनी ने सप्लाई रोक दी थी। इसके साथ एजेंसी के गोदाम में सात सौ घरेलू और कमर्शियल सिलेंडरों के स्टॉक में भी हेरफेर मिली है।

इसके साथ एजेंसी संचालक ने गैस सिलेंडरों की किल्लत को देखते हुए आपदा में अवसर तलाशकर उपभोक्ताओं की सुरक्षा जांच के लिए 236 रुपए की रसीद काटने के बाद ही सिलेंडर दिए हैं। जबकि इन उपभोक्ताओं के घर के किचन में रखे सिलेंडरों की सुरक्षा जांच तक नहीं की गई है। एजेंसी में बड़े पैमाने पर ऐसे उपभोक्ता भी मिले हैं, जिनको डिलीवर्ड मैसेज भेज दिए गए, लेकिन उन्हें सिलेंडर नहीं दिए गए। एजेंसी में मिली गड़बड़ियों की रिपोर्ट मंगलवार को खाद्य विभाग कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को पेश करेगा, जिसके आधार पर एजेंसी संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।



फिनिक्स गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर के इंतजार में बैठे उपभोक्ता।

- जांच टीम ने बिना जांच के लिए रसीद काटने पर ली आपत्ति
- हजारों उपभोक्ताओं से गैस एजेंसी ने वसूले लाखों रुपए

### मैसेज डिलीवर्ड का, नहीं दिया सिलेंडर

पिछले एक महीने से राजधानी में घरेलू और कामर्शियल सिलेंडरों की किल्लत चल रही है। जिसका फायदा उठाकर गैस एजेंसी संचालक उपभोक्ताओं के साथ ठगी कर रहे हैं। पांच दिन पहले जब जेके रोड स्थित फिनिक्स एचपी गैस पर हंगामा हुआ तो सूचना के बाद खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जहां एक दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके मोबाइल पर डिलीवर्ड मैसेज आ गए हैं, लेकिन सिलेंडर नहीं दिया गया है। जिसके बाद एजेंसी की जांच शुरु की गई। जांच में सिलेंडरों का स्टॉक, डिलीवरी और गैस सप्लाई वाहनों के अनुबंध में गड़बड़ी मिली। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि फिनिक्स और बीएस एचपी गैस एजेंसी की जांच रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। मंगलवार को रिपोर्ट कलेक्टर को पेश की जाएगी।

### बिना रसीद काटे नहीं दिया सिलेंडर

टीम ने जब उपभोक्ताओं के बयान दर्ज किए तो पता चला कि एक उपभोक्ता को सिलेंडर देते समय उससे 236 रुपए क सुरक्षा जांच रसीद कटवाने को कहा गया। उपभोक्ता ने बताया कि उसके पास सिर्फ सिलेंडर खरीदने के लिए पैसे हैं, इस पर उसे सिलेंडर नहीं दिया गया। उपभोक्ता घर वापस जाकर पैसे लाया, इसके बाद सिलेंडर दिया।

### गोदाम से डिलीवरी पर नहीं किए 34 रुपए रिफंड

जांच में यह भी सामने आया है कि एजेंसी संचालक ने आधे से ज्यादा सिलेंडरों की डिलीवरी गोदाम से की है। जबकि इन उपभोक्ताओं को घर पहुंचे सेवा का 34 रुपए रिफंड नहीं किया गया है। ऐसे में संचालक ने गोदाम से सिलेंडर देकर ही लाखों रुपए की कमाई की है। बताया जा रहा है कि इस एजेंसी से 25 हजार उपभोक्ता जुड़े हैं।

### यह भी मिली गड़बड़ियां

टीम को नीलबड़ स्थित एजेंसी के गोदाम में आने वाले ट्रकों की टाइमिंग पर भी संदेह जताया गया है। फिनिक्स और बीएस गैस एजेंसी के गोदाम एक परिसर में होने से दोनों एजेंसियों में सिलेंडरों की अदला-बदली की जाती है।

चार मेट्रो स्टेशनों के नीचे पांच पार्किंग निगम करेगा संचालित

# रंगमहल चौराहे पर पिंक पार्किंग सहित 14 नई पार्किंग होंगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के 14 स्थानों पर जल्द ही सरफेस और प्रीमियम पार्किंग शुरू हो जाएंगी। जबकि रंगमहल चौरहे पर न्यू मार्केट में महिलाओं के लिए पिंक पार्किंग होगी। निगम प्रशासन ने पूर्व में चिन्हित पार्किंग स्थलों के संचालन के लिए टेंडर जारी किए हैं। इसके तहत मेट्रो स्टेशन, व्यस्त बाजार और अस्पतालों के आसपास पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाएगी, जिससे सड़कों पर खड़े वाहनों का दबाव कम होगा।

पार्किंग शुरू होने से सुभाष नगर, एमपी नगर, बिट्टन मार्केट, रॉयल मार्केट और न्यू मार्केट जैसे व्यस्त इलाकों में ट्रैफिक सुचारू रहेगा। अभी इन क्षेत्रों में वाहन सड़क किनारे खड़े होने से जाम की स्थिति बनती है और राहगीरों को परेशानी होती है।



फाइल फोटो

### यहां होंगी प्रीमियम पार्किंग

शहर में दो प्रीमियम पार्किंग के बाद अब निगम दो और प्रीमियम पार्किंग शुरू करने वाला है। एक पार्किंग रंग महल चौराहा कैंपस (न्यू मार्केट क्षेत्र) और दूसरी बोर्ड ऑफिस चौराहा (डीबी मॉल के पास) होगी।

### शहर में यहां बनेंगी 12 सर्फेस पार्किंग

नगर निगम 12 नई सरफेस पार्किंग बनाएगा। इनमें सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन (वायडक्ट के नीचे), सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन गेट नंबर-3, कमला नेहरू स्कूल के सामने, मेट्रो प्लाजा बिट्टन मार्केट, केन्द्रीय विद्यालय मेट्रो स्टेशन गेट नंबर-1, डीआरएम ऑफिस मेट्रो स्टेशन, अलकापुरी मेट्रो स्टेशन, एमपी नगर जोन-2 (रेलवे ट्रैक रोड), चिरायु अस्पताल के पीछे, रॉयल मार्केट से मोतिया तालाब मार्ग, मनीषा मार्केट से शैतान सिंह चौराहा (बस स्टॉप तक), चरक हॉस्पिटल के सामने की पार्किंग शामिल है।

# वन विहार में अगले माह से फिर शुरू हो सकती है नाइट सफारी, रात में 13 किमी घूम सकेंगे पर्यटक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन विहार नाइट सफारी शुरू होने को लेकर इंतजार कर रहे पर्यटकों अगले माह मई से यह सुविधा मिल सकती है। वन विहार में सैलानियों के लिए यह यात्रा 13 किमी की होगी। उल्लेखनीय है कि वन विहार में सैलानियों के लिए तीन साल पहले नाइट सफारी शुरू की गई थी, जिसे बीच में बंद कर दिया गया था। विहार के उप संचालक वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि नाइट सफारी शुरू किए जाने को लेकर पर्यटकों द्वारा आवेदन दिए जा रहे है। इसके बाद प्रबंधन ने प्रस्ताव बनाकर आला-अधिकारियों को भेजा है। जहां से मंजूरी मिलते ही जल्द ही वन विहार में एक बार फिर नाइट सफारी शुरू की जाएगी।

### गोल्फ कार्ट की संख्या भी 55 की जाएगी

वन विहार में गोल्फ कार्ट की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। प्रबंधन के मुताबिक दो माह बाद पांच गोल्फ कार्ट बढ़ जाएंगे। इस प्रकार वन विहार में कार्ट की संख्या बढ़ाकर 55 की जाएगी। इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

### 50 मिनट की कराई जाएगी सैर

नाइट सफारी दो नंबर गेट से शरू होगी। इस दौरान पर्यटक फ्री रेंज में घूम रहे शाकाहारी वन्य प्राणियों को देखते हुए गेट नंबर एक तक पहुंचेंगे। उसके बाद 4 किमी का रास्ता पार करते हुए डिस्प्ले बाड़ों के सामने से होते हुए गेट नंबर दो तक पहुंचेंगे। यह पूरा सफर 13 किमी के ट्रैक होगा। इस दौरान तक 50 मिनट की सैर कराई जाएगी।

#### नाइट सफारी के यह रहेगा संभवता टिकट

- 16 साल से ज्यादा उम्र वालों के लिए: 200 रुपए
- 5 से 16 साल तक के बच्चों के लिए: 100 रुपए
- 5 से कम उम्र वाले बच्चों के लिए: निःशुल्क

पूर्वी मध्य प्रदेश में तापमान में तेजी से गिरावट रही भोपाल में दो डिग्री गिरकर 40 के नीचे पहुंचा

# बादल-बारिश से पारा 6 डिग्री तक गिरा, लू से राहत, तेज गर्मी बरकरार, आज ओले गिरेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों में बादल और कुछ हिस्सों में बारिश से दिन के तापमान में कमी रही। पूर्वी मप्र में पारा तेजी से गिरा। यहां बारिश के बाद सर्वाधिक कमी मंडला में 6.4 डिग्री की रही।

भोपाल में 2 डिग्री गिरकर 39.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। सोमवार को बदले मौसम के बीच प्रदेशभर में लू से राहत रही। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा। मंगलवार तक बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा आदि जिलों में आंधी-बारिश के साथ ओले गिरेंगे।

आज बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा आदि जिलों में आंधी-बारिश के साथ ओले गिरेंगे

### अभी डब्ल्यूडी और सकुर्लेशन का असर

विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ जम्मू कश्मीर के ऊपर है। राजस्थान के ऊपर एक सकुर्लेशन है, जबकि एक ट्रफ बिहार से पश्चिमी मध्य प्रदेश तक बनी है। यह झारखंड और छत्तीसगढ़ से होकर निकल रही है, जिससे प्रदेश में अभी मौसम बदला हुआ है। यह क्रम मंगलवार को भी रहेगा।

## भोपाल रेलवे स्टेशन पर साढ़े तीन बजे जनरेटर कार में लगी आग से मचा हड़कंप

ट्रेन में नया जनरेटर कार लगाकर 6.17 बजे किया रवाना

# भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस का जनरेटर कार स्टार्ट करते ही स्टेशन धुआं-धुआं, यात्रियों की फूली सांसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब भोपाल से जोधपुर जाने वाली भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस की जनरेटर कार से अचानक धुआं उठने लगा। घटना प्लेटफॉर्म नंबर-6 पर हुई। लेकिन धुएं का असर इतना ज्यादा था कि प्लेटफॉर्म नंबर-1 तक इसका गुबार पहुंच गया। इससे अन्य प्लेटफॉर्म पर बैठे यात्रियों को भी सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ा।

जानकारी के मुताबिक जनरेटर कार से अचानक तेज धुआं और हल्की आग की लपटें दिखाई दीं। देखते ही देखते पूरा स्टेशन धुआं-धुआं हो गया। हालांकि रेलवे स्टाफ और इंजीनियरिंग टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### अन्य प्लेटफॉर्म तक फैला धुआं



भोपाल रेलवे स्टेशन पर फैला धुआं।

ट्रेन के जनरेटर कार से जो धुआं निकलना शुरू हुआ तो देखते ही देखते एक नंबर से लेकर 6 नंबर तक सभी प्लेटफार्मों में धुआं- धुआं फैल गया। जिससे अन्य प्लेटफार्म पर बैठे यात्रियों को भी परेशानी हुई। कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि स्थिति जल्द सामान्य कर ली गई।

### फायर बूस्टर की मदद से आग पर काबू पाया

ट्रेन में धुआं उठने का समय साढ़े तीन बजे था, जबकि गाड़ी 4.40 भोपाल स्टेशन से निकलती है। इसलिए उस समय तक गाड़ी में यात्री सवार नही थे, रेलवे अधिकारियों के मुताबिक किसी प्रकार की जन धन की हानि नहीं हुई है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही स्टेशन पर धुआं देखा गया तुरंत फायर टीम ने जनरेटर कार पर जाकर फायर बूस्टर की मदद से आग पर काबू पाया गया।

### नया जनरेटर कार लगाकर गाड़ी को किया रवाना

अधिकारियों के मुताबिक, आग को फायर बूस्टर की मदद से तुरंत काबू में कर लिया गया। इसके बाद एहतियातन जनरेटर कार को अलग कर दिया गया। गाड़ी में नया जनरेटर कार लगाकर गाड़ी को 6.17 में भोपाल से रवाना किया गया।



ट्रेन के जनरेटर कार में लगी आग की लपट।

### किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है, जांच चल रही है

ट्रेन को प्लेटफार्म पर शिफ्ट करने के दौरान पावर ऑन किया गया था, तभी जनरेटर कार से धुआं निकलने लगा। फायर बूस्टर की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। ट्रेन में वैकल्पिक जनरेटर कार लगाकर रवाना किया गया। जनरेटर कार में हुई इस घटना की तकनीकी जांच की जा रही है।

**नवल अग्रवाल**, एसीएम व जनसंपर्क अधिकारी भोपाल रेल मंडल

**खबर संक्षेप**




## सेवा सदन नेत्र हॉस्पिटल में 30 अपैल तक निःशुल्क ओपीडी

**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में 21 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सभी सामान्य नेत्र रोगियों को दृष्टि अथवा नेत्र रोग जांच के लिए ओपीडी शुल्क नहीं देना पड़ेगा। आसाराम बापू चौराहा, एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर पर नवनिर्मित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय सोमवार से शनिवार तक प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक मरीजों के लिए खुला रहता है। अस्पताल में रविवार के दिन प्रातः 10 से शाम 4:30 बजे तक नेत्र सुरक्षा सेवाएं सुलभ रहती हैं। इस योजना का लाभ उठाने के लिए इच्छुक नेत्र रोगी अपना आधार कार्ड लेकर जरूर आएं।

## छात्रा का पीछा कर परेशान कर रहा था पड़ोसी, मामला दर्ज

**भोपाल।** शाहपुरा पुलिस ने दसवीं कक्षा की छात्रा की शिकायत पर पैतृक गांव में रहने वाले पड़ोसी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी बीते पांच माह से पीछा कर छात्रा को परेशान कर रहा था। मोबाइल पर कॉल कर जबरन बात करने की धमकी दे रहा था। इतना ही नहीं, आरोपी रेहटी तहसील से भोपाल आकर भी छात्रा को धमकी देकर परेशान कर रहा था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## गैस सिलेंडर के लिए घंटों धूम में खड़े रहने के बाद भी लौट रहे खाली हाथ



**औबेदुल्लागंज।** गैस सिलेंडरों को लेकर नागरिकों में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है। 30 से 35 दिनों के बाद बुकिंग करने के बाद भी 10 से 15 दिनों बाद उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर मिल रहा है, जिससे लोगों में रोष है। वहीं गैस सिलेंडर लेने के लिए लोग तेज धूप में एजेंसियों के सामने घंटों लाइन में लगे रहते हैं। उसके बाद भी उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिलता है, कई लोग निराश होकर खाली हाथ लौट जाते हैं। नगर के वरिष्ठ गिरीश चावला ने बताया कि गैस सिलेंडर के लिए लोग अपना कामकाज छोड़कर गैस एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। वहीं शासन प्रशासन कह रहा है कि गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है, फिर भी लोग गैस सिलेंडर लेने के लिए परेशान हो रहे हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 0538 | | |
| दिनः | 348 | 53 | 148 |
| रातः | 357 | 52 | 589 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 700 | 72 | 237 |
| रातः | 780 | 51 | 470 |

### श्री नागर धाकड़ समाज का 39वां विशाल आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन धूमधाम से आयोजित


# सामूहिक विवाह सम्मेलनः हजारों लोगों की उपस्थिति में 26 जोड़ों ने लिए फेरे, जीवन भर साथ रहने की खाईं कसमें

*सामूहिक विवाह समाज में समरसता और अपनत्व की भावना बढ़ाते हैंः पूर्व मंत्री पटेल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्री नागर धाकड़ समाज का 39वां विशाल आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में 26 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ। धाकड़ नागर विशाल सम्मेलन में हजारों लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल ने कहा कि सामूहिक विवाह समाज में समरसता और अपनात्व की भावना बढ़ाते हैं। पटेल ने कहा कि वैवाहिक संस्कार एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि संस्कारों की स्थापना है। धाकड़ नागर सम्मेलन में हाई कोर्ट के वकील विजय धाकड़ ने कहां की विवाह संस्कार जितना सरल संस्कृरित और सामाजिक सहयोग से होगा, उतना ही समाज संतुलित और मजबूत होगा। आदर्श सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष संजीव नागर और परेश नागर ने एवं समाज अध्यक्ष चंद्रसिंह नागर, गौरी शंकर नागर, रजनीश पटेल, कुंवर सिंह, रवि नागर, डॉ. भूपेंद्र नागर, डॉ राजेंद्र नागर, नरेंद्र नागर, डॉ. माखन नागर, डॉ. नंदू नागर, पूर्व अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, कैलाश डब्बू नागर, राजेश राजू भाई पटेल, बद्री सिंह नागर आदि ने वर-वधू को शुभकामनाएं दी। सामूहिक विवाह के अध्यक्ष संजीव नागर ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन में 26 जोड़ों ने सात फेरे लिए और एक दूसरे के जीवन साथी बने।


श्री नागर धाकड़ समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर-वधू के साथ उनके परिजनों की भीड़।


सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर-वधू को उपहार देते हुए।

**सम्मेलन से सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मिलती है मजबूती**

सामूहिक विवाह के माध्यम से सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मजबूती मिलती है। इस अवसर पर औबेदुल्लागंज के व्यापार महासंघ के सदस्यों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन की प्रशंसा की। भाजपा के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश शर्मा ने भी वर वधुओं को उपहार दिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने वर-वधुओं का स्वागत किया एवं सम्मान किया। दिनेश नागर, अनिल नागर, विनोद नागर, राजेश नागर, शिवकुमार नागर, जसवंत नागर, विवेक नागर, तिलक नागर सहित अन्य समाजिक लोगों ने धाकड़ नगर सामाजिक सम्मेलन में मांगलिक भवन निर्माण एवं छात्रावास एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दान दिए। सामूहिक विवाह आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री ने विधि विधान से विवाह संपन्न कराया। धाकड़ सामूहिक विवाह में नगर के कई गण मान्य नागरिक शामिल हुए, जिसमें जयप्रकाश शर्मा, हरजीत सिंह मंगू, विनोद इरपाचे, सुरजीत सिंह बिल्ले, पवित्र कौर, जगदीश चंदानी, प्रदीप अरोड़ा, बल्लू अरोड़ा, रमेश वासवानी, रतन मेघानी, विक्रम धाड़ी, आशीष दीक्षित आदि लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष संजीव नागर तामोट ने सभी का आभार व्यक्त किया।


सम्मेलन में आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए।


सम्मेलन में आए हुए अतिथि का स्वागत करते डॉ. नागर।


नव दंपति को उपहार देते डॉ. नागर और अन्य।

### विधायक पटवा ने दी नव दंपति जोड़ों को शुभकामनाएं



आज विधायक सुरेंद्र पटवा ने औबेदुल्लागंज में आयोजित धाकड़ (नागर) समाज के आदर्श विवाह सम्मेलन में नव दंपति जोड़ों को जीवन की नई शुरुआत करने पर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आप सभी का जीवन प्रेम, विश्वास और समृद्धि से परिपूर्ण हो। इस पुनीत एवं अनुकरणीय आयोजन को सफल बनाने वाले समाज के सभी आयोजकों को इस श्रेष्ठ कार्य हेतु सहृदय धन्यवाद एवं अभिनंदन।

# मंडीदीप सहित आसपास के क्षेत्रों में करीब 300 से अधिक जोड़े विवाह बंधन में बंधे

## गार्डन, शादी घर समेत नगर के बड़े होटल फुल, बाजारों में रही भीड़, 2 करोड़ से अधिक की हुई खरीदारी


सम्मेलन में वरमाला पहनाते वर-वधू।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप में अक्षय तृतीया पर सोमवार को नगर और आस पास के गांव समेत करीब 300 से अधिक शादी हुई, जिसमें नवयुगल जोड़े पवित्र रिश्ते में बंधे और एक दूसरे के साथ रहकर सुख-दुख बांटने की कसमें खाईं। नगर के आस-पास कई जगह सामूहिक विवाह समारोह भी सम्पन्न हुए, जिसमें भोजपुर मंदिर, ग्रामीण पोलाह में लोधा लोधी समाज का सामूहिक 7 जोड़ों की शादी हुई। वहीं पूरे नगर में भगवान परशुराम की जयंती का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पंडित समाज के लोग इसमें शामिल हुए।


बारात के स्वागत के लिए खड़े लोग।


सम्मेलन में विवाह की रस्म अदा करते हुए।

***नगर में दिन भर जाम की स्थिति बनी***

*नगर के सभी शादी हॉल, होटल एवं गार्डन बुक रहे। अलग-अलग जगहों पर लोगों ने शादी समारोह संपन्न हुआ। उसी क्रम में लोग विवाह के लिए जमकर खरीदारी भी की। अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में शादी होने के कारण नगर में दिन भर जाम की स्थिति बनी रही।*

***दुकानों में रही भीड़, लोगों ने जमकर की खरीदारी***

*अक्षय तृतीया के अवसर पर नगर में सोने चांदी की दुकानों में भीड़ देखी गई। अनुमान लगाया गया है कि करीब 2 करोड़ से अधिक की खरीदार की गई, जिसमें दहेज का सामान और घरेलू सामान भी शामिल है।*

### बिना इंडिकेटर जलाए सड़क किनारे खड़ा कर दिया था डंपर

# इंदौर से रीवा जा रहा बाइक सवार बैरसिया में अंधेरे में खड़े डंपर से टकराया, मौत

**अंधेरा होने के कारण** बाइक सवार को नहीं दिखा डंपर, पीछे से जा टकराया


*डंपर के पिछले हिस्से में टकराने से सिर में थी गंभीर चोट*

*730 किमी का सफर बाइक से तय कर युवक जा रहा था रीवा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित वाइन शॉप के पास रविवार रात बाइक सवार युवक सड़क पर खड़े खराब डंपर में जा घुसा। इस हादसे में उसे मुंह और सिर में गंभीर चोट आई थी। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय वह इंदौर से नौकरी छोड़कर बैग लेकर बाइक से रीवा जाने के लिए निकला था, तभी बैरसिया में सड़क पर खड़े खराब डंपर से टकरा गया।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मनोज पटेल (42) मूलतः रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान का था। मनोज पटेल इंदौर में प्राइवेट नौकरी करता था। कंपनी में किसी बात को लेकर उसका विवाद हो गया और वह नौकरी छोड़ने के बाद बाइक लेकर रीवा के लिए निकला गया। नौकरी छोड़ने के कारण उसे बाइक और सामान लेकर 730 किलोमीटर का सफर तय करना था। रविवार शाम वह इंदौर से निकला था और



रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास बैरसिया पहुंचा। बैरसिया में विदेशी शराब की दुकान के पास मुख्य सड़क किनारे डंपर खड़ा था। डंपर खराब था और चालक ने उसे बिना इंडीकेटर चलाए सड़क किनारे खड़ा कर दिया। अंधेरा होने के कारण मनोज को डंपर नजर नहीं आया। वह सीधे बाइक लेकर डंपर के पिछले हिस्से में टकरा गया। डंपर की बॉडी में मुंह और सिर टकराने के कारण मनोज को गंभीर चोट आई थी। स्थानीय लोग जब तक उसे अस्पताल पहुंचाते, तब तक खून अधिक बहने से उसकी मौत हो चुकी थी।

### बाइक डिवाइडर से टकराई, एसएएफ जवान के बेटे की मौत

*जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित शासकीय पशु चिकित्सालय के पास बाइक डिवाइडर से टकराने के कारण एसएएफ जवान के बेटे की मौत हो गई। हादसे के समय वह अपने अन्य दोस्तों के साथ बाइक से घूमने निकला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार संदीप सिंह तोमर पिता विजय बहादुर सिंह तोमर (18) दूध डेयरी वाली लाइन जहांगीराबाद में रहता था। मूलतः रीवा जिला का रहने वाला संदीप सिंह प्राइवेट स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ता था। उसके पिता एसएएफ में नौकरी करते हैं। शनिवार सुबह वह अपने दोस्तों के साथ बाइक लेकर घर से एमपी नगर जाने के लिए निकला था। वह बाइक पर अकेला था, जबकि दूसरी बाइक पर उसके दोस्त थे। सभी लोग पशु चिकित्सालय की तरफ से घर लौट रहे थे। इसी बीच सुबह 7 बजे अस्पताल के पास अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसे गंभीर चोट आई थी। संदीप को घायल अवस्था में इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया था। परिजन शव लेकर अपने रीवा स्थित पैतृक गांव पहुंचे, वहां संदीप का अंतिम संस्कार किया गया।*

## जिलाबदर का उल्लंघन कर रहा बदमाश गिरफ्तार, छुरी बरामद

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद पुलिस ने जिलाबदर का उल्लंघन कर इलाके में घूम रहे बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से छुरी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और रासुका की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार हनीफ उर्फ छोटा बाबू पिता छोटे खान (40) फिटनेस सेंटर के सामने मदर इंडिया कॉलोनी, शाहजहांनाबाद में रहता है। उसके खिलाफ 27 गंभीर प्रकरण दर्ज है। लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। उसे जिले और जिले की सीमा से जुड़े जिलों से छह महीने तक दूर रहने की हिदायत दी गई थी। बावजूद इसके आरोपी मदर इंडिया कॉलोनी में रह रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी मदर इंडिया कॉलोनी में है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए बदमाश हनीफ उर्फ छोटा को दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से छुरी भी मिली थी।

### वीडियो बनाकर कर रहा था ब्लैकमेल

## वीडियो कॉल पर आत्महत्या की धमकी देकर घर बुलाया, दुष्कर्म किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में निजी कंपनी के डेटा इंजीनियर द्वारा बीकॉम की पढ़ाई कर रही छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी छात्रा के बड़े भाई का दोस्त है और भाई की शादी में उससे मुलाकात हुई थी। अगस्त 2025 में आरोपी ने वीडियो कॉल कर छात्रा को सुसाइड करने की धमकी देकर अपने घर बुलाया। इस दौरान जबरन दुष्कर्म करने के बाद उसका वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता ने जब उसे इग्नोर करना शुरू कर दिया तो आरोपी उसके घर जा पहुंचा। पुलिस ने रविवार रात प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार निशातपुरा इलाके में रहने वाली 23 साल की युवती बीकॉम अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। साल 2024 में भाई के शादी समारोह में उसकी मुलाकात अशोका गार्डन में रहने वाले आकिब खान (29) से हुई। आकिब डेटा इंजीनियर है और एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। दोनों के बीच पहचान हुई और फिर बाद में मोबाइल पर बातचीत होने लगी। घनिष्ठता बढ़ने पर प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। अगस्त 2025 में किसी बात से नाराज होकर युवती ने आकिब से बात करना बंद कर दी और उसका नंबर भी ब्लॉक लिस्ट में डाल दिया। युवती ने उससे पूरी तरह से दूरी बना ली। इस बात से आकिब गुस्से में आ गया। आकिब ने दूसरे नंबर से युवती को वीडियो कॉल किया। इस दौरान अपने गले में रस्सी डालकर सुसाइड करने की धमकी दी। आरोपी ने धमकी दी कि यदि वह उसके घर नहीं आई तो सुसाइड कर लेगा। डर के कारण युवती आकिब के घर पहुंच गई। आरोपी के परिजन घर पर नहीं थे। सूनेपन का फायदा उठाते हुए आरोपी ने युवती से जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किए और मोबाइल से वीडियो भी बना लिए।

### आरोग्य केन्द्र का दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर

## महिलाओं ने सीखी प्राकृतिक व सुपाच्य आहार बनाने की विधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

आरोग्य केन्द्र द्वारा दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर का आयोजन किया गया हैं, जिसका अनुभव समारोह सिद्धभाऊ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। डॉ. गुलाब राय टेवानी ने बताया कि यह हमारा 169वां शिविर है।

इस शिविर में विभिन्न प्रकार की क्रियाएं की है। आप सभी ने पूरे दिनचर्या में प्रातः जागरण से लेकर रात्रि विश्राम तक आपने योग अभ्यास और यौगिक क्रियांए की है। शिविर में आए लोगों सभी ने सुबह हर्बल टी और इसके बाद डॉक्टरों का अनुभव व्याख्यान सुना और डॉक्टरों से पररमर्श लिया और प्राकृतिक उपचार के बारे में जाना। इसके साथ सभी को उपचार दिया गया, जिससे जल्द से जल्द बीमारियों में आराम मिल सके। शिविर में महिला साधक प्राकृतिक चिकित्सा के साथ-साथ प्राकृतिक व सुपाच्य आहार बनाने की विधि सीखती हैं, जिससे उनके साथ पूरा परिवार भी इस आहार को अपनाकर स्वास्थय जीवन पा सकता है।

### दो सिंधी नाटक का मंचन, वर्तमान समय का समाज को दिखाया आईना

# संत हिरदाराम ऑडिटोरियम में सिंधी नाटक 'किराये जा कांधी' और 'बारनि जा सपना' का मंचन, सिंधी भाषा की बिखेरी मिठास, ठहाकों से गूंजा हॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

वीना कला सेवा समिति द्वारा दो यादगार सिंधी नाटकों का मंचन किया गया। 'किराये जा कांधी' और 'बारनि जा सपना' का मंचन वर्तमान समय का समाज को आईना दिखाया गया। संत हिरदाराम ऑडिटोरियम में आयोजित नाटक न केवल सिंधी भाषा की मिठास बिखेरी, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने को हास्य के साथ पिरोकर दर्शकों को आत्मचिंतन पर भी मजबूर किया।

शाम की शुरुआत इष्टदेवता भगवान झूलेलाल साईं की ज्योत जगाकर किया गया। कार्यक्रम में स्वागत उधद्बोधन वीना कला एवं सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश शेवानी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य महेमान संत सिद्ध भाऊ के द्वारा बताया गया कि अपने घर में बच्चों से सिंधी भाषा में ही बातचीत करें। आज की पीढ़ी की जो नई बहुएं आ रहीं हैं उन्हें बच्चों से सिंधी में ही बातचीत करनी चाहिए। इस अवसर पर समाज सेवी हीरो ज्ञानचंदानी, मनोहर ममतानी, महेश दयारामाणी, कर्नल नारायण पारवानी, माधू चांदवानी, घनश्याम बूलचंदानी, एसी साधवानी, भगवान बाबाणी, राकेश कुकरेजा, नन्द दादलानी, शेट्टी चन्दनानी, वासदेव वाधवानी, महेश खटवानी, कमल विधानी एवं समाज की कई बड़ी हस्तियां उपस्थिति थी।



नाटक का मंचन करते कलाकार।

### संवाद अदायगी से दर्शकों को बांधे रखा

गुल पहलाजणी और मीना पहलाजणी की जुगलबंदी ने मंच पर सहजता बिखेरी, तो वहीं विजय ज्ञानचंदाणी और ज्योति चावला ने अपने संवाद अदायगी से दर्शकों को बांधे रखा। युवा कलाकार राकेश शेवानी, कमलेश नाथाणी, स्वाति केवलानी, और सुरेश चंदानी, तन्मय वासवानी, लालचंद नाथानी, कृतिका, के अभिनय में ऊर्जा दिखी, जबकि भावना जगवाणी, सरिता ख्याणी और कल्पना चंदाणी ने अपनी भूमिकाओं के साथ पूरा न्याय किया। छोटे कलाकारों- तन्मय वासवानी, हिमांशी ठाकुरानी, महक केवलानी, दिव्यांश इसरानी, कृष शेवानी और लक्ष मूलचंदानी, दान्या सिरवानी, मान्या केवलनी, मन्नत तारानी, परि केवलरामानी की उपस्थिति ने नाटक में ताजगी भर दी। कार्यक्रम का संचालन हर्षा मूलचंदनी ने किया।

### रिश्तों की औपचारिकता और दिखावे पर तीखा प्रहार

वरिष्ठ साहित्यकार भगवान बाबाणी द्वारा लिखित नाटक 'किराये जा कांधी' से हुई। यह नाटक समाज की एक कड़वी सच्चाई को हास्य के पुट के साथ पेश करता है, जहां रिश्तों की औपचारिकता और दिखावे पर तीखा प्रहार किया गया है। वहीं, युवा कलमकार राकेश शेवानी के नाटक 'बारनि जा सपना' ने आधुनिक पारिवारिक परिवेश और बच्चों की आकांक्षाओं को बखूबी पर्दे पर उतारा। दोनों नाटकों का निर्देशन अनुभवी रंगकर्मी और सिंधी साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक अशोक बुलाणी ने किया। कलाकारों की टोली ने अपने अभिनय से ऑडिटोरियम को ठहाकों से गुंजायमान कर दिया।

# ये भाषण का विषय नहीं, आक्रोश को देश के सामने लाने का समय

## विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर करेंगे निंदा प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के एमवीएम कॉलेज ग्राउंड से निकली भाजपा की जन आक्रोश महिला पद यात्रा रोशनपुरा चौराहे पर समाप्त हुई। यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल व अन्य नेताओं ने काले गुब्बारे उड़ाकर रैली का समापन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना माताओं के आशीर्वाद कैसे मिल सकता है? ये भाषण का विषय नहीं, हमारे अंदर के आक्रोश को देश के सामने लाने का समय है। अक्षय तृतीया जैसे त्योहार के बावजूद बहनें आक्रोश व्यक्त करने के लिए बड़ी संख्या में यहां आई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी अपने जिले, नगर पालिका, नगर परिषद में भी विरोध वयक्त करेंगे।

बहनों के अधिकार को कुचलने के खिलाफ विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर निंदा प्रस्ताव पारित करेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि बहनों के हक पर डाका डालने के खिलाफ वे भोपाल की सड़कों पर लड़ने आई हैं। हमारा इतिहास है कि बहनों के लिए भाइयों ने हमेशा लड़ाई लड़ी।

राजा राममोहन राय ने सती प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी, डॉ. आंबेडकर ने बहनों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। महात्मा गांधी के बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने उनको सम्मान-अधिकार के लिए जीवन दे दिया। नारी सब भूल सकती है लेकिन अपना अपमान कभी नहीं भूलती। उन्होंने कहा कि संसद में हमारे पास दो तिहाई आंकड़ा भले न हो लेकिन हमारे पास इच्छाशक्ति की कमी नहीं है।



जन आक्रोश महिला पद यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के साथ मंत्री, विधायक, सांसद व भाजपा महिला पदाधिकारी।

◆ जन आक्रोश महिला पदयात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुईं 'महिलाएं', जताया विरोध



जन आक्रोश महिला पद यात्रा के दौरान नारे बुलंद करतीं बड़ी संख्या में महिलाएं।

### महिलाओं के हक पर विपक्ष ने डाला डाका

*भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि माता, बहनों के हक पर जो डाका डाला है, उसकी नजीर विपक्ष ने पेश की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते थे कि देश की बहनों को उनका हक मिले। लेकिन जब फैसला लागू करने का समय आया तो विपक्ष ने इसमें रोड़ा अटकाने का काम किया। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को ग्राम पंचायत, नगरीय निकायों में 50% आरक्षण दिया। वे चाहते थे कि संसद और विधानसभा में भी हमारी 33% बहनें बैठें। इसके लिए हमारी तरफ से सारी तैयारी थी लेकिन हमारी पार्टी और सरकार की सोच पर विपक्ष ने कुठाराघात किया।*



पदयात्रा में शामिल भाजपा के वरिष्ठ नेता-नेत्रियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता।



### प्रदेश सरकार महिला हितैषी

भाजपा नेत्री व सांसद लता वानखेड़े ने कहा- मोहन सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। मैं आज एक महिला के रूप में करोड़ों बहनों की आवाज बनकर खड़ी हूं। आज का दिन महिला अधिकार और सम्मान की लड़ाई का दिन है। ये केवल बिल नहीं बल्कि महिलाओं को पंचायत से पार्लियामेंट तक पहुंचने का दरवाजा था, जिसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने बंद कर दिया।

### एमवीएम कॉलेज मैदान को आधे घंटे में बनाया जीरो वेस्ट



लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल पास नहीं हो पाने के विरोध में बीजेपी द्वारा जन आक्रोश महिला पद यात्रा के लिए कार्यक्रम स्थल एमवीएम मैदान को आधे घंटे में निगम के स्वास्थ्य अमले ने जीरो वेस्ट कार्यक्रम स्थल बना दिया। कार्यक्रम के समाप्त होते ही झाड़ू लगवाई गई और पीने के पानी के लिए रखे गए डिस्पोजल ग्लास हटाए गए। उक्त स्थल पर अधिक वेस्ट मटेरियल नहीं निकला।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय के सामने लगे होर्डिंग को फाड़ा



राजधानी भोपाल में प्रदेश भाजपा कार्यालय के सामने भाजपा की ओर से एक होर्डिंग लगाया गया था। इस होर्डिंग में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ विपक्षी गठबंधन के अन्य प्रमुख चेहरों की तस्वीरें लगाई गई थीं। होर्डिंग पर लिखा गया था कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोक दिया, इन परजीवियों ने मिलकर महिलाओं का हक छीन लिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने होर्डिंग को फाड़कर फेक दिया।

### अधिनियम पारित नहीं होने पर है यह आक्रोश

मप्र महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित नहीं होने देने का जो कुत्सित प्रयास कांग्रेस और विरोधी दलों ने किया है, उसके खिलाफ ये जन आक्रोश यात्रा है। कांग्रेस के नेताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम गिराकर जश्न मनाया। यह महिलाओं के अपमान का प्रतीक था। मातृ शक्ति इस अपमान का जवाब देगी। उन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से उन लोगों को हम यह बताना चाहते हैं कि अब याचना नहीं, रण होगा। जीवन या कि मरण होगा। जन आक्रोश महिला पद यात्रा के मंच पर कवियत्री अनामिका जैन अम्बर भी शामिल हुई। उन्होंने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर कार्यक्रम को प्रदेश प्रवक्ता पूर्व मंत्री व विधायक अर्चना चिटनीस, सांसद कविता पाटीदार व अन्य नेत्रियां बड़ी संख्या में मौजूद थीं। जबकि प्रदेश शासन के मंत्री करण सिंह वर्मा, संपतिया उइके, निर्मला भूरिया, मंत्री विश्वास सारंग, चेतन्य काश्यप, कृष्णा गौर, नारायण सिंह पंवार, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह, सुमित्रा वाल्मिक, माया नारोलिया, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वाणी आहलुवालिया सहित पार्टी पदाधिकारी एवं प्रदेशभर से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाजपा की जन आक्रोश पदयात्रा में शामिल होकर नाराजगी जताई।

---

फिरोजिया ट्रॉफी का मैच देखा, खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

# प्रदेश में खेल सुविधाओं में हो रहा निरंतर विस्तार, फिरोजिया ट्रॉफी विजेताओं के लिए अतिरिक्त पुरस्कार की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में खेल सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। शासन का प्रयास है कि खिलाड़ियों को हर स्तर पर आधुनिक खेल संरचना, प्रशिक्षण और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों। शासन के इन प्रयासों से मप्र की खेल प्रतिभाएं विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उज्जैन में भी विभिन्न खेल मैदानों में खेल व्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उज्जैन के क्षीर सागर मैदान को भी नगर निगम और खेल विभाग की ओर से विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को देर रात उज्जैन में फिरोजिया ट्रॉफी का फाइनल मैच देखा और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



फिरोजिया ट्रॉफी मैच के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### 12-19 तक चला मैच

फिरोजिया ट्रॉफी की विजेता टीम को रुपए एक लाख और उप विजेता टीम को 51 हजार रुपए के अतिरिक्त नगद पुरस्कार की घोषणा भी की। फिरोजिया ट्रॉफी का आयोजन 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक उज्जैन के क्षीर सागर मैदान पर किया गया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला, जिससे दर्शक अंत तक मैच का आनंद लेते रहे। सांसद अनिल फिरोजिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का फिरोजिया ट्रॉफी में प्रत्येक वर्ष पधारने और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पर आभार व्यक्त किया। फिरोजिया ट्रॉफी सांसद फिरोजिया के पिता स्व. भूरेलाल फिरोजिया की स्मृति में विगत 21 वर्षों से हर वर्ष आयोजित की जा रही है।

कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु सीमा में भिन्नता का मामला

# सरकार पर संविधान के अनुच्छेद 14 के प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शासकीय सेवानिवृत्ति आयु सीमा निर्धारण में असमानता को लेकर राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ ने राज्य के शासकीय सेवकों (डॉ,प्रोफेसर स्वास्थ शिक्षा आदि विभागों)एवं अन्य विभागों में भेदभाव कर,पृथक पृथक सेवानिवृत्त आयु सीमा निर्धारण का आरोप लगाया है। सरकार की असमानतापूर्ण कार्रवाई को सरकार के विरुद्ध प्रदेश कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। संरक्षण संघ का कहना है कि प्रदेश सरकार की भेदभाव व असमानतापूर्ण नीति लागू करके भारतीय संविधान के अनुच्छेद14 में निहित भारतीय नागरिकों के लिए निहित भेदभाव एवं आर्थिक समानता पूर्ण जीवन जीने हेतु प्रदत्त नागरिक अधिकारों का उल्लंघन किया गया है। संगठन द्वारा कुछ सालों से लगातार मुख्यमंत्री कार्यालय सहित राज्य मंत्रीपरिषद सदस्यों व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा रहा है।

### संशोधन नीति जारी करें

संगठन प्रमुख शील प्रताप सिंह पुंढीर,प्रदेश कार्यसमिति पदाधिकारियों व्यासमुनि चौबे, कृष्णकांत मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में कहा कि सरकार की सेवकों को बांटने की असंवैधानिक भेदभाव एवं असमानतापूर्ण नीति के विरुद्ध यदि सरकार समानता पूर्ण संशोधित नीति जारी नहीं करती तो, संगठन 9 मई को बैठक आयोजित कर संगठनात्मक विरोध प्रदर्शन करेगी।

---

उप मुख्यमंत्री शुक्ल होंगे शामिल

# एमसीयू में राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर आज होगी संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि के विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा 21 अप्रैल मंगलवार को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर पीआर एंड सीएसआरः बिल्डिंग द फाउंडेशन ऑफ विकसित भारत 2047 विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर से कॉर्पोरेट सेक्टर से कम्युनिकेशन फील्ड के टॉप प्रबंधक सम्मिलित होंगे। यह कार्यक्रम सीएसआर तथा जनसंपर्क की भूमिका पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम मंगलवार को विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी परिसर के तक्षशिला परिसर स्थित लता मंगेशकर सभागार में प्रातः 11 बजे आयोजित होगा। विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस संगोष्ठी का शुभारंभ मप्र के उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी करेंगे। इस आयोजन में एनएफएल, विजयपुर के महाप्रबंधक कॉरपोरेट कम्युनिकेशन विक्रम रावत, एनपीसीआइएल, मुंबई के उपमहाप्रबंधक कॉरपोरेट कम्युनिकेशन अमृतेश श्रीवास्तव एवं पीआईबी भोपाल के निदेशक मनीष गौतम विशिष्ट अतिथि होंगे।

# प्रकृति और स्थानीय जीवन के कल्याण प्रयासों में ही सेवा की सार्थकता

*राज्यपाल से लोकभवन में भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी मिले*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि भारतीय वन सेवा, महज प्रशासनिक दायित्व नहीं बल्कि मानवता, प्रकृति, वन्य जीव, सांस्कृतिक धरोहर और भावी पीढ़ियों के प्रति भी एक उत्तरदायित्व है। आप सभी सौभाग्यशाली है, जिन्हें जीवन भर प्रकृति की गोद में रहकर उसके संरक्षण और संवर्धन का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी, वन कानूनों और जनजातीय कल्याण के प्रावधानों का गहनता से अध्ययन करें, उन्हें जरूरतों के अनुरूप लागू करें।



राज्यपाल ने की भारतीय वन सेवा के 2024-26 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से सौजन्य भेंट।

*जैव विविधता की दृष्टि से मध्यप्रदेश समृद्ध राज्य*

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि मप्र जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध राज्य है। यहां की वन भूमि प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर होने के साथ हमारी गौरवशाली सभ्यता, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को भी संजोए हुए हैं। प्रदेश में विस्तृत और विश्व प्रसिद्ध वन, अनेक राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य है। मध्यप्रदेश बाघ, चीतल, तेंदुआ, गिद्ध, घड़ियाल और चीता स्टेट के रूप में प्रसिद्ध है।*

आपका प्रथम दायित्व

### पर्यावरण संरक्षण के लिए सोच, संकल्प और सेवा भाव जरूरी

राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्राकृतिक असंतुलन, पर्यावरणीय चुनौतियों आदि के कारण वन एवं वन्य जीवन के संकट का समाधान अत्यंत जरूरी है। वन अधिकारी के रूप में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन आपका प्राथमिक दायित्व है। इसके लिए आपकी सोच, संकल्प और सेवा का भाव सबसे जरूरी है।

### प्रदेश की गौरवशाली सभ्यता को भी संजोया

राज्यपाल पटेल ने कहा कि मप्र जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध राज्य है। यहां की वन भूमि प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर होने के साथ हमारी गौरवशाली सभ्यता, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को भी संजोए हुए हैं। प्रदेश में विस्तृत और विश्व प्रसिद्ध वन, अनेक राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य है।



---

भाजपा नेताओं में कानून का भय पूरी तरह समाप्त हो चुकाः कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

# क्या भाजपा विधायक और उनके परिजन कानून से ऊपर हैं?: पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा और सीधा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में अब कानून का राज नहीं, बल्कि मोहन राज के नाम पर सत्ता का खुला दुरुपयोग और अराजकता चल रही है।

पटवारी ने कहा कि हाल ही में हुए सड़क हादसे में विधायक प्रीतम लोधी के पुत्र द्वारा निर्दोष लोगों को थार वाहन से कुचलने की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। लेकिन उससे भी अधिक चिंताजनक और शर्मनाक तथ्य यह है कि जब कानून ने अपना काम करना शुरू किया, तो स्वयं विधायक पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी जैसे वरिष्ठ अधिकारियों को खुलेआम धमकाने और उनकी औकात बताने पर उतर आए। उन्होंने कहा कि विधायक का यह बयान कि मेरा बेटा करेरा आएगा, चुनाव भी लड़ेगा, तेरे डैडी में दम हो तो रोक लेना, अपना इतिहास देख लेना, अपनी औकात में रहो यह दर्शाता है कि भाजपा नेताओं में कानून का भय पूरी तरह समाप्त हो चुका है। यह केवल एक व्यक्ति का अहंकार नहीं, बल्कि पूरे शासन तंत्र की विफलता और संरक्षण का परिणाम है।



### जनता आज अपने ही राज्य में असुरक्षित

पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सीधा सवाल करते हुए कहा कि क्या भाजपा विधायक और उनके परिजन कानून से ऊपर हैं? यदि अधिकारी भ्रष्ट हैं, जैसा कि विधायक दावा कर रहे हैं, तो फिर आपकी सरकार ने अब तक क्या कार्रवाई की? उन्होंने कहा कि जब तक मामला शांत रहता है, तब तक सत्ता पक्ष चुप रहता है, लेकिन जैसे ही कानून का शिकंजा कसता है, भाजपा के नेता अपनी सत्ता का दुरुपयोग कर प्रशासन पर दबाव बनाने लगते हैं। यह लोकतंत्र और संविधान दोनों का खुला अपमान है ये कोई पहली बार नहीं भाजपा के नेता लगातार सत्ता के नशे में इस प्रकार के कृत्य करते आ रहे हैं। पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के दावों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह वही नया भारत है, जहां सत्ता के नशे में चूर नेता आम जनता को कुचलते भी हैं और फिर कानून को धमकाते भी हैं। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों से भाजपा को सत्ता सौंपने वाली प्रदेश की जनता आज अपने ही राज्य में असुरक्षित महसूस कर रही है। यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरा का जीवंत उदाहरण है, जहां सत्ता का घमंड जनता की सुरक्षा पर भारी पड़ रहा है।

### कांग्रेस की प्रमुख मांगें

विधायक प्रीतम लोधी के खिलाफ पुलिस अधिकारियों को धमकाने और अभद्र भाषा के प्रयोग पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उनके पुत्र द्वारा किए गए सड़क हादसे की समयबद्ध और न्यायिक जांच कर कठोर सजा दी जाए। मुख्यमंत्री स्वयं इस मामले पर सार्वजनिक रूप से जवाब दें और स्पष्ट करें कि क्या भाजपा नेताओं को कानून से ऊपर संरक्षण दिया जा रहा है। संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों पर किसी भी प्रकार का राजनीतिक दबाव न डाला जाए और उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई करने की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाए। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश की जनता के सम्मान, सुरक्षा और न्याय के लिए प्रतिबद्ध है और इस मुद्दे पर सड़क से सदन तक निर्णायक संघर्ष करेगी।

हाईकोर्ट में दी गई जानकारी

# विधायक सप्रे विस अध्यक्ष के समक्ष पक्ष प्रस्तुत करेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट के समक्ष राज्य शासन की ओर से जानकारी दी गई कि विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ दल-बदल कानून के तहत कार्यवाही किए जाने संबंधित आवेदन की सुनवाई विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 22 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

विधायक निर्मला सप्रे विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगी। सरकार के जवाब को रिकार्ड पर लेते हुए चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 29 अगस्त को नियत कर दी। दरअसल, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की तरफ से हाई कोर्ट में याचिका के जरिए दल-बदल कानून के तहत कांग्रेस की बीना से विधायक निर्मला सप्रे का निर्वाचन शून्य करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि उन्होंने 30 जून, 2024 को विधानसभा अध्यक्ष तोमर के समक्ष इस मामले में याचिका दायर की थी। लेकिन निर्धारित 90 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई। लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। याचिका में कहा गया है कि विधायक निर्मला सप्रे ने पार्टी विरोध गतिविधियों में लिप्त थीं।

## पेज एक का शेष....

### अब भीम एप....

एनपीसीआई ने बताया कि उसकी इकाई भीम सर्विसेज और ट्रांसयूनियन सिबिल के बीच करार हुआ है। एनपीसीआई ने साफ किया है कि क्रेडिट जानकारी केवल यूजर्स की अनुमति से ही ली जाएगी। बिना यूजर की सहमति के कोई भी डेटा नहीं देखा जाएगा।

### सीएम ने कहा- ...

उनका अधिकार दिलाने के लिए भाइयों ने सदैव संघर्ष किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी सब कुछ भूल सकती है, लेकिन अपमान कभी नहीं भूलती। इस आयोजन में भी प्रदेशभर से बहनें अपने अधिकारों के पक्ष में आवाज उठाने के लिए आई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को एमवीएम कॉलेज ग्राउंड में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन प्रस्ताव का संसद में विपक्ष के पारित नहीं होने देने के मुद्दे पर आहूत जन-आक्रोश महिला पदयात्रा कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के विरोध के लिए आसमान में काले गुब्बारे छोड़े। उन्होंने महिला आरक्षण से जुड़ा 131 वां संविधान संशोधन बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम,2023) लागू करने में रोड़ा अटकाने पर कांग्रेस सहित संपूर्ण विपक्ष पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को आड़े हाथों लिया। जनआक्रोश पद यात्रा में महिला सांसद, विधायक, महिला जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में जागरूक महिलाएं एवं कार्यकता शामिल हुए।

### प्रियंका ने बहनों ....

दूर रखा था। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को शर्म आनी चाहिए, जो पहले बड़ी-बड़ी बातें करती थीं- लड़की हूं लड़ सकती हूं। लेकिन अब प्रियंका ने बहनों के अधिकारों का गला घोट दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मदनमोहन मालवीय, ज्योतिबाराव फुले से लेकर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहनों को उनका अधिकार दिलवाने के लिए बीड़ा उठाया है। देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात करने वालों को सजा दिलाई जाएगी।

### महिला आरक्षण बहनों ....

सदन में कुठाराघात किया। प्रधानमंत्री मोदी बहनों को शब्दों में नहीं धरातल पर सशक्त करना चाहते थे। पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि इस जन-आक्रोश पदयात्रा में शामिल होने के लिए बहनें प्रदेश के कोने-कोने से आई हैं। वे महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपने मन के भाव मुख्यमंत्री के समक्ष प्रकट करना चाहती हैं। देश की आजादी के बाद 78 साल से बहनें संसद की दहलीज पर खड़ी थीं, लेकिन विपक्ष ने उनका सपना पूरा नहीं होने दिया।

### होर्मुज को लेकर ...

होर्मुज की नाकाबंदी बातचीत में एक बाधा है। इधर, ट्रंप ने मुनीर से कहा है कि वह उनकी सलाह पर विचार करेंगे। माना जा रहा है कि ट्रंप मान जाएंगे और ईरान शांति वार्ता में शामिल हो जाएगा।

**जोलघाद्र को भेजना चाहते थे वाहिदी:** मेजर जनरल वाहिदी ने बातचीत के लिए जाने वाली टीम में जोलघाद्र को शामिल करने की कोशिश की थी, लेकिन प्रतिनिधिमंडल के नेताओं संसद स्पीकर मोहम्मद बागेर गालिबफ और अराघची ने इसका विरोध किया। इसका कारण ये था कि जोलघाद्र के पास कूटनीतिक अनुभव नहीं था। माना जा रहा है कि उन्हें बातचीत पर निगरानी रखने और तेहरान को रिपोर्ट देने के मकसद से भेजा जाना था। जोलघाद्र ने बाद में आईआरजीसी के वरिष्ठ नेताओं से शिकायत कि थी कि बातचीत के दौरान अराघची ने अपनी सीमाएं लांघीं और एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस पर नरम रुख अपनाया।

### ट्रंप के चार ...

(स्टीव विटकॉफ) ईरान युद्ध को खत्म करने के लिए बातचीत को फिर से शुरू करेंगे। पाकिस्तान के नूरखान एयरबेस पर अमेरिका के चार सैन्य विमान लैंड किए हैं। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में चार लोग शामिल हैं। इसके अलावा 22 अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के ऑफिसर भी पाकिस्तान पहुंचे। राष्ट्रपति पेजेशकियान ने न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर कहा था कि हमारे देश के टेक्नोलॉजी अधिकार को कोई नहीं छीन सकता है।

### ईरान में सुपर ....

के हाथ में है। इस पूरी कवायद में ईरान के सर्वोच्च नेता मोज्तबा खामेनेई की मौन सहमति बताई जा रही है।

इस पावर शिफ्ट का सबसे खतरनाक असर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में दिख रहा है। यहां ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस समुद्री रास्ते को खोलने पर सहमत होते दिख रहे थे, वहीं आईआरजीसी ने इस फैसले को पलट दिया है। वाहिदी के आदेश पर ईरान की फास्ट अटैक शिप्स ने इस सामरिक रास्ते को पूरी तरह ब्लॉक कर दिया है। पिछले 48 घंटों में तीन जहाजों को निशाना बनाया गया है।

### दक्षिण कोरिया होर्मुज....

ही अपनी ऊर्जा आपूर्ति के एक बड़े हिस्से के लिए मिडिल ईस्ट पर निर्भर हैं, जिसमें कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस शामिल है। इसलिए, महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारे लोगों की सुरक्षा और दोनों देशों के आर्थिक हितों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### तेज रफ्तार बस ....

गया। इससे ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर सका। और बस सड़क से नीचे गिर गई। हादसे में बस का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो गया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर बताया कि हादसे का शिकार हुई बस पब्लिक ट्रांसपोर्ट की थी। घायलों का इलाज जीएमसी ऊधमपुर में किया जा रहा है।

### हुबली जा रहे...

4.30 बजे हुबली पहुंचना था। लेकिन जैसे ही विमान हुबली के पास पहुंचा, उसमें तकनीकी समस्या आ गई और पायलटों को लैंडिंग रोकनी पड़ी। स्थिति को संभालने के लिए विमान को हवा में ही उड़ाया गया, ताकि सुरक्षित लैंडिंग की तैयारी की जा सके।

करीब चार घंटे तक विमान मुंडगोड, दावणगेरे और शिवमोग्गा के ऊपर चक्कर लगाता रहा। इस दौरान यात्रियों के बीच दहशत का माहौल बना रहा। कई यात्री डर के कारण प्रार्थना करने लगे, जबकि कुछ लोग रोने लगे। विमान के अंदर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही और सभी सुरक्षित लैंडिंग का इंतजार करते रहे। वहीं, यात्रियों के परिजनों ने एयरलाइंस पर नाराजगी जताई। उनका आरोप था कि उन्हें समय पर कोई सही जानकारी नहीं दी गई और स्थिति को लेकर स्पष्ट अपडेट नहीं मिला।

काफी कोशिशों के बाद विमान को बेंगलुरु डायवर्ट किया गया। शाम करीब 7.30 बजे फ्लाइट ने केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग की। इस घटना के बाद यात्रियों और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली। हालांकि, तकनीकी खराबी और जानकारी की कमी को लेकर एयरलाइंस पर सवाल उठ रहे हैं।

### पुलिस घर में ...

मामले में वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत कर रहा था। उसने लसूड़िया पुलिस पर धमकाने के आरोप लगाए हैं। कारोबारी ने आरोप लगाया कि वारंट तामील के दौरान पुलिस घर में चोरों की तरह घुसी, कैमरे बंद किए और मास्टर चाबी से लॉक खोला। उसके घर से 22 तोला सोना गायब है।

जैन ने लसूड़िया थाने के एसआई संजय विश्नोई, रणवीर कुशवाह, प्रणीत भदौरिया, दिनेश गुर्जर और दीपेंद्र मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को पुलिसकर्मी चोरों की तरह उसके घर में घुसे।

जैन के मुताबिक 1 अप्रैल की रात से 2 अप्रैल तक उसे लसूड़िया थाने में रखा गया। इसके बाद उसे निजी कार से ग्वालियर भेजा गया। 3 अप्रैल की सुबह उसे थाने के बजाए एक निजी गेस्ट हाउस में रखा गया, जहां रिटायर्ड एसीपी के लोगों ने उसके साथ मारपीट की। बाद में कोर्ट से जमानत मिलने पर वह इंदौर लौटा।

### आईपीएस को धमकाया...

अधिकारी डॉ. आयुष जाखड़ को धमकी भरे अंदाज में यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि क्या करैरा तुम्हारे डैडी का है..? मैं तुम्हें कहना चाहता हूं दिनेश करैरा आएगा भी और चुनाव भी लड़ेगा, तेरे डैडी में दम हो तो रोक लेना। हमारा इतिहास भी देख लेना। प्रीतम लोधी का कहना था कि हमारे साथ अगर गलत व्यवहार करोगे तो हम सहन नहीं करेंगे। एक आदिवासी महिला का एक्सीडेंट हो जाता है तो क्या वहां देखने के लिए गए थे एसडीओपी? वहां नहीं गए, क्योंकि वहां पैसा नहीं मिलना था। तुम तो वहां जाते हो जहां पैसा मिलता है। उनका कहना था कि मैं ऐसे अधिकारी को कहना चाहता हूं कि अपनी औकात और कानून के दायरे में रहे। कानून हमें भी आता है और कानून हम भी जानते हैं।

**यह है मामला:** दरअसल, करैरा कस्बे में 16 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 7:30 बजे प्रीतम लोधी के पुत्र दिनेश लोधी अपनी थार कार से राहगीरों को टक्कर मार दी थी। शिकायत पर दिनेश लोधी के खिलाफ पुलिस ने आपराधिक प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया है। एसडीओपी डॉ. आयुष जाखड़ व टीआई विनोद छावई पुलिस फोर्स के साथ विधायक पुत्र को थाने से पैदल ही घटना स्थल तक लेकर गए। एसडीओ जाखड़ का कहना है कि मैंने उनसे यह बात कही ही नहीं है कि करैरा में दिख नहीं जाना।

### केरल से खाली...

में शादी की थी। इसके तुरंत बाद, लड़की के पिता ने मध्य प्रदेश में एक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें दावा किया गया कि लड़की की उम्र सिर्फ 16 साल है। इसके बाद मोहम्मद फरमान के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। हालांकि, लड़की का दावा है कि वह बालिग है।

### मोनालिसा ने सरकार ...

पिनाराई विजयन और कोच्चि के पुलिस कमिश्नर को एक आवेदन सौंपकर सुरक्षा की मांग की थी। उस आवेदन में मोनालिसा ने दावा किया है कि उसकी उम्र 18 साल है और आरोप लगाया था कि उसे जबरन मध्य प्रदेश ले जाने की कोशिशें की जा सकती हैं।

## दिल्ली की गैंग मध्य प्रदेश में थी सक्रिय, भोपाल स्टेशन के बाद इंदौर में भी की वारदात

# नकली नोट की गड्डी दिखाकर यात्रियों से ठगी करने वाला छह आरोपी गिरफ्तार

> भोपाल में आर्मी मैन को झांसा देकर मोबाइल से ट्रांसफर कराए रुपए, मोबाइल एटीएम चुराकर खाते से निकाले 1 लाख 60 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीआरपी भोपाल ने दिल्ली की जालसाज गैंग को गिरफ्तार कर उनसे मध्य प्रदेश के भोपाल और इंदौर में हुई ठगी की दो वारदातों का खुलासा किया है। आरोपी पेपर की कतरन में पांच सौ रुपए के दो नोट लगाकर नकली गड्डी बनाते थे और यात्रियों को लालच देकर उनका मोबाइल एटीएम चुरा लेते थे। मोबाइल और एटीएम हाथ लगते ही बदमाश खाते से पैसे निकाल लिया करते थे।

जालसाजों ने इस तरह की ढेर सारी वारदातें दिल्ली में की है। जीआरपी थाना प्रभारी जहीर खान ने बताया कि 16 अप्रैल को आर्मीमैन ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर उसका बैग चोरी हो गया। बैग चोरी होने के बाद खाते से 1 लाख 60 हजार रुपए की रकम निकाली गई है। जीआरपी ने प्रकरण दर्ज कर जांच की। रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। कैमरा चेक करने पर आर्मी मैन के साथ दो संदिग्ध नजर आए। अन्य सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने पर संदिग्ध युवक हरियाणा पासिंग की वेगनआर कार में बैठते हुए नजर आए। पुलिस ने कार पासिंग से कार मालिक का मोबाइल नंबर निकाला। नंबरडाला तो कार की लोकेशन इंदौर रेलवे स्टेशन पर मिली। जीआरपी की टीम आरोपियों की धरपकड़ के लिए इंदौर जाने की तैयारी करने लगी। इसी बीच लोकेशन उनकी बदलने लगी और भोपाल की तरफ दिखने लगी। लिहाजा रेलवे स्टेशन और आसपास जीआरपी की टीम ने सर्चिंग की। सर्चिंग के दौरान हरियाणा पासिंग की संदिग्ध कार हमीदिया रोड पर नजर आई। इसी बीच संदिग्ध कार में बैठे ही थे कि टीम ने उन्हें दबोच लिया।



### इस तरह करते थे वारदात

दबोचे गए आरोपियों ने बताया कि एक साथी रेलवे स्टेशन पर अकेले पैसेंजर को देखकर उससे दोस्ती कर लेता था। इसी बीच दूसरा साथी पहुंचता था। दूसरा साथी कहता था कि मैं गरीब हूं। मेरे सेठ ने मुझे वेतन नहीं दिया। मैं सेठ के डेढ़ लाख रुपए चुराकर लाया हूं। वह कहता था कि यह डेढ़ लाख रुपए है। उसे केवल एक लाख रुपए की जरूरत है। डेढ़ लाख की नकली गड्डियां दिखाकर एक लाख रुपए ट्रांसफर करवा लेता था।

### देख लेते थे पासवर्ड

पहले से फरियादी के साथ बैठा जालसाज कहता था कि मेरी ट्रेन का टाइम हो गया है। मुझे रेलवे स्टेशन जाना है। मुझे छोड़ दो। इसी बीच अन्य बदमाश फरियादी का बैग चुराकर निकल जाता था। आरोपी जालसाज नकली नोटो की गड्डी देकर पैसा ट्रांसफर कराते समय योनो यूपीआई का पासवर्ड देख लेते थे। एटीएम और मोबाइल हाथ लगने के बाद एटीएम से पैसे निकाल लेते थे। एटीएम की लिमिड खत्म होने पर बारकोड से पैमेंट कर भी जालसाज खाते से पैसे निकाल लिया करते थे।


**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ - 123031 (हरियाणा)

विज्ञापन स.: 01/NT/C/2026 **रोजगार सूचना** दिनांक: 16.04.2026

संविदा आधार पर विभिन्न गैर शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों (जिनमें भारत के प्रवासी नागरिक भी शामिल हैं) से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र और अन्य विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.cuh.ac.in** पर उपलब्ध हैं। इस संबंध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि **15.05.2026** है।
**कुलसचिव**



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला-विदिशा**

क्रमांक / निविदा / 2026/2579 विदिशा दिनांक 10/4/26

:: - **निविदा आमंत्रण सूचना**-::

विदिशा जिले की अधीनस्त स्वास्थ्य संस्थाओं हेतु आवश्यक औषधि / सामग्री क्रय किये जाने हेत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बंधित सम्पूर्ण विवरण www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकर्ता द्वारा राशि 2500 /- रू जमा कर निविदा फार्म क्रय किया जा सकता है।

**निविदा का विवरण निम्नानुसार है-**

1. निविदा फार्म प्राप्त करने की प्रारम्भ तिथि :- 21.04.2026 समय प्रात-10.30 से ।
2. निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 18.05.2026 समय दोपहर 5.00 बजे तक ।
3. प्री-बिडमीटिंग :- 24.04.2026 समय दोपहर 03.00 बजे ।
4. आनलाईन निविदा जमा करने की तिथि :- 22.05.2026 समय दोपहर 2.00 बजेतक ।
5. तकनीकि निविदा खोलने की तिथि :- 25.05.2026 समय दोपहर 2.00 बजे ।

(वित्तीय निविदा आनलाईन ही मान्य की की जावेगी)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-विदिशा

जी - 11821/26 स्वच्छा ही सेवा है।



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 31/03/26 to 17/05/26 not 03,14/04/26, 01/05/26

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।


प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
मो. 9755600569, 8200502943, 7748022609




अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड
महोली खोजड़ा की प्राईम लोकेशन में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त,
पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## शब्द पहेली - 6202



**बाएँसेदाए+**

1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**

1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

### शब्द पहेली -6201 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | ■ | र | वा | ना | हो | ना |
| न | ■ | म | क | र | ■ | त | ल | ना | ■ | का |
| मो | ह | ■ | ■ | गि | ■ | ज | ■ | ■ | क | म |
| ह | म | ■ | आ | स | ल | गा | ना | ■ | मा | या |
| क | ल | र | व | ■ | क्ष्य | ■ | म | त | ल | ब |
| ■ | ■ | ■ | भ | ला | ■ | जो | र | ■ | ■ | ■ |
| ज | ग | म | ग | ■ | मौ | ■ | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | र | म |
| न | त | ■ | ■ | हा | ■ | ल | ■ | ■ | ल | क |
| दा | ■ | म | चा | न | ■ | खा | रि | श | ■ | दा |
| र | म | णी | य | ता | ■ | ना | ट | क | का | र |

## सूडोकु नवताल - 6212

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6211 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

अबूझ मुहूर्त (अक्षय तृतीया) पर बाजारों में बूम

# ऑटोमोबाइल, सराफा बाजार, इलेक्ट्रॉनिक्स सहित अन्य सामग्रियों की जबरदस्त खरीदारी, करोड़ों का कारोबार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अक्षय तृतीया पर मुहूर्त खरीदी को लेकर राजधानी भोपाल सहित पूरे मध्य प्रदेश में आटोमोबाइल, सराफा और कपड़ा बाजार, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर,फुटवेयर, किराना,बर्तन बाजार सहित अन्य वैवाहिकी सामग्री की जबरदस्त धूम रही। बाजार में आम दिनों की अपेक्षा 15 से 20 फीसदी अधिक खरीदारी का जोर दिखा।

इस अबूझ मुहूर्त पर शादियों की खरीदारी और नए वाहनों की बुकिंग से बाजार गुलजार हैं। सोने-चांदी की ऊंची कीमतों के बावजूद ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह दिखा। सराफा व्यापारियों के अनुसार सोना -चांदी अपने ऊंचे भाव से काफी डिस्काउंट दाम पर होने से स्थानीय सराफा बाजार में मनपसंद आभूषणों की खरीदी के प्रति 15 फीसदी ग्राहकी रही। तो वहीं लोग सोने के गहनों के साथ-साथ चांदी के सिक्के और बर्तन की भी खरीदारी कर रहे हैं। कुल मिलाकर बाजारों में वैवाहिकी खरीदारी की बूम है जिससे व्यापारियों के चेहरे खिले हुए है।



खरीदारी

## भोपाल में सोने-चांदी में हुआ 30 करोड़ रुपए का मुहूर्त कारोबार

सराफा महासंघ भोपाल के संगठन महामंत्री और प्रवक्ता नवनीत अग्रवाल ने बताया कि राजधानी में मौजूदा समय वैवाहिकी सीजन का होने के साथ दो दिवसीय अक्षय तृतीया पर होने से लोगों का रुझान सोना-चांदी की खरीदारी ओर जबरदस्त रहा है। लोगों महंगाई के बावजूद मनपसंद आभूषण की खरीदारी कर रहे हैं। ग्राहक भारी गहनों के बजाय हल्के वजन वाले आभूषण और डायमंड-जड़े गहनों को पसंद कर रहे हैं। श्री अग्रवाल के अनुसार राजधानी भोपाल में 500 से अधिक छोटे-बड़े ज्वेलर्स है अतः अनुपात और अनुमान के मुताबिक सराफा बाजार में अक्षय तृतीया पर 30 करोड़ रुपए से अधिक मुहूर्त कारोबार सोने-चांदी में हुआ।

## 800 से अधिक फोर व्हीलर्स और 1500 से अधिक टू व्हीलर्स की हुई बिक्री

आरएमजे मोटर्स के सीएमडी सुनील जैन 501 ने बताया कि दो दिवसीय अक्षय तृतीया पर हमारी शोरूम से मारुति की कुल 140 गाड़ियों की बिक्री हुई। इसकी प्रकार राजधानी भोपाल में मारुति के करीब 6 शोरूम्स हैं जहां कुल 360 से अधिक गाड़ियों की बिक्री हुई। उन्होंने बताया कि आटोमोबाइल सेक्टर में मारुति गाड़ियों का मार्केट शेयर 42 फीसदी है। इस अनुपात से राजधानी भोपाल में दो दिवसीय अक्षय तृतीया पर सभी कंपनियों की 800 गाड़ियों के मुहूर्त सौदे हुए। वहीं भोपाल आटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष पांडेय ने बताया कि राजधानी भोपाल में सभी कंपनियों के 1500 से अधिक दो पहिया वाहनों की बिक्री हुई, जिसमें दुपहिया ईवी वाहन भी शामिल है। ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े लोगों के अनुसार मौजूदा समय वैवाहिकी मुहूर्तों का चल रहा है ऐसे में शोरूम्स में पर ग्राहकों भारी भीड़ और बुकिंग और गाड़ियों की बिक्री क्रम जारी है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में 20 करोड़ रुपए का व्यवसाय

गर्ग ट्रेडर्स के संचालक राधेश्याम गर्ग के अनुसार अक्षय तृतीया के साथ वैवाहिक मुहूर्त सीजन का होने से लोगों ने टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं की अच्छी खरीदारी की है। संपूर्ण भोपाल में दो दिवसीय अक्षय तृतीया पर करीब 20 करोड़ रुपए का मुहूर्त व्यवसाय हुआ। गर्ग के अनुसार एमपी नगर, करोंद, अरेरा कॉलोनी, न्यू मार्केट अशोका गार्डन, मालवीय नगर, आनंद नगर, बरखेड़ा, पिपलानी, इंद्रपुरी, कोलार, बैरागढ़ सहित अन्य बाजारों में 7 दिनों से जबरदस्त खरीदारी का माहौल बना हुआ है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार मैरिज गार्डन, शादी होली, होटल, लाइट, डेकोरेशन, डीजे, टेंट, केंटरिंग, मिठाई , अन्य वैवाहिकी सामग्री में 50 करोड़ रुपए का व्यवसाय हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार अक्षय तृतीया 7 दिन पहले से आटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स , फनीर्चर, सराफा बाजार सहित अन्य बाजारों में ग्राहकों की पड़ताल शुरू हुई और दूसरे दिन सोमवार अच्छा बिजनेस हुआ।

## महंगाई के दबाव के बावजूद किराना जैसे सेक्टरों में कारोबार

महंगाई के दबाव के बावजूद किराना, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन और फुटवियर जैसे सेक्टरों में कारोबार सामान्य गति से चलता दिखा। हालांकि इस बार उपभोक्ताओं का खरीदारी का तरीका पहले से बदला हुआ है। लोग अब बड़े खर्च से बचते हुए सीमित बजट में विवाह का आयोजन कर रहे हैं। विवाह समारोह छोटे और व्यवस्थित हो गए हैं, जहां अनावश्यक खर्चों को कम किया जा रहा है भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के पूर्व महामंत्री अनुपम अग्रवाल और बाजार जानकार रमाकांत तिवारी के अनुसार इस सीजन में मांग तो बनी हुई है, लेकिन ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार ही खरीदारी कर रहे हैं। किराना सामग्री की कीमतों में लगभग 15 से 20 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज हुई है, जिसका असर शादी के बजट पर पड़ा है। वैश्विक परिस्थितियों, खासकर पश्चिम एशिया के तनाव का असर तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर पड़ा है। इसी कारण उपभोक्ता अब सोच-समझकर खर्च को प्राथमिकता दे रहे हैं। कपड़ा व्यवसायी श्यामबाबू अग्रवाल और नीलेश अग्रवाल के अनुसार कपड़ा बाजार में इस बार रेडीमेड और डिजाइनर कपड़ों की मांग अधिक है।

## अक्षय तृतीया पर 1.57 लाख का सोना और 2.58 लाख की चांदी भी नहीं रोक पाई ग्राहकों का जोश



अक्षय तृतीया पर इस बार आस्था और अर्थव्यवस्था का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। सोना-चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बावजूद बाजार में जबरदस्त रौनक है और देशभर में करीब 20 हजार करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। यह पिछले साल के मुकाबले बड़ी छलांग है और यह साफ संकेत देता है कि महंगाई के बावजूद लोगों का भरोसा इस परंपरा पर कायम है। इस साल सोने की कीमत जहां करीब 1.57 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई है, वहीं चांदी 2.58 लाख रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच चुकी है। पिछले साल के मुकाबले यह बढ़ोतरी चौंकाने वाली है, लेकिन इसके बावजूद बाजार में मांग कमजोर नहीं पड़ी है। फर्क सिर्फ इतना आया है कि अब ग्राहक पहले की तरह खुलकर नहीं, बल्कि सोच-समझकर निवेश कर रहे हैं। सराफा व्यापारियों के अनुसार ज्वैलर्स अब ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए हल्के और रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले आभूषणों पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। इसके साथ ही चांदी और हीरे के उत्पादों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए मेकिंग चार्ज में छूट और छोटे गोल्ड क्वाइन जैसे ऑफर्स भी दिए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### ऊषा ने किया एयर कूलर पोर्टफोलियो का विस्तार

**नई दिल्ली।** ऊषा इंटरनेशनल ने नए एयर कूलर लॉन्च कर अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। इस नई रेंज में एयर किंग 100लीटर,एयर किंग 120लीटर (3-साइड हनीकॉम्ब), और एयर किंग प्लस 120/150 लीटर जैसे तीन वेरिएंट शामिल हैं, जिन्हें बड़े इनडोर और अर्ध-आउटडोर क्षेत्रों में शक्तिशाली कूलिंग, बेहतर एयरफ्लो और विश्वसनीय प्रदर्शन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके साथ ही, कंपनी ने भारतीय घरों के लिए अपने कूलिंग समाधानों को और मजबूत करते हुए मैक्स एयर अल्ट्रा सीरीज का एक नया संस्करण भी पेश किया है, जो 70L, 95लीटर और 120लीटर वेरिएंट में उपलब्ध है। ऊषा एयर किंग की शुरुआती कीमत क्रमशः 22,000 रुपये और 17,000 रुपए (सभी करों सहित) है।

### वी के डेटा प्लांस की 57 फीसदी खपत बढ़ी

**भोपाल।** दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने ऐलान किया है कि नेटवर्क में लगातार विस्तार और उद्योग जगत में अग्रणी अनलिमिटेड डेटा पेशकश की वजह से उपभोक्ताओं के बढ़ते अडॉप्शन के चलते मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सर्कल में इसके डेटा की खपत 57 फीसदी बढ़ गई है। जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 के बीच वी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 3411 नगरों एवं शहरों में एल1800 और एल900 स्पैक्ट्रम बैंड पर 7200 से अधिक साइट्स के साथ अपने नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाया है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में वी के ट्रूली अनलिमिटेड डेटा प्रपोजिशन के बढ़ते अडॉप्शन के कारण भी डेटा की खपत बढ़ी है। मात्र 365 रु. से शुरू होने वाले वी नॉन-स्टॉप हीरो प्लान पूरे महीने के लिए 24 घंटे अनलिमिटेड 4जी और 5जी डेटा देते हैं।

### अमेजॉन में फैशन, ब्यूटी सामग्री की मांग में तेजी

**नई दिल्ली।** एमेजॉन इंडिया पर मांग में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। एमेजॉन इंडिया में फैशन और ब्यूटी खंड के निदेशक सिद्धार्थ भगत ने कहाकि अक्षय तृतीया से पहले हमने शानदार तेजी देखी। सोने के गहनों की बिक्री में सालाना आधार पर लगभग 2 गुना, चांदी में 2.5 गुना और सिक्कों में लगभग 2 गुना बढ़ोतरी हुई है। गहनों को अब तेजी से भरोसेमंद निवेश और रोजमर्रा के पहनावे के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें फाइन ज्वैलरी में लगभग 2 गुना और कीमती ज्वैलरी में 3.7 गुना बढ़ोतरी हुई है। क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट ने कल्याण ज्वैलर्स के साथ साझेदारी की थी ताकि 'गोल्ड रेट प्रोटेक्शन' की सुविधा दी जा सके। इस फीचर से ग्राहक रोजाना के सोने के रेट को लॉक कर सकते थे ।

छह सूत्रीय मांगों को लेकर 27 अप्रैल को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल

# देशभर के खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारियों ने किया देशव्यापी बंद का ऐलान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




मध्यप्रदेश सहित देशभर के खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने 27 अप्रैल 2026 को एक दिवसीय देशव्यापी सांकेतिक हड़ताल का ऐलान किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलन्त्री और मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत ने बताया कि खाद ,बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लगातार राज्य एवं केंद्र सरकारो के सामने उठाए जाने के बाद भी निराकरण नहीं किए जाने के विरोध में महाराष्ट्र राज्य संगठन (माफड़ा) द्वारा 27 अप्रैल से अनिश्चितकालीन बंद का आवाहन किया गया है । उसके समर्थन में देश के सभी राज्यों में खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे ।

संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी ने बताया कि छह सूत्रीय मुद्दों को लेकर यह सांकेतिक हड़ताल की जा रही है उनमें उर्वरकों में डीलर मार्जिन को डेढ़ प्रतिशत से बढ़कर कम से कम 8 फीसदी किया जाना, भारत सरकार की नीति के अनुसार रिटेलर के गोदाम तक FOR उर्वरकों की पहुंच उपलब्ध करवाना, खाद बीज एवं कीटनाशक के सैंपल फेल होने पर निर्माता एवं उत्पादक कंपनियों पर कार्रवाई करना एवं व्यापारी को गवाह के रूप में प्रस्तुत करना, साथी पोर्टल के माध्यम से लागू के लिए जाने वाली बीज विक्रय योजना को उत्पादक कंपनियां तक ही सीमित रखना, निर्माता कंपनियों द्वारा उर्वरकों के साथ की जा रही अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग को पूर्ण रूप से बंद करना , देश में लागू की जा रही ई टोकन प्रणाली को स्थगित करना शामिल है।

प्रवक्ता रघुवंशी ने बताया कि उपरोक्त मुद्दों पर लगातार संवाद किए जाने के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं होने के कारण उपरोक्त एकदिवसीय हड़ताल अभी सांकेतिक रूप से की जा रही है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम प्रत्येक तहसील, विकासखंड एवं जिला स्तर पर बंद करके जुलूस निकाल कर ज्ञापन दिए जाएंगे। उन्होंने कहाकि यदि एक माह में इन समस्याओं पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है तो आगामी खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा भी की जा सकती है। प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत ने प्रदेश के समस्त खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों से अपील की है कि वह 27 अप्रैल को 1 दिन के बंद के आह्वान में पूर्ण रूप से सहयोग करें एवं अपने कृषि आदान व्यापार को भविष्य में जिंदा रखने का जो प्रयास और इंडिया संगठन द्वारा किए जा रहे हैं उसमें सहयोग प्रदान करें।

भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक का समावेशन

# बैंक ऑफ बड़ौदा और रिलायंस जियो में साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

बैंक ऑफ बड़ौदा एवं रिलायंस जियो ने आज 'बॉब वर्ल्ड लाइट' मोबाइल बैंकिंग एप के शुभारंभ हेतु साझेदारी की घोषणा की। यह जियोफोन प्राइमा 4जी डिवाइस पर फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया पहला व्यापक मोबाइल बैंकिंग एप है। भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समावेशन को प्रोत्साहित करने और फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए डिजिटल भुगतान को सुलभ बनाने के विज़न के अनुरूप, यह उद्योग में नवोन्मेषी पहल है, जो देशभर में लाखों उपयोगकर्ताओं को बाधारहित एवं व्यापक डिजिटल बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराएगी। यह एप बैंक ऑफ बड़ौदा के मौजूदा ग्राहकों के साथ-साथ किसी भी अन्य बैंक के ग्राहकों के लिए भी सरल और सुविधाजनक स्व-पंजीकरण प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध होगी।

पारंपरिक मोबाइल बैंकिंग ऐप जो केवल स्मार्टफोन पर कार्य करते हैं, की तुलना में 'बॉब वर्ल्ड लाइट' एप को किफायती फीचर फोन पर दैनिक बैंकिंग सेवाओं की व्यापक श्रेणी प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है जिसके तहत इसका विस्तार अर्ध-शहरी और ग्रामीण भारत तक हो सके। इसमें लाइटवेट एवं कीपैड नेविगेशन के साथ कम बैंडविड्थ आधारित संरचना तथा सुरक्षित एक्सेस की सुविधा उपलब्ध है जो डिजिटल बैंकिंग को सरल, सहज और सुलभ बनाती है। 'बॉब वर्ल्ड लाइट'मोबाइल बैंकिंग एप वर्तमान में यूपीआई आधारित स्कैन एंड पे, निधि अंतरण, बिल भुगतान एवं रिचार्ज तथा प्रोफ़ाइल प्रबंधन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराती है, इसमें और भी सुविधाएं शीघ्र ही शामिल की जाएंगी।



मोबाइल बैंकिंग एप

## बिजनेस न्यूज

### सागर पब्लिक स्कूल में 'मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी' स्पेक्ट्रम का आयोजन

**भोपाल।** सागर पब्लिक स्कूल, गांधी नगर में कक्षा छठवी से आठवी के सागराइट्स द्वारा प्रस्तुत वार्षिक स्पेक्ट्रम प्रदर्शनी ने सृजनात्मकता, नवाचार और जिम्मेदारी का एक प्रेरणादायी संगम प्रस्तुत किया। मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी' विषय पर आधारित इस आयोजन में सागराइट्स ने विज्ञान, गणित, भाषाओं, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य, साहित्य, कला एवं संगीत सहित विभिन्न विषयों के साथ अटल टिंकरिंग लैब के नवाचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। सागराइट्स ने एक समृद्ध एवं बहुआयामी प्रस्तुति के माध्यम से विज्ञान, गणित, भाषा, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य, साहित्य, कला एवं संगीत के साथ-साथ अटल टिंकरिंग लैब की नवाचारपरक परियोजनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को प्रभावित किया। प्रत्येक प्रस्तुति में सागराइट्स के शोध-आधारित दृष्टिकोण, सामूहिक कार्यशैली और राष्ट्र के प्रति गहरी जिम्मेदारी का स्पष्ट प्रतिबिंब दिखाई दिया। एआई की नवाचारी प्रस्तुतियों में सागराइट्स ने स्पष्ट विचारो को दर्शाया और उन्होने डिजिटल रूप से सशक्त भारत की झलक प्रस्तुत की। इन अभिनव परियोजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं, जो सागराइट्स के रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता और भविष्य-दृष्टि को दर्शाया । स्पेक्ट्रम में ऑटोमेशन सीओई में ऑटोमेशन प्रोजेक्ट मैनेजर विनीत आर्य, आईआईएसईआर भोपाल के डॉ. राम कुमार मिश्रा तथा आईआईएसईआर में लाइट स्कैटरिंग रिसर्च समूह का नेतृत्व कर रहे एसोसिएट प्रोफेसर सुरजीत साहा ने जजों के पैनल के रूप में स्पेक्ट्रम की शोभा बढ़ाई और सागराइट्स द्वारा प्रस्तुत मौलिकता, आत्मविश्वास और विषय के गहन समझ की सराहना की ।



### बीएसएनएल की सभी यूनियनों और एसोसिएशनों ने मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**भोपाल।** बीएसएनएल की सभी यूनियनों और एसोसिएशनों ने सोमवार को भोपाल सहित देशभर में 'लंच आवर प्रदर्शन कार्यक्रम' आयोजित करने के लिए एक नोटिस जारी किया है। यह प्रदर्शन दूरसंचार विभाग द्वारा इस महीने के वेतन के साथ आईडीए बकाया के भुगतान की फ़ाइल को मंजूरी देने में की जा रही अनावश्यक देरी के विरोध में किया जा रहा है। इस देरी से न केवल बीएसएनएल कर्मचारी प्रभावित हुए हैं, बल्कि पेंशनभोगी भी प्रभावित हुए हैं, जिन्होंने हाल ही में 16 अप्रैल 2026 को पूरे देश में सभी सीसीए कार्यालयों पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन आयोजित किए थे। अब, बीएसएनएल कर्मचारियों की बारी है। बीएसएनएल के नॉन-एग्जीक्यूटिव और एग्जीक्यूटिव कर्मचारी 20 अप्रैल 2026 को पूरे देश में एक ज़ोरदार और एकजुट प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित करेंगे। एयूएबी में शामिल घटक यूनियन एवं एसोसिएशन की सभी जिला यूनियनों से आह्वान किया जाता है कि वे इस कार्यक्रम को शानदार सफलता दिलाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लामबंदी और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।



### मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक ने की मोबाइल बैंकिंग सेवा की शुरूआत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक ने डिजिटल बैंकिंग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अ प नी बहुप्रतीक्षित मोबाइल बैंकिंग सेवा का शुभारंभ किया। इस सेवा का उद्घाटन आज मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालय, इंदौर में मुख्य अतिथि सुरेश सी. साहू, महाप्रबंधक, नाबार्ड द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर साहू ने वन क्लिक के माध्यम से सेवा का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के ग्राहकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष आरसी. बेहेरा ने विश्वास व्यक्त किया कि मोबाइल बैंकिंग सेवा के माध्यम से ग्राहकों को आधुनिक, सुरक्षित एवं त्वरित बैंकिंग सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हो सकेंगी। नई मोबाइल बैंकिंग सेवा के माध्यम से अब ग्राहक 24×7 बैंकिंग सेवाओं का लाभ अपने मोबाइल फोन पर ही प्राप्त कर सकेंगे। इस सेवा में बैलेंस जांच, फंड ट्रांसफर , बिल भुगतान, पासबुक डाउनलोड, चेकबुक अनुरोध सहित अनेक डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध हैं। बैंक प्रबंधन ने बताया कि यह पहल बैंक के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो ग्राहकों को अधिक सुलभ, सुरक्षित एवं सशक्त बैंकिंग अनुभव प्रदान करेगी। मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक संपूर्ण मध्यप्रदेश में 1320 शाखाओं के साथ उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पहचाना जाता है।




### हयात प्लेस ब्रांड का भोपाल में आगाज, 99 कमरों वाले होटल में आधुनिक सुविधाएं

**भोपाल।** हयात होटल्स कॉर्पोरेशन ने हयात प्लेस भोपाल के उद्घाटन की घोषणा की, दुनिया के प्रमुख बाजारों में हयात प्लेस ब्रांड की उपस्थिति का विस्तार हो रहा है। 99 कमरों वाला यह उच्च श्रेणी का आलीशान होटल, विचारपूर्वक डिजाइन किए गए अतिथि-कक्ष, मेल-जोल की सुविधाजनक जगहों और एक सहज, अनौपचारिक वातावरण में कुशल सेवाओं के साथ मेहमानों का स्वागत करता है। भोपाल के मुख्य वाणिज्यिक केंद्र के करीब स्थित हयात प्लेस भोपाल, प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों और पर्यटन स्थलों से बेजोड़ कनेक्टिविटी प्रदान करता है। यह संपत्ति भोपाल हवाई अड्डे से लगभग 30 मिनट की दूरी पर है और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, बंसल वन और बंसल प्लाजा (शहर का नवीनतम शॉपिंग मॉल) से पैदल दूरी पर स्थित है, जो इसे व्यवसाय और पर्यटन, दोनों ही उद्देश्यों के लिए एक सुगम विकल्प बनाती है। हयात प्लेस भोपाल लगभग 15,000 वर्ग फुट का बहुमुखी इवेंट स्पेस प्रदान करता है। इसमें 5,500 वर्ग फुट का 'ग्रैंड बॉलरूम' और 3,500 वर्ग फुट का 'बॉलरूम' शामिल है, जिनके साथ शानदार प्री-फंक्शन एरिया भी दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, यहाँ 2,000 और 1,000 वर्ग फुट के दो छोटे हॉल भी हैं, जो छोटी बैठकों, सम्मेलनों और निजी आयोजनों के लिए उपयुक्त हैं। कार्यक्रमों के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए इन स्थानों को आवश्यक बैक-ऑफ-हाउस इंफ्रास्ट्रक्चर का पूरा समर्थन प्राप्त है। हयात प्लेस भोपाल, महाप्रबंधक, श्रीमती ज्योति मिश्रा ने कहा कि हमें भोपाल में 'हयात प्लेस' ब्रांड की शुरुआत करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जहां हमारे मेहमानों को आराम, सुविधा और बेहतरीन कनेक्टिविटी का एक अनूठा संगम मिलेगा। अपनी प्राइम लोकेशन और विशाल इवेंट एरिया की वजह से हमें यकीन है कि हयात प्लेस भोपाल जल्द ही ट्रैवलर्स और इवेंट प्लानर्स की पहली पसंद बन जाएगा।



### पीएनबी के 160 से अधिक केंद्रों पर मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने पूरे भारत में 160 से अधिक शहरों पर एक दिवसीय 'मेगा रिटेल आउटरीच प्रोग्राम' का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न वर्गों के ग्राहकों के लिए सस्ता सुविधाजनक रिटेल फाइनेंसिंग साल्यूशन्स तक पहुंच को बढ़ाना है। इसे प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों, न्यूनतम दस्तावेजीकरण और त्वरित प्रोसेसिंग समय के जरिए ऋण तक पहुंच को सरल बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे ग्राहक अपनी वित्तीय आकांक्षाओं को सहजता से पूरा कर सकें। इस कार्यक्रम के तहत, ग्राहकों को आकर्षक दरों पर विभिन्न खुदरा ऋण जैसे आवास ऋणः ब्याज दर 7.25 फीसदी से शुरू, संपत्ति के विरुद्ध ऋणः ब्याज दर 9.05 फीसदी से शुरू, वाहन ऋणः ब्याज दर 7.60 फीसदी से शुरू, शैक्षिक ऋणः ब्याज दर 6.85 फीसदी से शुरू, सूर्य घर : ब्याज दरें 5.75 फीसदी पर उपलब्ध करा रहा है। पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक फिरोज हसनैन ने कहाकि मेगा रिटेल आउटरीच प्रोग्राम हमारे ग्राहकों को सरल, किफायती और सुलभ ऋण साल्यूशन्स के साथ सशक्त बनाने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



परियोजना 10,115 करोड़ रुपए की

# श्याम स्टील ने एकीकृत स्टील प्लांट स्थापित करने किया एमओयू



ज्ञापन पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

कोलकाता स्थित श्याम स्टील ने महाराष्ट्र सरकार के साथ चंद्रपुर जिले में एक बड़े पैमाने के विनिर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह परियोजना रू. 10,115 करोड़ के महत्वपूर्ण निवेश से जुड़ी है, जो राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को बड़ा प्रोत्साहन देगी। प्रस्तावित संयंत्र से 8,000 से अधिक रोजगार अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक विकास और आजीविका सृजन में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस एमओयू पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की गरिमामयी उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए, जो राज्य सरकार की उच्च मूल्य वाले औद्योगिक निवेश आकर्षित करने की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है। यह रणनीतिक निवेश महाराष्ट्र को औद्योगिक विकास के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करता है और भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में योगदान देते हुए श्याम स्टील की विस्तार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।चंद्रपुर में प्रस्तावित यह संयंत्र स्टील विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा।

### इंडिया ऑटिज्म सेंटर ने कॉन्क्लेव में समावेशी आवासीय देखभाल पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** इंडिया ऑटिज्म सेंटर (आईएसी), जो ऑटिज़्म और संबंधित विकासात्मक स्थितियों वाले व्यक्तियों के समर्थन के लिए समर्पित एक अग्रणी गैर-लाभकारी संगठन है, ने प्रथम नेशनल एएलएफ़ओसी (असिस्टेड लिविंग फैसिलिटी ऑर्गनाइजेशन्स कंसोर्टियम) कॉन्क्लेव में भाग लिया। यह एक दिवसीय संगोष्ठी थी, जिसका उद्देश्य विशेष आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों के लिए असिस्टेड लिविंग पर संवाद को आगे बढ़ाना था। वर्तमान में 'सामावेश' का विकास करते हुए जो न्यूरोडाइवर्स व्यक्तियों के लिए भारत का सबसे बड़ा आजीवन आवासीय देखभाल तंत्र बनने की दिशा में है आईएसी की भागीदारी ने एक अधिक समावेशी, जागरूक और सहयोगी सामुदायिक ढांचे के निर्माण के प्रति उसकी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाया। कॉन्क्लेव में असिस्टेड लिविंग क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख विशेषज्ञ शामिल हुए। जिनमें जयशंकर नटराजन (निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इंडिया ऑटिज़्म सेंटर), नीना वाघ (संस्थापक निदेशक एएलएफ़ओसी),मुग्धा कालरा , सीमा चड्ढा (मुस्कान पीएईपीआईडी), संगीता जैन (संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी – एक्या असिस्टेड लिविंग), कर्नल उपदेश (पीएसीटी असिस्टेड लिविंग), कविता बेनीवाल (समर्थ असिस्टेड लिविंग), और जितेंद्र पीएस सोलंकी (आरआईए, एस्टेट प्लानर एवं विशेष आवश्यकता योजनाकार) सहित अन्य प्रमुख हितधारक शामिल थे, जो इस क्षेत्र को आकार दे रहे हैं।

## चिंतन

# स्पष्ट नीति और नीयत से हो वार्ता

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता तनाव केवल दो देशों के बीच टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इस संकट की जड़ में केवल भू-राजनीतिक हित नहीं, बल्कि जिद, शक्ति प्रदर्शन और असंतुलित कूटनीति भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक रणनीति और हर हाल में 'जीत' हासिल करने की मानसिकता ने इस संकट को और जटिल बना दिया है। ट्रंप को अपनी वह जिद छोड़नी होगी कि जीत गए हैं या जीत जाते। तभी खाड़ी का संकट दूर हो सकेगा। देखा जाए तो ट्रंप की जिद ही संकट बढ़ा रही है। इससे जहां मानवीय मदद मिलने में देरी हो रही है वहीं, जान माल की भी भारी क्षति हो रही है। ट्रंप खुद को अक्सर 'पीस मेकर' के रूप में प्रस्तुत करते हैं, लेकिन मौजूदा हालात में उनकी भूमिका कई बार इसके विपरीत नजर आती है। कई बार तो ट्रंप अशांति फैलाने वाले अधिक दिखाई देते हैं। ऐसे में उन्हें अपनी छवि बदलनी होगी। दबाव बनाकर समझौता कराने की नीति कूटनीति नहीं, बल्कि एकतरफा वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश लगती है। यह तरीका उन देशों पर शायद काम कर सकता है जो रणनीतिक रूप से कमजोर हों, लेकिन ईरान जैसे देश के सामने यह रणनीति बार-बार विफल होती दिख रही है। ईरान ने जिस तरह से अमेरिकी ठिकानों और उसके सहयोगियों पर जवाबी कार्रवाई की है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह दबाव में झुकने वाला नहीं है। इससे साफ है कि ईरान के पास भी कुव्वत है कि वह खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। यह केवल सैन्य प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि एक संदेश है कि वह अपनी संप्रभुता और सम्मान के साथ ही किसी भी समझौते की मेज पर आएगा। अब जरूरी है कि अमेरिका बड़प्पन दिखाए और वार्ता करे। तभी इस समस्या का समाधान हो सकेगा। ट्रंप प्रशासन की यह सोच कि दबाव और प्रतिबंधों के जरिए ईरान को झुकाया जा सकता है, अब तक कारगर साबित नहीं हुई है। इसके उलट, इसने ईरान को और अधिक आक्रामक बना दिया है। यह समझना जरूरी है कि आधुनिक कूटनीति में केवल शक्ति प्रदर्शन से समाधान नहीं निकलते। सम्मान, संवाद और संतुलन ही स्थायी शांति का आधार होते हैं। एक महाशक्ति होने के नाते अमेरिका की जिम्मेदारी केवल अपने हितों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्थिरता बनाए रखने की भी है। ऐसे में ट्रंप को यह समझना होगा कि 'जीत' और 'समझौता' दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। जहां जीत में एक पक्ष का वर्चस्व होता है, वहीं समझौता बराबरी और पारस्परिक सम्मान पर आधारित होता है। यह भी स्पष्ट हो चुका है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन की उम्मीद, जिस पर अमेरिकी रणनीति आधारित थी, पूरी नहीं हुई। अली खामेनेई के नेतृत्व में ईरान ने न केवल अपनी स्थिति बनाए रखी, बल्कि यह भी दिखाया कि वह बाहरी दबावों के सामने झुकने को तैयार नहीं है। यह स्थिति अमेरिका के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि अब रणनीति में बदलाव की आवश्यकता है। बिना शर्त संवाद, पारस्परिक सम्मान और वास्तविक मुद्दों को समझने की इच्छा ये तीनों तत्व किसी भी सफल कूटनीति के आधार होते हैं। अंततः, खाड़ी का यह संकट भी उसी मोड़ पर खड़ा है। यदि समय रहते अमेरिका और ईरान बराबरी और सम्मान के साथ वार्ता की मेज पर नहीं आते, तो इसके परिणाम केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। स्पष्ट नीति, साफ नीयत और संतुलित कूटनीति यही वह रास्ता है, जो इस संकट को टाल सकता है। वरना 'सोचेंगे' जैसे शब्द इतिहास के सबसे कमजोर बहाने बनकर रह जाएंगे।

## कूटनीति
महेन्द्र तिवारी



# होर्मुज में भारतीय जहाजों पर फायरिंग के मायने?

होर्मुज जलडमरूमध्य की भौगोलिक स्थिति इसे वैश्विक राजनीति के केंद्र में खड़ा करती है और 18 अप्रैल की घटना ने इस तथ्य को एक बार फिर निर्विवाद रूप से प्रमाणित कर दिया है। उस दिन की सुबह जब भारत के ध्वज वाले दो व्यापारिक पोतों पर ईरानी गनबोट्स द्वारा गोलाबारी की गई, तो यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि एक विशाल अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक संकट का संकेत था। इस घटना के पीछे के सत्य को समझने के लिए हमें उस समय की जटिल भू-राजनीतिक परिस्थितियों और समुद्री व्यापार के महत्त्व को गहराई से देखना होगा। होर्मुज जलडमरूमध्य एक ऐसा संकरा समुद्री मार्ग है जहां से विश्व की लगभग 20 प्रतिशत तेल और प्राकृतिक ईंधन की आपूर्ति होती है। भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए 90 प्रतिशत तक आयात पर निर्भर है, इस मार्ग की सुरक्षा सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है। 18 अप्रैल को जब भारतीय तेलवाहक पोत लगभग 20 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर इस मार्ग से गुजर रहे थे, तब अचानक हुई फायरिंग ने वैश्विक बाजारों में हलचल मचा दी। यद्यपि इस हमले में किसी भी नाविक की जान नहीं गई और न ही पोत को कोई स्थायी क्षति पहुंची, परंतु इसके रणनीतिक परिणाम अत्यंत गंभीर थे। जहाजों के चालक दल ने जैसे ही आपातकालीन संकेत भेजे, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पोतों का मार्ग बदलना पड़ा और उन्हें सुरक्षित जलक्षेत्र की ओर वापस लौटना पड़ा। इस घटना का समय अत्यंत संवेदनशील था क्योंकि अप्रैल 2026 में ही अमेरिका ने ईरान के विरुद्ध कड़ा समुद्री प्रतिबंध और नाकाबंदी लागू की थी। इस वैश्विक दबाव के प्रत्युत्तर में ईरान ने घोषणा की थी कि यदि उसके आर्थिक हितों को अवरुद्ध किया गया, तो वह इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को किसी के लिए भी सुरक्षित नहीं रहने देगा। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय पोतों को लक्ष्य बनाना एक प्रकार का रणनीतिक संदेश था जो न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक चेतावनी के समान था। इस घटना की जड़ें मार्च 2026 से चली आ रही अस्थिरता में भी निहित हैं। उस महीने के दौरान भी कई अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर मानवरहित विमानों और प्रक्षेपास्त्रों से हमले हुए थे, जिसमें दुर्भाग्यवश कुछ भारतीय नाविकों को अपने प्राण गंवाने पड़े थे। उन घटनाओं के बाद से ही समुद्री बीमा कंपनियों ने इस क्षेत्र को उच्च जोखिम वाला क्षेत्र घोषित कर दिया था, जिससे माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई थी। 18 अप्रैल की फायरिंग ने इस असुरक्षा को और अधिक गहरा कर दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस पर अत्यंत तीव्र और स्पष्ट प्रतिक्रिया दी। नई दिल्ली में ईरान के राजदूत को तुरंत तलब किया गया और उन्हें भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया गया। भारत के विदेश सचिव ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में बिना किसी संकोच के यह स्पष्ट किया कि भारतीय नाविकों और व्यापारिक हितों की सुरक्षा पर कोई भी समझौता संभव नहीं है। भारत का यह कड़ा रुख इस बात का प्रमाण था कि अब वह वैश्विक स्तर पर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों मोर्चों पर सक्रिय है। इस संकट के दौरान भारतीय नौसेना ने अपनी तत्परता का प्रदर्शन करते हुए ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा को और अधिक विस्तारित किया। कुछ गोपनीय विवरणों से यह भी संकेत मिले कि ईरान के भीतर प्रशासनिक और सैन्य नेतृत्व के मध्य इस विषय पर मतभेद थे कि इस जलमार्ग का उपयोग किस सीमा तक एक हथियार के रूप में किया जाना चाहिए। एक पक्ष जहां इसे कूटनीतिक सौदेबाजी का साधन मानता था, वहीं दूसरा पक्ष इसे पूर्णतः अवरुद्ध करने के पक्ष में था। इन आंतरिक विरोधाभासों ने स्थिति को और अधिक अनिश्चित बना दिया था। इस अनिश्चितता का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा। अप्रैल 2026 के उन दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखा गया, जिससे विश्व भर के शेयर बाजारों में अस्थिरता व्याप्त हो गई। भारत के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती थीः एक ओर ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और दूसरी ओर ईरान के साथ अपने पारंपरिक मित्रवत संबंधों को बचाए रखना। भारत ने अपनी कूटनीति का परिचय देते हुए संतुलन बनाए रखा। इसके परिणामस्वरूप ईरान ने भी बाद में नरम रुख अपनाते हुए भारत के साथ संबंधों की महत्ता को स्वीकार किया और वार्ता के माध्यम से समाधान निकालने पर सहमति व्यक्त की। यह संपूर्ण घटनाक्रम इस सत्य को उजागर करता है कि भविष्य में समुद्री मार्ग ही शक्ति प्रदर्शन के मुख्य केंद्र होंगे। अब युद्ध केवल भूमि तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि आर्थिक नाकाबंदी और व्यापारिक मार्गों पर नियंत्रण आधुनिक युद्धनीति के प्रमुख अंग बन चुके हैं। 1

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# महंगाई से बढ़ी आम आदमी की चिंताएं



## मुद्दा
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

> अमेरिका की इन्वेस्टमेंट फर्म सिंपलीफाई एसेट मैनजमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध के कारण पांच वर्षों तक कच्चे तेल की वैश्विक कीमतें युद्ध के पहले के सामान्य स्तर पर लौटना मुश्किल है। ऐसे में इस समय पश्चिमी एशिया में संघर्ष का असर भारत में महंगाई बढ़ने के रूप में भी दिखाई देने लगा है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, माल ढुलाई के महंगा होने और तेल आपूर्ति बाधाओं के कारण दुनिया के साथ-साथ भारत में भी महंगाई बढ़ रही है। हाल ही में 13 अप्रैल को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3 .4 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 3 .21 प्रतिशत थी।

अप्रैल 20 को अमेरिका और ईरान के बीच समुद्र में बढ़ते तनाव के कारण एक बार फिर कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में उछाल दिखाई दे रहा है। अमेरिका की इन्वेस्टमेंट फर्म सिंपलीफाई एसेट मैनजमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध के कारण आगामी पांच वर्षों तक कच्चे तेल की वैश्विक कीमतें युद्ध के पहले के सामान्य स्तर पर लौटना मुश्किल ही है। ऐसे में इस समय पश्चिमी एशिया में संघर्ष का असर भारत में महंगाई बढ़ने के रूप में भी दिखाई देने लगा है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, माल ढुलाई के महंगा होने और तेल आपूर्ति बाधाओं के कारण दुनिया के साथ-साथ भारत में भी महंगाई बढ़ रही है। हाल ही में 13 अप्रैल को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 3.21 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.11 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई है। इसी प्रकार 15 अप्रैल को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार मार्च 2026 में थोक महंगाई दर बढ़कर 3.88 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, यह फरवरी माह में 2.13 प्रतिशत के स्तर पर थी। स्थिति यह है कि थोक मूल्य की यह महंगाई 38 महीने के उच्चतम स्तर पर है । निसंदेह खाड़ी देशों से आयातीत कच्चे माल के महंगे होने और ईंधन, बिजली व गैस की कीमतों में वृद्धि से आम आदमी के जीवन से जुड़ी वस्तुएं, रसोई से लेकर कपड़े और घरेलू उपकरण आदि महंगे हुए हैं। खासतौर से आयातीत पेट्रोकेमिकल से जुड़े कच्चा माल के महंगे होने से पेंट सहित विभिन्न उत्पादों की कीमतें अधिक बढ़ी हैं। साबुन, पेस्ट, बिस्किट जैसे एफएमसीजी प्रोडक्टस बनाने वाली कई कंपनियाँ पैकेट छोटे करने की रणनीति पर भी आगे बढ़ी हैं। इतना ही नहीं, देश में महंगाई बढ़ने की एक नई चिंता यह भी है कि हाल ही में 13 अप्रैल को भारतीय मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण 2026 में सामान्य से कम मॉनसून का अनुमान लगाया है, जिससे कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर असर पड़ सकता है। गौरतलब है कि भारतीय मौसम विभाग ने वर्ष 2023 के बाद पहली बार बारिश के दीर्घकालिक औसत (एलपीए) के 92 प्रतिशत रहने की संभावना बताई है। यह पूर्वानुमान 5 फीसदी अधिक या कम की मॉडल त्रुटि के साथ जारी किया गया है। यद्यपि पिछले आंकड़े बताते हैं कि सामान्य से कम मॉनसून वाले वर्षों में जब बारिश का समय, वितरण और फैलाव समान रहा तब खरीफ का उत्पादन कम नहीं हुआ, किन्तु गैर-सिंचित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर उगाई जाने वाली दलहन और तिलहन जैसी फसलों के लिए जोखिम हो सकती है। साथ ही दलहन और तिलहन का कम उत्पादन खाद्य मुद्रास्फीति पर असर डाल सकता है। ऐसे में महंगाई नियंत्रण के लिए राहत और सुधारों को तेजी से लागू करने की बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। यह उल्लेखनीय है कि हाल ही में वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों व वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों में अमेरिका और ईरान के बीच टकराव के लंबा खींचने पर भारत की विकास दर में कमी और महंगाई के बढ़ने के अनुमान प्रस्तुत किए गए हैं । वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध और ऊर्जा




कीमतों व आपूर्ति बाधाओं के कारण भारत में विकास दर धीमी हो सकती है और महंगाई बढ़ सकती है। मूडीज रेटिंग्स ने भारत की विकास दर के अनुमान को घटाते हुए चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6 प्रतिशत कर दिया, जो पहले 6.8 प्रतिशत आंका गया था। मूडीज ने चालू वित्त वर्ष में औसत महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया, जो 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में महंगाई दर के भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित चार प्रतिशत के लक्ष्य दायरे से ऊपर जाना चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश के आम आदमी को युद्ध के संकट के बीच महंगाई से बचाने के मद्देनजर सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ी है। इसके मद्देनजर पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने के लिए उत्पाद कर में 10 रुपए प्रतिलीटर की कटौती किए की गई ताकि महंगाई को काबू में रखा जा सकेगा। आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया गया है। देश की सभी तेल रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। सरकार के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। साथ ही, पेट्रोल और डीजल की बाजार में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जा रही है। रोजाना करीब 50 लाख गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। ऑनलाइन बुकिंग 97 प्रतिशत है। ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए डिलिवरी ऑथेंटिकेशन की व्यवस्था की गई है। दुनिया में तेजी से बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों के बीच भी देश में सरकारी तेल कंपनियों के द्वारा सामान्य पेट्रोल-डीजल की कीमतें नहीं बढ़ाई गई हैं। वैश्विक तेल संकट को देखते हुए सरकार ने 11 अप्रैल को निर्यात किए जाने वाले डीजल और हवाई ईंधन (एटीएफ) पर निर्यात शुल्क 34 रुपये बढ़ा दिया है, ताकि देश में ईंधन की कमी ना हो और कीमतें काबू में रहें। सरकार ने महंगाई को नियंत्रित रखने तथा आम आदमी पर इसके प्रभाव को कम से कम करने के मद्देनजर आवश्यक खाद्य वस्तुओं के लिए बफर स्टॉक बढ़ाने, खुले बाजार में खरीदे गए खाद्यान्न की रणनीतिक बिक्री करने और जरूरी आयात की सुविधा जैसे कई रणनीतिक कदम उठाए हैं। निसंदेह सरकार के द्वारा महंगाई नियंत्रण के लिए की गई विभिन्न आर्थिक और कूटनीतिक पहलों के लाभ मिले हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस युद्ध से निर्मित महंगाई की चुनौती के बीच कुछ अहम बुनियादी बातें भारत के लिए महंगाई नियंत्रण की शक्ति बन गई हैं। इस समय भारत के पास विशाल खाद्यान्न भंडार और जरूरत की दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक आर्थिक अनुकूलताओं के रूप में दिखाई दे रहा हैं। पिछले वर्ष 2024-25 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और इस वर्ष 2025-26 में इससे भी अधिक खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में मार्च 2026 के अंत तक लगभग गेहूं और चावल का 600 लाख टन से अधिक का उपलब्ध स्टॉक खाद्य सुरक्षा के मामले में भारत की मजबूती है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। इतना ही नहीं महंगाई की किसी भी चुनौती से निपटने के लिए भारत के पास 10 अप्रैल तक 700 अरब डॉलर से अधिक के विदेशी मुद्रा कोष की शक्ति भी है। रिजर्व बैंक के द्वारा आवश्यक होने पर मौद्रिक नीति सख्त करते हुए वर्तमान 5.25 प्रतिशत की नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) को बढ़ाया जाएगा। उम्मीद करें कि सरकार कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को कड़ाई से लागू करते हुए इसके तहत जरूरत के मुताबिक वस्तुओं के भंडारण की सीमा, नियमित छापेमारी और दोषियों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई की राह पर भी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई देंगी।

( लेखक लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जनसंपर्क दिवस पर विशेष

# वास्तविक 'प्रगति' का वास्तविक 'प्रचार' होना ही चाहिए



अशोक मनवानी
संपादक
मप्र संदेश

21 अप्रैल को जनसंपर्क दिवस पर पूरे देश में विविध वैचारिक आयोजन हो रहे हैं। आज शासकीय क्षेत्र हो या निजी क्षेत्र जनसंपर्क कार्य की विशेष उपयोगिता है। सोशल मीडिया के दौर में मीडिया मॉनिटरिंग एक महत्वपूर्ण कार्य के रूप में उभर कर आया है। यह जनसंपर्क की ऐसी शाखा है जिसके कारण यह क्षेत्र अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। जनसंपर्क कार्य के महत्व से न सिर्फ जनसंपर्क अधिकारी बल्कि शासकीय और कॉर्पोरेट क्षेत्र का हर व्यक्ति भली-भांति परिचित है। आज किसी व्यक्ति या संस्थान की प्रतिष्ठा में वृद्धि सिर्फ उसके श्रेष्ठ कार्यों से नहीं होती बल्कि अच्छी छवि बनाने के लिए किए गए प्रयास बहुत मायने रखते हैं। सरकारों के जनसंपर्क विभाग आम जनता को सूचित, शिक्षित और जागरुक बनाने का कार्य करते हैं। यही नहीं सरकार के प्रमुख लोगों की छवि बनाना भी जनसंपर्क विभाग के प्रमुख दायित्व में शामिल है। व्यक्ति और संस्थान दोनों की अच्छी छवि से यह धारणा बनती है कि वर्तमान व्यवस्था श्रेष्ठ अथवा बेहतर है। आमतौर पर प्रत्येक सरकार कुछ खास क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देती है। इसी वजह से प्रचार कार्य में यह स्थापित किया जाता है कि पूर्व सरकार ने इन क्षेत्रों की उपेक्षा की अथवा पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। इससे यह सिद्ध होता है कि वर्तमान सरकार जनकल्याण के प्रति अधिक प्रतिबद्ध है। वास्तव में ऐसा होता भी है। यह कार्य काफी चुनौती पूर्ण भी होता है। जनसंपर्क अधिकारी की भूमिका और दायित्व विनोद महत्वपूर्ण होता जा रहा है। इस कार्य से जुड़े व्यक्ति को पल-पल नई सूचनाएं और जानकारियां प्राप्त करने की ललक होना चाहिए।

आज अनेक संस्थान सिर्फ सही दिशा में किए जाने वाले प्रचार और जनसंपर्क वजह से तुलनात्मक रूप से बेहतर माने जाने लगे हैं। वास्तविक प्रगति का वास्तविक प्रचार होना ही चाहिए। जनसंपर्क अधिकारी संस्थान की कोशिशों को बेहतर जानता है।

नई सदी की शुरूआत सोशल मीडिया के दौर से हुई। आज पत्र-पत्रिकाओं और टीवी चैनल्स की बढ़ती संख्या के कारण उन्हें निरंतर कंटेंट की आवश्यकता होती है। इसकी पूर्ति समाचार एजेंसियां, फीचर एजेंसियां और विभिन्न पोर्टल से की जाती है। किसी समय गांव-गांव जाकर सिनेमा दिखाने वाला सरकार का जनसंपर्क अधिकारी आज मैनेजमेंट के युग में नई भूमिका में आ गया है। उसे कंटेंट तैयार करने के अलावा कार्यक्रम आयोजित करने, प्रमुख लोगों से व्यक्तिगत रिश्ते बनाने और प्रकाशन, प्रसारण के मुद्दे तय करने का कार्य भी करना होता है।

## सटाका




## आज की पाती

### गलत खानपान से बढ़ता मोटापा

हमारे देश के लोगों में मोटापा बढ़ता जा रहा है। इससे जानलेवा बीमारियों के बढ़ने का खतरा ज्यादा होता है। आज हमने अपनी जीवनशैली और खानपान की आदतों को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। मोटापा भी कुदरत के विरुद्ध खानपान और जीवनशैली अपनाने से बढ़ता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और हमारे देश की सरकारें, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन बहुत से अभियान चलाते हैं। योग गुरु भी इसके लिए काम करते हैं, लेकिन हम उनकी बातों की तरफ ध्यान नहीं देते हैं और फिर गलत खानपान और जीवनशैली अपना कर अपना स्वास्थ्य खराब कर लेते हैं। कुछ लोगों ने अपने खानपान और जीवनशैली की आदत को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य को खराब करने का काम किया है।

*- पवन कुमार, पानीपत*

## करंट अफेयर

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव के लिए चार उम्मीदवारों में मुकाबला

संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने के लिए चार उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है और वे अपनी दावेदारी पेश करने के लिए इस सप्ताह संगठन के 193 सदस्यों के राजदूतों के प्रश्नों के उत्तर देंगे। यह संख्या 10 वर्ष पहले जब एंतोनियो गुतारेस का संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के रूप में चयन हुआ था, तब की तुलना में काफी कम है। चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बेचेलेट मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के राजदूतों के समक्ष तीन घंटे के प्रश्नोत्तर सत्र में सबसे पहले शामिल होंगी। इस पद के उम्मीदवारों में बेचेलेट समेत दो महिलाएं और लातिन अमेरिका के तीन उम्मीदवार शामिल हैं। बेचेलेट के बाद अर्जेंटीना के संयुक्त राष्ट्र परमाणु प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी का नंबर आएगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार प्रमुख रेबेका ग्रिंसपैन बुधवार को महासभा कक्ष में प्रश्नों का उत्तर देंगी और अंत में सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल पेश होंगे। इस पद के लिए 2016 में 13 उम्मीदवारों ने दावेदारी पेश की थी और मुकाबला काफी कड़ा था। ऐसे में सवाल है कि उम्मीदवारों की संख्या कम होने का क्या कारण है। इसका एक कारण यह है कि 2026 की दुनिया गहरे ध्रुवीकरण और संघर्षों से घिरी हुई है और मौजूदा परिस्थितियां 2016 के अपेक्षाकृत अधिक शांत वैश्विक माहौल से काफी अलग हैं।



## ऑफ बीट

# साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी

साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं।



लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं। हमारे पैरों को हर कदम पर एक बड़े दायरे में आगे बढ़ाना पड़ता है, हर कदम पर पैरों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर उठाना पड़ता है। सिर्फ इस क्रिया में ही शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। साइकिल पर, आपके पैर बहुत छोटी गोलाकार गति में घूमते हैं। हर क्रिया पर अपने पूरे पैर का वजन उठाने के बजाय, आप बस अपनी जांघों और पिंडलियों को एक संकुचित पैडल वाली साइकिल पर घुमाते हैं। इस वजह से शारीरिक ऊर्जा की बचत तुरंत महसूस होती है। लेकिन असली दक्षता यह है कि मानव ताकत ऐसी ऊर्जा में बदल जाती है जो साइकिल को आगे बढ़ाती है।

## ट्रेंड

### कृषि समृद्धि की आधारशिला



कृषि हमारी समृद्धि की आधारशिला है और हमारे किसान भाई-बहन देश के अन्नदाता। इनका परिश्रम और समर्पण ही राष्ट्र की प्रगति को सुनिश्चित करता है।
कृषिर्धन्या कृषिर्मेध्या जन्तूनां जीवनं कृषिः।
अन्नदः सर्वदश्चैव तस्माच्छ्रेष्ठतरो हि सः॥
**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाएं



अगर सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती तो वह ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाए और सबसे पूछे कि इसे कैसे लागू करें? लेकिन मोदी सरकार ने पार्लियामेंट का सेशन बुलाया ताकि दिखा सके कि उसे महिला आरक्षण की परवाह है। सच तो यह है कि मोदी के खाने व दिखाने के अलग-अलग दांत हैं।
**-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### बंगाल विकास की राह पर चले



पिछले 15 वर्षों में बंगाल ने केवल 'खेल' देखा है, लेकिन अब समय आ गया है कि राज्य विकास की राह पर चले। राज्य की बदहाल कानून व्यवस्था और बढ़ते भ्रष्टाचार ने आमजन को परेशान किया है। बंगाल की जनता अब बदलाव के लिए मन बना चुकी है और ममता को बदलकर ही रहेगी।
**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

### रबींद्रनाथ टैगोर की जमीन



अरे ये पश्चिम बंगाल रबींद्रनाथ टैगोर की जमीन है। बाबर की जमीन नहीं है। लेकिन ममता दीदी के कारण कोई भी आकर बोल सकता है कि बाबर की मस्जिद बनाऊंगा। असम में ये बोलकर देखो। तुरंत थाने जाना पड़ेगा। **-हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# तृणमूल ने महिला आरक्षण का विरोध करके महिलाओं के साथ किया 'विश्वासघात': नबीन

# बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान पीएम का झालमुरी खरीदने के लिए रुकना 'नाटक': ममता

एजेंसी ▶▶ महिषादल (पश्चिम बंगाल)

नबीन ने दावा किया कि 'मां, माटी, मानुष' सरकार के तहत महिलाएं सबसे अधिक पीड़ित और परेशान रही हैं। यदि कोई महिला मुख्यमंत्री अपने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकतीं, तो उन्हें पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रमुख नितिन नबीन ने सोमवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने 2029 से विधायिकाओं में महिला आरक्षण लागू करने के केंद्र के प्रयास का विरोध कर उनके (महिलाओं के) साथ 'विश्वासघात' किया है। पूर्व मेदिनीपुर के महिषादल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि अगर यह मामला 'अल्पसंख्यकों के आरक्षण' का होता, तो ममता बनर्जी इसके समर्थन में मीलों पदयात्रा को तैयार रहतीं। उन्होंने कहा कि अब राज्य की महिलाओं के लिए समय आ गया है कि वे ऐसी सरकार को सजा दें, जो घुसपैठियों की रक्षा करती है और अपनी बेटियों को असुरक्षित छोड़ देती है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता नरेंद्र मोदी महिलाओं को शासन में उनका अधिकार दिलाने के लिए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लेकर आए, लेकिन ममता दीदी के सांसदों ने इसका विरोध किया। इसके उपरांत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एगरा और केशियारी में भव्य रोड शो भी किया।

**घुसपैठियों की रक्षा करने वाली सरकार को चुनाव में शिकस्त दें**

भाजपा योग्यता के आधार पर रोजगार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

### मां, माटी, मानुष सरकार में महिलाएं सर्वाधिक पीड़ित


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन एगरा और केशियारी में भव्य रोड शो करते हुए

नबीन ने कहा कि यह विडंबना है कि एक महिला मुख्यमंत्री वाले राज्य में संदेशखालि से लेकर जय नगर तक बेटियों का अपमान हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि 'मां, माटी, मानुष' सरकार के तहत महिलाएं सबसे अधिक पीड़ित और परेशान रही हैं। यदि कोई महिला मुख्यमंत्री अपने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकतीं, तो उन्हें पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है।

### जनता की जमीन घुसपैठियों को सौंप रहे

नबीन ने कहा कि टीएमसी 'तुष्टीकरण की राजनीति' के तहत पश्चिम बंगाल में जनता की जमीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को सौंप रही है। राज्य में 'डबल इंजन' वाली भाजपा सरकार बनने पर अवैध प्रवासियों को 'डिलीट, डिमोट और डिपोर्ट' किया जाएगा। उन्होंने 'सिंडिकेट' संस्कृति को खत्म करने और योग्यता के आधार पर रोजगार देने का भी वादा किया।

तमिलनाडु में केंद्र पर राहुल गांधी का आरोप

## भाजपा ने मणिपुर को 'आग में झोंका' कांग्रेस और नफरत नहीं फैलाने देगी

**तिरुनेलवेली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में चुनावी रैली में आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के अल्पसंख्यकों को डराया-धमकाया और मणिपुर राज्य को 'आग में झोंक' दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी नफरत नहीं फैलाने देगी। अन्नाद्रमुक वह पुरानी पार्टी नहीं रही। आज यह खोखली हो गई है क्योंकि इसके नेताओं ने समझौता कर लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार में वे (अन्नाद्रमुक) आकंठ डूब गए हैं और वे भाजपा की इच्छा के विरुद्ध कुछ नहीं कर सकते। पीएम मोदी और अमित शाह ने तमिलनाडु राज्य पर कब्जा करना चाहते।



### तमिलनाडु में नहीं चलने देंगे भाजपा का बिहार मॉडल

राहुल गांधी ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में कहा कि भाजपा तमिलनाडु में भी यही बिहार मॉडल दोहराना चाहती है। वे तमिलनाडु में ऐसी सरकार चाहते हैं जिसे वे पूरी तरह अपने इशारों पर नचा सकें। वे यहां एक ऐसा मुख्यमंत्री चाहते हैं जो वही करे जो भाजपा कहे। राहुल ने साफ शब्दों में कहा कि वे तमिलनाडु में भाजपा को कभी भी ऐसी कठपुतली सरकार नहीं बनाने देंगे।

ममता का आरोप

### पीएम तय कार्यक्रम के बिना रुके, तो कैमरा कैसे मौजूद



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने आरोप लगाया कि राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी का अचानक 'झालमुरी' खरीदने के लिए रुकना 'नाटक' था। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने बीरभूम जिले के मुरारई विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करने के दौरान प्रधानमंत्री का नाम लिए बगैर कहा कि यह सब नाटक है। चुनाव प्रचार के दौरान पीएम पूर्व में तय कार्यक्रम के बिना अचानक रुके, उस समय वहां कैमरा कैसे मौजूद था? पूरा वाकया पहले से तय था। उन्हें जेब में 10 रुपये का नोट लिए देखा गया। क्या इस पर विश्वास किया जा सकता है?

### हमारा विरोध केवल परिसीमन विधेयक के खिलाफ था: खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कूचबिहार में दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने ही 2029 से विधायिकाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने वाले संविधान संशोधन विधेयक को खत्म कर दिया, जबकि विपक्ष ने केवल परिसीमन विधेयक का विरोध किया था। हम हमेशा महिलाओं के अधिकार और कल्याण सुनिश्चित करने के पक्ष में रहे हैं।

### जेपी नड्डा का दावा: 4 मई को पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार होगी



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद में भाजपा प्रत्याक्षी के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता की आवाज एकतरफा है और राज्य में 4 मई को भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है, जबकि तृणमूल कांग्रेस की विदाई तय है। पश्चिम बंगाल की जनता भ्रष्टाचार, परिवारवाद, घुसपैठ और महिलाओं, युवाओं तथा आम नागरिकों पर हो रहे अत्याचार से मुक्ति चाहती है।

### विजय के रोड शो में बिगड़ी कई समर्थकों की तबीयत



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बीच अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने जोरदार चुनावी अभियान शुरू कर दिया है। विजय ने पोननेरी विधानसभा क्षेत्र के पंचट्टी इलाके में बड़ा रोड शो किया, जहां भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने उनका जोरदार समर्थन किया। भीड़ और तेज धूप के कारण कई समर्थकों की तबीयत बिगड़ गई। एक महिला समर्थक को पार्टी कार्यकर्ताओं ने तुरंत प्राथमिक उपचार दिया।

---

## खबर संक्षेप

### जेएनयू में कर्मचारियों के बच्चों का कोटा 5% बढ़ाया



**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने आने वाले शैक्षणिक सत्र से अपने शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के बच्चों के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। विश्वविद्यालय ने सभी स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 5 प्रतिशत अतिरिक्त सीटों का आरक्षण लागू करने को मंजूरी दे दी है।

### आरकॉम को दो वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बताया कि अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के दो वरिष्ठ अधिकारियों को कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों की पहचान आरकॉम के उपाध्यक्ष अनिल कालिया और संयुक्त अध्यक्ष डी. विश्वनाथ के रूप में की है।

### केजरीवाल की अर्जी हाईकोर्ट से खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में दिल्ली हाईकोर्ट से अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कान्ता शर्मा ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने से इनकार कर दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल समेत अन्य आरोपियों की अर्जी को खारिज कर दिया है।

### आईआईटी के साथ ड्रोन से तेज डिलीवरी संभव



**नई दिल्ली।** देश में ड्रोन के जरिए हवाई मार्ग से सामान पहुंचाने की नई तकनीक को परखा गया। इसमें एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय कूरियर कंपनी और मद्रास का प्रमुख तकनीकी संस्थान एक साथ आए। इस परीक्षण का मकसद यह देखना था कि भीड़भाड़ वाले माहौल में ड्रोन के जरिए सामान कितनी तेजी और सुरक्षित तरीके से पहुंचा सकता है।

---

महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नहीं होने पर एनडीए का विपक्षी दलों पर हमला तेज

# नायडू बोले- विरोधी दलों ने महिलाओं के साथ किया अन्याय, माफी मांगें

कई राज्यों में एनडीए ने 'जन-आक्रोश महिला रैली' आयोजित की

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि पीएम मोदी ने महिलाओं के लिए जो 33 प्रतिशत आरक्षण किया है, वह देश के लिए सबसे प्रगतिशील निर्णयों में से एक है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के साथ विश्वासघात किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नहीं होने पर एनडीए में शामिल भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने पूरे देश में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर हमले तेज कर दिए हैं। आंध्र प्रदेश के सीएम तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि पीएम मोदी ने महिलाओं के लिए जो 33 प्रतिशत आरक्षण किया है, वह देश के लिए सबसे प्रगतिशील निर्णयों में से एक है। कांग्रेस, द्रुमक और अन्य राजनीतिक दलों ने महिलाओं के साथ अन्याय किया। हर महिला को इस पर चर्चा और बहस करनी होगी। अब उन्हें महिलाओं से माफी मांगनी होगी। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा द्रुमक सरकार में दूरदर्शिता की कमी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रुमक) पार्टियां सुधारों की 'हमेशा से विरोधी' रही हैं और राज्य की जनता को उन्हें हराना चाहिए। नायडू ने सत्तारूढ़ द्रुमक पर आरोप लगाया कि तमिलनाडु राज्य में एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार केंद्र सरकार के सहयोग का लाभ उठाने में विफल रही है।

महाराष्ट्र में एक करोड़ महिलाओं के हस्ताक्षर के लिए बड़ा अभियान


आंध्र प्रदेश के सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू प्रदर्शन के दौरान संबोधित करते हुए

सीएम फडणवीस का आरोप

### विपक्ष की 'पिछड़ी मानसिकता' के चलते महिलाओं के अधिकारों की 'भ्रूणहत्या'



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने आरोप लगाया कि विपक्ष की 'पिछड़ी मानसिकता' ने भारत में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के एक ऐतिहासिक क्षण की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन अब राज्य भर की महिलाओं से एक करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करने के लिए एक व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य जनमत का निर्माण करना और विपक्ष के महिला विरोधी रुख को उजागर करना है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निर्वाचित निकायों में महिलाओं के अधिकारों की 'भ्रूणहत्या' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपनी प्रतिगामी मानसिकता के कारण महिला आरक्षण विधेयक की हत्या कर दी।

राजस्थान में 'जन आक्रोश'

### 17 अप्रैल को विपक्ष ने 'काला पन्ना' बनाकर छोड़ दिया: सीएम शर्मा

राजस्थान की राजधानी जयपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक का समर्थन नहीं करने पर विपक्ष के खिलाफ सोमवार को प्रदर्शन किया और 'नारी के सम्मान में जन आक्रोश महिला पदयात्रा' निकाली। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि 17 अप्रैल को ऐतिहासिक दिन बनने वाला था जब लोकसभा में महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक पर चर्चा के बाद मतदान हुआ, लेकिन विपक्ष ने इसे 'काला पन्ना' बनाकर छोड़ दिया। उन्होंने 'महिला विरोधी मानसिकता' वाले लोगों को सबक सिखाने का आह्वान किया।



बिहार सीएम का निशाना

### विपक्ष नहीं चाहता महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़े

बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने सोमवार को कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियां नहीं चाहतीं कि सामान्य और गरीब वर्ग की महिलाएं सांसद और विधायक बनें।



#### पीएम मोदी और नीतीश ने महिलाओं के लिए काम किया

चौधरी ने कहा कि विपक्षी दलों ने दशकों से महिलाओं के आरक्षण में बाधा डाली है, जबकि केंद्र और बिहार में राजग सरकारें महिलाओं के उत्थान के लिए काम करती रही हैं। नीतीश कुमार और पीएम नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा और प्रगति के लिए काम किया है, मैं उसी काम को आगे बढ़ाऊंगा।

कांग्रेस महासचिव जयराम का तंज

## एजेंडा महिला आरक्षण का नहीं मुद्दे में पीएम का 'संरक्षण' छिपा


कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि महिला आरक्षण की आड़ में मोदी सरकार द्वारा उठाए गए परिसीमन के कदम को नाकाम करना 'बुलडोजर राजनीति' की हार है और यह पूरी तरह स्पष्ट होना चाहिए कि केंद्र सरकार का एजेंडा महिला आरक्षण नहीं, बल्कि पीएम नरेंद्र मोदी का 'संरक्षण' है। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि कि केंद्र सरकार संसद के मानसून सत्र या मई के अंत में एक विधेयक लाकर मौजूदा लोकसभा सीटों के आधार पर महिला आरक्षण को तत्काल लागू करे। जयराम रमेश ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर महिलाएं भाजपा के प्रचार के झांसे में नहीं आएंगी।

### कांग्रेस अध्यक्ष की मांग को अनसुना किया

जयराम रमेश ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सितंबर 2023 में सर्वसम्मति से पारित किया गया था, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की इस मांग को अनसुना कर दिया गया कि इसे 2024 के आम चुनाव से लागू किया जाए। कांग्रेस नेता का कहना है कि अचानक, 16 अप्रैल की रात को अधिनियम अधिसूचित किया गया। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि सरकार जातीय जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। हम लोकसभा की मौजूदा संख्या के आधार पर विधायिकाओं में महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग करते हैं। सरकार अगर इससे पहले ऐसा करना चाहती है तो उसे मानसून सत्र के दौरान या मई के अंत में एक संशोधन विधेयक लाना होगा।

### महिला आरक्षण विधेयक पर पीएम का दोहरा रवैया



कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया ने सोमवार को पीएम मोदी पर महिलाओं के आरक्षण को लेकर 'दोहरा मापदंड' अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र सरकार ने पहले अवसर होने के बावजूद इसके क्रियान्वयन में देरी की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मोदी पहले कल्याणकारी गारंटियों का विरोध करते थे और अब उन्हें ही लागू कर रहे हैं। इसे ही मैं दोहरा मापदंड कहता हूं। नरेंद्र मोदी सामाजिक न्याय के पक्षधर नहीं हैं। अगर होते, तो यह काम बहुत पहले हो गया होता। वह कितने वर्षों से सत्ता में हैं? 12 साल हो गए। अब तक यह क्यों नहीं किया गया? कांग्रेस महिलाओं के आरक्षण के समर्थन में रही।

---

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कर्नाटक में कार्रवाई

## कांग्रेस विधायक के बेटों समेत अन्य के ठिकानों पर छापेमारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कर्नाटक में कई जगहों पर छापामारी की। इसमें कर्नाटक कांग्रेस विधायक एनए हरिस के बेटों से जुड़े परिसर शामिल हैं। यह कार्रवाई क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई है। अधिकारियों ने बताया कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत श्रीकृष्ण रमेश उर्फ श्रीकी और अन्य आरोपियों के खिलाफ करीब 12 परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। ये छापा बेंगलुरु समेत कर्नाटक के विभिन्न स्थानों पर किए गए। छापों में विधायक एनए हरिस के बेटों मोहम्मद हरिस नालापड़ और ओमार फारूक नालापड़ से जुड़े परिसर भी शामिल हैं। जांच कर्नाटक पुलिस द्वारा दर्ज कई एफआईआर और चार्जशीट पर आधारित है। इनमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वेबसाइटों को हैक करना, बिटकॉइन चोरी, एक्सटॉर्शन और एनडीपीएस एक्ट के उल्लंघन जैसे अपराध शामिल हैं।

सीबीआई के 23 अधिकारियों को पुलिस पदक से किया सम्मानित

# साइबर अपराध बड़ी चुनौती, पुलिस और न्यायपालिका को मिलकर करना होगा मुकाबला: सीजेआई सूर्यकांत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने भारत मंडपम में आयोजित 22वें डी.पी. कोहली स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर अपराध आज एक तेज़ी से बढ़ता, सीमाओं से परे और गुमनाम खतरा बन चुका है, जो पारंपरिक कानून-व्यवस्था तंत्र के लिए बड़ी चुनौती है। यह व्याख्यान सीबीआई द्वारा उसके संस्थापक निदेशक डीपी कोहली की स्मृति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने सीबीआई के 23 अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदक भी प्रदान किए।

### तकनीक आधारित और समन्वित प्रतिक्रिया पर जोर

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अब समय आ गया है कि कानून-प्रवर्तन एजेंसियां रियल-टाइम, समन्वित और तकनीक-आधारित रणनीति अपनाएं। उन्होंने बैंकों, टेलीकॉम कंपनियों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और जांच एजेंसियों के बीच बेहतर सूचना साझाकरण की आवश्यकता बताई। उन्होंने ऑटोमेटेड डिटेक्शन सिस्टम, अर्ली वॉर्निंग मैकेनिज्म पर जोर दिया।

### डिजिटल दुनिया अवसरों का महासागर, पर खतरे भी छिपे

डिजिटल परिदृश्य की तुलना एक विशाल महासागर से करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें अपार अवसर हैं, लेकिन साइबर अपराधियों के रूप में कई छिपे खतरे भी मौजूद हैं। ऐसे में समाज की सुरक्षा के लिए पुलिस और न्यायपालिका को दो मजबूत स्तंभ के रूप में मिलकर कार्य करना होगा।

### 'अभय' चैटबॉट लॉन्च

कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने 'अभय' नामक एक एआई आधारित चैटबॉट लॉन्च किया। यह टूल नागरिकों को आधिकारिक नोटिस की सत्यता जांचने में मदद करेगा और साइबर ठगी से बचाव में सहायक होगा। यह पहल खासतौर पर उन मामलों को ध्यान में रखते हुए लाई गई है, जहां सीबीआई के नाम पर फर्जी नोटिस भेजकर 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे फ्रॉड किए जाते हैं।

# होर्मुज में फंसे नाविकों पर जायसवाल बोले- ईरान से हो रही लगातार बातचीत

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच भारत पूरी तरह सतर्क है और प्रधानमंत्री के निर्देश पर गल्फ देशों के साथ लगातार संपर्क में है*

## खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता तनाव, भारतीय नाविकों की सुरक्षा में जुटा विदेश मंत्रालय

### होर्मुज पर बरकरार तकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और भारतीय नागरिकों की मदद को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू गैस, बंदरगाह संचालन और आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं, जबकि विदेश मंत्रालय लगातार भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है।

### भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया



### भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही पर जोर

*जायसवाल ने कहा कि भारत ईरान और अन्य देशों के संपर्क में है ताकि होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि शनिवार को हुई फायरिंग की घटना की जानकारी मिलते ही भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया।*

### ईरान ने होर्मुज को लेकर फिर दी धमकी

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को रोकने के अपने वादे जोर देते हुए कहा कि जब तक ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिका की नाकेबंदी जारी रहेगी, वह जहाजों को रोकता रहेगा। इस बीच, मध्यस्थ इस हफ्ते युद्धविराम खत्म होने से पहले आगे की बातचीत पक्की करने की कोशिश में लगे हुए हैं। इस दोहरी नाकेबंदियों ने पाकिस्तान की अगुवाई में हो रही मध्यस्थता की कोशिशों को मुश्किल बना दिया है और यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या युद्धविराम को बुधवार की तय समय सीमा से आगे बढ़ाया जा सकता है। गालिबफ, जो अमेरिका के साथ बातचीत में ईरान के मुख्य वार्ताकार हैं, उन्होंने कहा कि तेहरान इस अहम जलमार्ग से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों को रोकता रहेगा। यह बयान तब आया जब शनिवार को ईरान की नौसेना ने वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे जहाजों पर गोलियां चलाईं थीं।

### भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर ईरानी राजदूत ने दिया आश्वासन

उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष ने ईरान के राजदूत को तलब किया और विदेश सचिव स्तर पर बैठक कर गहरी चिंता जताई। भारत ने साफ कहा कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और समुद्री मार्गों पर बिना किसी बाधा के आवाजाही होनी चाहिए। जयसवाल के मुताबिक, ईरानी राजदूत ने आश्वासन दिया कि भारत की चिंताओं को तेहरान स्थित संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संपर्क लगातार जारी है।

### भारतीय दूतावास-बंदरगाह 24 घंटे हेल्पलाइन चला रहे

विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (गल्फ) असीम महाजन ने बताया कि क्षेत्र में भारतीय दूतावास और बंदरगाह 24 घंटे हेल्पलाइन चला रहे हैं। उड़ानों, यात्रा व्यवस्था, वाणिज्य दूतावास सेवाओं और भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। गल्फ एयर ने बहरीन और भारत के बीच सीमित उड़ान सेवाएं शुरू करने की योजना की घोषणा की है। अब तक 2,423 भारतीय नागरिक ईरान और अजरबैजान से बाहर निकाले जा चुके हैं। साथ ही जॉर्डन और मिस्र से भारतीय नागरिकों की भारत वापसी भी सुगम बनाई जा रही है।

### सुजाता शर्मा का दावा: देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य

पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी गैस खत्म होने जैसी स्थिति सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई थी, लेकिन अब उसे 70 प्रतिशत तक बहाल कर दिया गया है। प्राकृतिक गैस की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें घरेलू जरूरतों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी गई है।

### भारतीय जहाजों पर हुई फायरिंग

वहीं, बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक मंदीप सिंह रंधावा ने बताया कि पिछले 48 घंटों में भारत के दो जहाज होर्मुज से गुजरते समय फायरिंग की घटना का शिकार हुए, जिसके बाद दोनों जहाज वापस फारस की खाड़ी लौट गए। हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं पहुंची। उन्होंने कहा कि मंत्रालय लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। महानिदेशक शिपिंग के माध्यम से अब तक 2,563 भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई है, जिनमें पिछले 24 घंटों में 25 नाविक शामिल हैं। देशभर के बंदरगाहों पर संचालन सामान्य है और कहीं भी भीड़भाड़ की स्थिति नहीं है।

## भारतीय नौसेना ने होर्मुज में बढ़ाया सुरक्षा घेरा

### देश के जहाजों को दी चेतावनी, लार्क द्वीप से बनाए रखें दूरी, अनुमति के बाद ही आगे बढ़े



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले दिनों होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते वक्त ईरान की नौसेना (इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर, आईआरजीसी) द्वारा भारत के दो वाणिज्यिक जहाजों पर की गई गोलीबारी के बाद इस अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में भारतीय नौसेना ने देश के जहाजों का सुरक्षा घेरा काफी कड़ा कर दिया है। साथ ही बल ने जहाजों को यह चेतावनी भी दी है कि वो लार्क द्वीप से दूरी बनाकर रखें और वैश्विक जलमार्ग से निकलते वक्त उसकी अनुमति मिलने के बाद ही आगे बढ़ें। नौसेना की तरफ से इस पूरे मामले में इलाके से बाहर निकलने वाले अपने सभी जहाजों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जा रही है। वहीं, भारत ने फारस की खाड़ी में मौजूद अपने वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा के लिए एक परामर्श भी जारी किया है। यहां बता दें कि लार्क द्वीप होर्मुज के सबसे संकरे भाग में मौजूद ईरान की बड़ी तेल अवसंरचना का हिस्सा है।

### 11 जहाजों ने पार की होर्मुज, इंतजार में हैं 14

अब तक कुल 11 भारतीय जहाजों ने सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है। जबकि फारस की खाड़ी में 14 जहाज ऐसे हैं। जो होर्मुज को पार करने का इंतजार कर रहे हैं। नौसेना इलाके में भारतीय ध्वज वाले अपने सभी जहाजों के संपर्क में बनी हुई है और उन्हें जलडमरूमध्य को उसकी अनुमति के बिना पार न करने को कह रही है। वर्तमान में नौसेना ने फारस की खाड़ी में अपने लगभग 7 जंगी युद्धपोतों को तैनात किया है। पूर्व में यह संख्या दो से तीन के बीच बनी हुई थी और नौसेना होर्मुज से ओमान की खाड़ी पर पहुंचने पर स्वदेशी जहाजों को सुरक्षा मुहैया कराती थी।

### 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचेगा 'देश गरिमा' टैंकर

यहां चौकाने वाली एक बात यह भी है कि गोलीबार की यह घटना एक ऐसे समय में सामने आई है। जब ईरान ने बीते कई मौकों पर भारत को अपने मित्र देश की सूची में शामिल करने और अमेरिका के साथ चल रहे उसके युद्ध के बीच सभी व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही को बरकरार रखने का वादा भी किया था। गोलीबारी की घटना वाले दिन ही 'देश गरिमा' नामक भारत के एक अन्य जहाज ने होर्मुज को सुरक्षित पार कर लिया था। अब इस जहाज के 22 अप्रैल तक मुंबई पहुंचने की संभावना है।

## अमेरिकी नेवी ने चीन से आ रहे ईरानी जहाज पर किया कब्जा

### भड़का ईरान, बदला लेने की खाई कसम



**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी नेवी ने ईरान का झंडा लगे एक मालवाहक जहाज को अपनी हिरासत में लिया है। जहाज को उस समय कब्जे में लिया गया जब वह कथित तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिकी नाकाबंदी पार करने की कोशिश कर रहा था। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसकी जानकारी दी है। इस घटना से खाड़ी में तनाव भड़क गया है। ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर के उल्लंघन का आरोप लगाया है और करारा जवाब देने की बात कही है।

### घेराबंदी की कोशिश अच्छी रही

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, तौस्का नाम के ईरानी झंडे वाले एक मालवाहक जहाज ने हमारी नौसैनिक घेराबंदी को पार करने की कोशिश की, और उसका नतीजा उनके लिए अच्छा नहीं रहा। ट्रंप ने आगे लिखा, अभी वह जहाज यूएस मरीन के कब्जे में है। जहाज पूरी तरह से हमारे कब्जे में है और हम देख रहे हैं कि उसमें क्या-क्या है। ट्रंप ने यह भी कहा कि पिछली गैर-कानूनी गतिविधियों के कारण अमेरिकी ट्रेजरी के प्रतिबंधों के दायरे में है। इस घटना पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ईरान ने कहा कि अमेरिका ने संघर्ष-विराम का उल्लंघन करते हुए और समुद्री डकैती को अंजाम देते हुए ओमान सागर के जलक्षेत्र में ईरान के वाणिज्यिक जहाज पर हमला किया। उसने जहाज पर गोलीबारी की और उसके डेक पर अपने कई मरीन सैनिकों को उतारकर उसके नेविगेशन सिस्टम को निष्क्रिय कर दिया।

## खबर संक्षेप

### जापान में 7.4 की तीव्रता का भूकंप, तबाही की आशंका


**टोक्यो।** जापान में सोमवार को 7.4 की तीव्रता का भूकंप आया है। मीडिया को मिली जानकारी के



अनुसार सोमवार दोपहर को देश के उत्तर-पूर्वी तट के पास 7.4 की शुरुआती तीव्रता वाला भूकंप आया। इस तीव्रता का भूकंप बहुत ज्यादा नुकसान कर सकता है। भूकंप के बाद इवाते आओमोरी और होक्काइडो प्रांतों में 3 मीटर (9.84 फीट) तक ऊंची सुनामी आने की चेतावनी दी है। ऐसे में बड़े नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है।

### फर्जी पासपोर्ट बनवाकर लश्कर का आतंकी भागा

**श्रीनगर ।** लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का आतंकवादी उमेर हारिस उर्फ 'खरगोश' भारत से



भाग गया है। वह जयपुर से सज्जाद नाम से जारी जाली पासपोर्ट के जरिए देश से भागा है। वह भारत छोड़ने के बाद सऊदी अरब में जाकर छिपा है। सज्जाद के बारे में दावा किया गया है कि वह राजस्थान का निवासी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से दर्ज किया गया मामला संभवतः राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपा जाएगा।

## पीएम मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के बीच द्विपक्षीय बैठक

### चिप से लेकर शिप तक करार हुआ

# दोनों देशों के बीच 2030 तक 50 बिलियन डॉलर व्यापार का लक्ष्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के बाद दोनों देशों के नेताओं ने अपना संबोधन दिया। दोनों देशों के बीच एमओयू एक्सचेंज हुए। इसके साथ ही दोनों देशों ने व्यापार, संस्कृति और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और कोरिया का द्विपक्षीय व्यापार आज 27 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2030 तक इसे 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अपनी पहली भारत यात्रा पर प्रेसिडेंट ली का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। प्रेसिडेंट ली का जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है।

हर चुनौती ने उनके भीतर जनसेवा के संकल्प को और सशक्त किया है। भले ही यह उनकी पहली भारत यात्रा हो, लेकिन भारत के प्रति उनकी आत्मीयता हमारी पहली मुलाकात से ही स्पष्ट रही है। उन्होंने आगे कहा कि आठ वर्ष बाद कोरिया के राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा, अत्यंत महत्वपूर्ण है। डेमोक्रेटिक वैल्यूस, मार्केट ईकानमी और कानून के शासन के प्रति सम्मान, हम दोनों देशों के डीएनए में हैं। इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में भी हमारा सामान्य दृष्टिकोण है। इन सबके आधार पर, पिछले एक दशक में हमारे संबंध अधिक गतिशील और व्यापक हुए हैं। पीएम मोदी दोनों देश के बीच हुए समझौते के बारे में बताते हुए कहा कि भारत और कोरिया का बाइलैटरल ट्रेड, आज ट्वेंटी सेवन बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2030 तक इसे फिफ्टी बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

### फिल्म और गेमिंग समेत पॉप कल्चर को लेकर भी हुई चर्चा



हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग और पीएम मोदी

### दोनों देशों के बीच इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट समझौता



भारत और दक्षिण कोरिया अब चिप से लेकर जहाज बनाने तक में सहयोगी बनेंगे। सोमवार को पीएम मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह सहमति बनाई गई। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच बड़ा इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट समझौता हुआ है।

### पीएम मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में ली सेल्फी

हैदराबाद हाउस में हुई इस बैठक के दौरान ली जे-म्युंग ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी भी ली। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया। भारत-दक्षिण कोरिया के द्विपक्षीय और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर फोकस किया गया।

### दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार आज 27 बिलियन डॉलर तक पहुंचा

### ये प्रमुख 5 समझौते

- *1. **इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली समझौता:** दोनों देशों के नागरिकों के लिए यात्रा के दौरान स्थानीय क्यूआर कोड कोड सिस्टम का उपयोग करके भुगतान करना आसान बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट सिस्टम को जोड़ने पर समझौता हुआ।*
- *2. **व्यापार साझेदारी को उन्नत करना:** दोनों देश अपने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को उन्नत करने के लिए बातचीत शुरू करने पर सहमत हुए, ताकि 2030 तक 50 बिलियन डॉलर के व्यापार का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।*
- *3. **सेमीकंडक्टर और रक्षा साझेदारी** : रक्षा और तकनीक के क्षेत्र में समझौता किया गया, जिसके तहत सेमीकंडक्टर से लेकर रक्षा जहाजों के निर्माण, तकनीक साझाकरण और संयुक्त सैन्य अभ्यास को बढ़ावा दिया जाएगा।*
- *4. **विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग:** दोनों देशों के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेष रूप से भविष्य की रणनीतिक तकनीकों के विकास, जैव प्रौद्योगिकी और जैव-अर्थव्यवस्था में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।*
- *5. **भारत-कोरिया मैत्री वर्ष (2028-29):** दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों, लोगों के बीच संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2028-29 को 'भारत-कोरिया मैत्री वर्ष' के रूप में मनाने पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त, दोनों पक्षों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए तकनीकी और सुरक्षा सहयोग को गहरा करने की प्रतिबद्धता जताई।*

## उद्देश्य भारत-सऊदी अरब के रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना

### अजित डोभाल पहुंचे सऊदी अरब रियाद में मंत्रियों से हुई मुलाकात



एजेंसी ▶▶ रियाद

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल रविवार को एक दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रियाद पहुंचे। इस दौरे का उद्देश्य भारत-सऊदी अरब के रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना माना जा रहा है। अजित डोभाल ने ऊर्जा, सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के मुद्दों पर सऊदी अरब के शीर्ष नेतृत्व के साथ कई बैठकें कीं। डोभाल का किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सऊदी अरब में भारत के राजदूत डॉ. सुहेल खान और सऊदी अरब के डॉ. सऊद अल-साती (डिप्टी मिनिस्टर फॉर पॉलिटिकल अफेयर्स) ने स्वागत किया। इसके बाद, अजीत डोभाल ने सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर विचार किया। इस चर्चा में कोऑपरेशन और रीजनल डेवलपमेंट पर बातचीत की गई। अजित डोभाल की सऊदी अरब में यह मीटिंग ऐसे समय में हुई है, जब भारत और सऊदी अरब पारंपरिक कच्चे तेल के अलावा नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और सप्लाई चेन मजबूती के लिए सहयोग बढ़ा रहे हैं।

### 3 मुख्य बिंदुओं पर हुई चर्चा

- बताया जा रहा है कि चर्चा में तीन मुख्य बिंदुओं पर बात हुई, इसमें द्विपक्षीय संबंध, क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति और म्यूचुअल इंटरेस्ट से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। प्रिंस फैसल और डॉ. अल-ऐबन के साथ बातचीत में संयुक्त सहयोग और रीजनल डेवलपमेंट पर फोकस किया गया।
- भारत और सऊदी अरब ने नौसेना अभ्यास, इंटेलिजेंस शेयरिंग और साइबर सुरक्षा वार्ता सहित डिफेंस और काउंटर-टेरर कोऑपरेशन को लगातार संस्थागत रूप दिया है।
- अजित डोभाल की यह यात्रा 2019 में स्थापित स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप काउंसिल में निरंतर गति का संकेत देती है, जिसकी सह-अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान करते हैं।

## कांग्रेस ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा

### मणिपुर: हिंसा पर कांग्रेस का केंद्र से हस्तक्षेप का आग्रह, समयबद्ध जांच और शांति बहाली की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर में हाल ही में भड़की ताज़ा हिंसा और निर्दोष लोगों, विशेषकर दो बच्चों की हत्या पर गहरी चिंता जताते हुए कांग्रेस ने केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि राज्य में शांति बहाली, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए।

मणिपुर से कांग्रेस सांसद बीमोल अकोईजाम ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दोनों सरकारें राज्य में शांति स्थापित करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकारों ने अपनी जिम्मेदारी से 'पूरी तरह हाथ खींच



लिया है', आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है, हालिया हत्याओं और लगातार जारी अशांति को ध्यान में रखते हुए तत्काल सरकारी हस्तक्षेप, संस्थागत सुधार और निश्चित समय सीमा के भीतर जांच पूरी करने की मांग की गई है।

#### दर्दनाक घटनाओं का जिक्र

सांसद अकोइजाम ने 6-7 अप्रैल की दरम्यानी रात को बिष्णुपुर जिले के त्रोंगलाओबी गांव में हुई एक बेहद भयावह घटना का उल्लेख किया, जिसमें दो मासूम बच्चों की हत्या कर दी गई और उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। गेलमोन गांव में सीआरपीएफ पोस्ट पर हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई ।

## दोनों देशों के बीच दी जाएगी रक्षा औद्योगिक रोडमैप को मंजूरी

### जर्मनी से भारतीय नौसेना को बढ़ी अगली पीढ़ी की 6 पनडुब्बियां मिलने की संभावना

### आज से जर्मनी की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे रक्षा मंत्री, उद्योग प्रमुखों से करेंगे चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध से बढ़ते वैश्विक संकट के मध्य रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार से जर्मनी की तीन दिवसीय (21 से 23 अप्रैल तक) आधिकारिक यात्रा करेंगे। जिसमें दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक रोडमैप को अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा। इसकी मदद से भारत और जर्मनी को एक ऐसा ढांचा मिलेगा। जिससे वह अपनी कई सैन्य हार्डवेयर से जुड़ी हुई पहल



पर सह-विकास और सह-उत्पादन के जरिए आगे बढ़ेंगे। जर्मनी के रक्षा उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों से भी राजनाथ की मुलाकात होगी।

#### भारत में होगा पनडुब्बियों का निर्माण

दोनों रक्षा मंत्रियों की मुलाकात के दौरान इस बात की भी काफी संभावनाएं जताई जा रही हैं कि प्रोजेक्ट-75-आई के तहत जर्मनी से भारतीय नौसेना को अगली पीढ़ी की 6 पारंपरिक पनडुब्बियां मिल सकती हैं। जिसके लिए दोनों रक्षा मंत्रियों की मौजूदगी में एक अंतर-सरकारी समझौते (आईजीआई) पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। अगर यह समझौता होता है तो इसकी कुल अनुमानित कीमत 70 हजार करोड़ रुपए से लेकर 99 हजार करोड़ रुपए तक हो सकती है। पनडुब्बियों का निर्माण भारत में मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) में किया जाएगा। जिसमें जर्मन कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम (टीकेएमएस) सहयोग प्रदान करेगी।

#### यूएन शांति रक्षा को लेकर होगा समझौता

बर्लिन में होने वाली रक्षा मंत्री की वार्ताओं में विशेष रूप से रक्षा औद्योगिक सहयोग सहित दोनों सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने के मुद्दे पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा उभरते हुए क्षेत्रों जैसे साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन जैसे विषयों पर नई संभावनाओं की तलाश की जाएगी। रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप से इतर दोनों रक्षा मंत्रियों की मौजूदगी में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) शांति सेना अभियान में सहयोग से जुड़ी प्रशिक्षण प्रक्रिया को लागू करने के लिए भी एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। भारत, जर्मनी के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं। निर्यात नियंत्रण में ढील, मामलों के तीव्र निपटान ने जर्मनी से भारत में किए जाने वाले रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी की है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 1 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 5 | 3 | 2 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
283 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे शीर्ष खिलाड़ी



**नूंह।** वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान और मनु गंडास जैसे शीर्ष घरेलू गोल्फरों सहित लगभग 130 पेशेवर खिलाड़ी 'क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब' में शुरू होने वाली एक करोड़ रुपए पुरस्कार राशि वाले 'डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप' में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। मौजूदा सत्र (2026) में 'डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में शीर्ष पर चल रहे सप्तक तलवार, खालिन जोशी, हनी बैसोया और अंगद चीमा भी खिताब के दावेदारों में शामिल हैं। श्रीलंका के एन थंगाराजा टूर्नामेंट में भाग लेने वाले प्रमुख विदेशी खिलाड़ी होंगे। मेजबान क्षेत्र गुरुग्राम और नूंह का प्रतिनिधित्व ध्रुव श्योराण और तपेंद्र घई जैसे खिलाड़ी करेंगे।

### पीएसए चैलेंजर का सूरजचंद ने जीता खिताब

**चेन्नई।** भारत के सूरज कुमार चंद ने दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रियू को सीधे गेम में हराकर



एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने आठवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 11-5, 11-9, 11-3 से हराया । मिस्र की सातवीं वरीयता प्राप्त रोकैया ओथमैन ने मलेशिया की दूसरी वरीयता प्राप्त हरलीन तान को 12-10, 11-7, 9-11, 11-7 से हराकर महिला खिताब जीता।

### जोबर्ग लेडीज ओपन में 36वें स्थान पर प्रणवी

**जोहानिसबर्ग।** गोल्फर प्रणवी उर्स अंतिम दौर में एक अंडर 72 के स्कोर से जोबर्ग लेडीज ओपन में



संयुक्त 36वें स्थान पर रहीं। टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय प्रणवी ने अंतिम दौर में दो बर्डी ओर एक ईगल किया लेकिन तीन बोगी भी कर गई, जिससे उनका स्कोर एक अंडर रहा। चार अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बक्शी कट हासिल करने में नाकाम रहीं। इस बीच फ्रांस की अगाथे लेस्ने ने पांच अतिरिक्त होल में कर्स्टन रुडगेली को पछाड़कर खिताब जीता।

### असम रणजी टीम के मुख्य कोच बने पोवार

**मुंबई।** मुंबई और बड़ौदा के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर किरण पोवार



को 2026-27 के घरेलू सत्र के लिए असम की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच बनाया गया है। बाएं हाथ के 50 साल के पूर्व खिलाड़ी किरण मुंबई, बड़ौदा और असम के लिए खेले हैं। वह भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर और महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश पोवार के बड़े भाई हैं। पिछले सत्र में किरण मुंबई की अंडर-23 टीम के प्रभारी थे और यह सीनियर टीम के साथ उनका पहला कार्यकाल होगा, जिसमें वह प्रभारी होंगे।

# आरआर की लगातार दूसरी हार से टूटे वैभव

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने उसे 4 विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। टीम की हार के बाद 15 साल के वैभव सूर्यवंशी काफी निराश दिखे। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बाउंड्री के पास जमीन पर सिर झुकाए बैठे हुए हैं और उनकी आंखों से आंसू छलक रहे है। इस हार के बाद वैभव सूर्यवंशी काफी दुखी थे और उनका रोते हुए एक वीडियो भी वायरल हुआ है। विपक्षी केकेआर के फील्डिंग कोच दिशांत याज्ञनिक उनके पास पहुंचते हैं और बगल में बैठकर उनकी हिम्मत बढ़ाते हैं।



**वैभव के बालसुलभ इमोशंस गहरे :** वैभव सूर्यवंशी अभी है भी तो महज 15 साल के। उनके अंदर बालसुलभ इमोशंस गहरे बैठे हैं। जब भी उनकी टीम हारती है या वह आउट होते हैं तो वह बहुत निराश दिखते हैं। रविवार के मैच में सूर्यवंशी ने अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने 28 गेंदों में 46 रन की पारी खेली थी। आईपीएल में कोई बल्लेबाज 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 40+ का स्कोर बनाता है तो उसे शानदार ही कहेंगे, लेकिन वैभव सूर्यवंशी के स्टैंडर्ड के लिहाज से ये थोड़ा कम लगेगा।

### सूर्यवंशी दिखे निराश और थके-हारे

अच्छे प्रदर्शन के बाद भी टीम के हारने पर सूर्यवंशी काफी निराश नजर आए। वह बाउंड्री रोप के नजदीक अकेले बैठे थे। बिल्कुल निराश। थके-हारे। टूटे-टूटे से। केकेआर के फील्डिंग कोच दिशांत याज्ञनिक ने उन्हें इस हाल में देखा तो वह उनके पास गए। बगल में बैठ गए और कंधे पर हाथ रखकर उन्हें हिम्मत दिलाते दिखे।

# पहली जीत के बाद खिलाड़ियों के निकले आंसू

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आखिरकार आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत हासिल की। इसके बाद कोलकाता के ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों आंसू निकल गए। इस जीत के बाद कोलकाता के ड्रेसिंग रूम का माहौल बदल गया। माहौल इतना इमोशनल हो गया, जितना तो 2024 में खिताबी जीत के बाद भी नहीं था। अजिंक्य रहाणे की अगुआई वाली कोलकाता ने रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में चार विकेट से जीत हासिल की थी। सीजन की पहली जीत के बाद कोलकाता के खिलाड़ी काफी इमोशनल हो गए। जीत के बाद स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने ड्रेसिंग रूम का हाल बताया। उन्होंने बताया कि ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की आंखों में आंसू थे। उन्होंने कहा कि यह बहुत, बहुत ज़्यादा अहम है। मैं आपको बता सकता हूं कि आज ड्रेसिंग रूम में मैंने कई लोगों की आंखों में आंसू देखे, जो हमने उस साल भी नहीं देखे थे जब हमने 2024 में आईपीलए जीता था।



### हेड कोच नायर को जीत का क्रेडिट

वरुण ने इस बात पर जोर दिया कि इस जीत का नतीजा मिलना, इसे ज़्यादातर जीतों से कहीं ज़्यादा अहम बनाता है। इसका मुख्य श्रेय हेड कोच अभषिक नायर और कोचिंग स्टाफ को जाता है, क्योंकि उन्होंने बाहरी शोर का खलिाड़ियों पर कोई असर नहीं पड़ने दिया। चक्रवर्ती ने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में केकेआर का काफी मजाक उड़ाया गया है और उसकी बहुत आलोचना हुई है, जिसका असर यकीनन खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। मजबूत इरादे रखना ही सफलता की कुंजी है और इसे हासिल करने के लिए केकेआर को अपनी पूरी ताक़त झोंकनी होगी।

## आईपीएल : मुंबई इंडियन्स ने गुजरात टाइटंस को 99 रन से हराया

# तिलक का तूफान, जीती एमआई



प्लेयर ऑफ द मैच
101 रन
45 गेंद
8 चौके
7 छक्के

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

तिलक वर्मा के नाबाद तूफानी शतक के बाद अश्वनी कुमार की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को लगातार चार हार के क्रम को तोड़ते हुए गुजरात टाइटंस को 99 रन से हराया, जो मौजूदा सत्र में रनों के लिहाज से किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है। तिलक ने आईपीएल के अपने पहले शतक के दौरान 45 गेंद में 8 चौकों और 7 छक्कों से नाबाद 101 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान हार्दिक पंड्या (15 रन, 16 गेंद, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 और नमन धीर (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी भी की, जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच विकेट पर 199 रन बनाए। इसके जवाब में टाइटंस की टीम अश्वनी कुमार (24 रन पर 4 विकेट), अल्लाह गजनफर (17 रन पर 2 विकेट) और मिचेल सेंटनर (16 रन पर 2 विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 15.5 ओवर में 100 रन पर सिमट गई और कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी। टाइटंस की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने सर्वाधिक 26 रन बनाए जबकि उनके अलावा शाहरुख खान (17), कप्तान शुभमन गिल (14) और कागिसो रबाडा (12) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। तिलक की पारी की बदौलत मुंबई की टीम अंतिम चार ओवर में 73 रन जोड़ने में सफल रही।

### टाइटंस की खराब शुरुआत

टाइटंस की ओर से रबाडा सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 33 रन देकर 3 विकेट चटकाए। मोहम्मद सिराज ने 25 जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 54 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस की शुरुआत खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में 5 रन तक ही साई सुदर्शन (00) और जोस बटलर (05) के विकेट गंवा दिए और टीम कभी इस खराब शुरुआत से नहीं उबर पाई। सुदर्शन ने जसप्रीत बुमराह की पारी की पहली गेंद पर प्वाइंट पर कृष भगत को कैच थमाया जबकि बटलर को पंड्या ने पगबाधा किया। वाशिंगटन सुंदर (26) ने पंड्या पर तीन चौकों के साथ शुरुआत की और फिर अश्वनी कुमार पर भी चौका जड़ा।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का एवं बो रबाडा | 13 | 11 | 1 | 1 |
| मालेवार पगबाधा बो रबाडा | 02 | 4 | 0 | 0 |
| नमन धीर का रबाडा बो प्रसिद्ध | 45 | 32 | 6 | 1 |
| सूर्यकुमार बो रबाडा | 15 | 10 | 1 | 1 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 101 | 45 | 8 | 7 |
| हार्दिक का फिलिप्स बो सिराज | 15 | 16 | 1 | 0 |
| रदरफोर्ड नाबाद | 01 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 07
कुल:20 ओवर में 5 विकेट पर 199 रन
गेंदबाजी: सिराज 4-0-25-1, रबाडा 4-0-33-3 , अशोक 3-0-38-0, राशिद 4-0-31-0, प्रसिद्ध 4-0-54-1, सुंदर 1-0-13-0

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का भगत बो बुमराह | 00 | 1 | 0 | 0 |
| गिल का नमन बो अश्वनी | 14 | 13 | 3 | 0 |
| बटलर पगबाधा बो पंड्या | 05 | 6 | 1 | 0 |
| सुंदर का नमन बो सेंटनर | 26 | 17 | 5 | 0 |
| फिलिप्स का एवं बो सेंटनर | 06 | 8 | 0 | 0 |
| तेवतिया का डिकॉक बो अश्वनी | 08 | 11 | 1 | 0 |
| शाहरुख का नमन बो अश्वनी | 17 | 13 | 1 | 1 |
| राशिद का स्थानापन्न बो अश्वनी | 04 | 6 | 0 | 0 |
| रबाडा स्टं डिकॉक बो गजनफर | 12 | 14 | 2 | 0 |
| अशोक शर्मा नाबाद | 01 | 3 | 0 | 0 |
| सिराज पगबाधा बो गजनफर | 00 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 07
कुल:15.5 ओवर में सभी विकेट खोकर: 100 रन
गेंदबाजी: बुमराह 3-0-15-1, पंड्या 1-0-18-1, भगत 2-0-10-0, अश्वनी 4-0-24-4, गजनफर 2.5-0-17-2, सेंटनर 3-0-16-2

### तिलक ने की जयसूर्या के रिकॉर्ड की बराबरी

तिलक वर्मा ने पारी की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर 45 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उनसे पहले सनथ जयसूर्या ने 2008 में मुंबई इंडियंस के लिए 45 गेंदों में शतक पूरा किया था। उसके 18 साल बाद तिलक वर्मा ने मुंबई के लिए सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की है।

45 गेंद - तिलक वर्मा
45 गेंद - सनथ जयसूर्या
47 गेंद - कैमरून ग्रीन
49 गेंद- सूर्यकुमार यादव

### अभिषेक का रिकॉर्ड ध्वस्त

तिलक वर्मा ने गुजरात के खिलाफ नाबाद 101 रन की पारी खेली और टी20 क्रिकेट में 23 साल की उम्र में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शुभमन गिल के साथ पहले स्थान पर आ गए। टी20 क्रिकेट में ये तिलक वर्मा का 5वां शतक रहा और वो शुभमन गिल की बराबरी पर आ गए, जिन्होंने इस उम्र में कुल 5 शतक लगाए थे। तिलक ने अभिषेक शर्मा, यशस्वी और ग्लेन फिलिप्स को पीछे छोड़ दिया।

### रबाडा ने बिखेरा जलवा

गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में अपना जलवा बिखेरा। 30 वर्षीय साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी इस सीजन पावरप्ले (1-6 ओवर) में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज है, जिन्होंने 6 मुकाबलों में पावरप्ले के दौरान अब तक 7 विकेट हासिल किए हैं। इस लिस्ट में दूसरे पायदान पर राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर हैं, जिन्होंने इस सीजन 6 मुकाबलों में कुल 8 विकेट अपने नाम किए। इनमें 6 विकेट पावरप्ले के दौरान मिले।




# जीत की हैट्रिक पर हैदराबाद की नजर, दिल्ली के हौसले भी बुलंद

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है। कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे।

वहीं अक्षर पटेल की अगुवाई में दिल्ली कैपिटल्स के हौसले बुलंद है। राहुल और मिलर अपने श्रेष्ठ फॉर्म में हैं। दिल्ली की गेंदबाजी में हालांकि विविधता है और पिछले साल टीम की तरफ से सर्वश्रेष्ठ



प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति के बावजूद उसके गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने किफायती गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता का बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। उन्होंने अब तक पांच मैचों में सात विकेट लिए हैं। कप्तान अक्षर पटेल ने भी किफायती गेंदबाजी की है लेकिन बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव अभी तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं, जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और टी नटराजन ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# आज से शुरू टूर्नामेंट, दांव पर दो स्वर्ण पदक

**काहिरा।** भारतीय जूनियर निशानेबाज मंगलवार से शुरू होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में इस सत्र में पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसके पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में पदकों का फैसला होगा।

भारत इस प्रतियोगिता में 71 खिलाड़ियों को उतारेगा, जिसमें 58 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य रविवार को काहिरा पहुंच गए थे। प्रतियोगिता के पहले दिन की शुरुआत पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 25 मीटर पिस्टल प्रेसिजन चरण के साथ होगी। इसके साथ ही स्कीट में पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में शुरुआती चरण के निशाने भी लगाए जाएंगे।

### आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप :





### शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर नजर

भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छह निशानेबाजों को उतारा है, जिनमें एशियाई जूनियर रिकॉर्ड धारक और 2025 की आईएसएसएफ विश्व कप चैंपियन शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। उनके अलावा अनुष्का थोकुर, मान्यता सिंह, अनीशा शर्मा, अन्वी राठौड़ और पनाह भुगरा भी अपनी चुनौती पेश करेंगी।

# हॉकी इंडिया कोचिंग शिविर के लिए चुने गए 36 खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में 20 अप्रैल से 9 मई तक लगाए जाने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 36 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। इस कोचिंग शिविर में टीम संयोजन, फिटनेस और मैच की परिस्थितियों की तरह अभ्यास सत्र आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह शिविर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत को इस साल एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेलों में भाग लेना है। इस शिविर में उन विभागों की पहचान की जाएगी, जिनमें टीम को और बेहतर बनने की जरूरत है।

# ईटीपीएल में टीम खरीदकर ब्रांड एम्बेसडर बने गेल

**मुंबई।** पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) ने स्कॉटलैंड की 'ग्लास्गो मुगाफियंस' फ्रेंचाइजी की घोषणा की, जिसमें वेस्टइंडीज के क्रिकेटर क्रिस गेल सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन के सह स्वामित्व वाली ईटीपीएल का पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर के बीच खेला जाएगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी के बीच 33 मैच छह शहरों ग्लास्गो, एम्सटर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटरडम में खेले जाएंगे। लीग के अनुसार ग्लास्गो टीम का स्वामित्व तंशा बत्रा के पास होगा जबकि मुगाफी ग्रुप संस्थापक साझेदार रहेगा। गेल इसके सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे।

- पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर तक





### ईटीपीएल की विश्व स्तर पर चर्चा : गेल

गेल ने कहा,' ईटीपीएल की विश्व स्तर पर चर्चा हो रही है। मैंने दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग खेला है और मुझे यकीन है कि यह लीग खास होगी।' वहीं ग्लास्गो टीम के बारे में अभिषेक बच्चन ने कहा,' हम मुगाफी ग्रुप और क्रिस गेल का इस सफर में स्वागत करते हुए आनंदित हैं। यूरोप क्रिकेट के लिए सबसे रोमांचक नए क्षेत्रों में से एक है, जहां खेल संस्कृति, विविधता और अपार संभावनाएं हैं। हम इस लीग के माध्यम से नई प्रतिभाओं को मंच देंगे और यूरोप को विश्व क्रिकेट का केंद्र बनाएंगे ।

## हैरी केन ने दागा सत्र का 32वां गोल

# बायर्न का दबदबा, 13वीं बार बुंडेसलीगा पर कब्जा

**म्यूनिख।** बायर्न म्यूनिख ने स्टटगार्ट पर 4-2 से आसान जीत हासिल करके पिछले 14 साल में 13वीं बार जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलीगा का खिताब अपने नाम किया। बायर्न म्यूनिख की इस जीत के नायक भी हैरी केन रहे, जिन्होंने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने के बाद सत्र का अपना 32वां गोल किया। इससे पहले राफेल गुएरेरो (31वें), निकोलस जैक्सन (33वें) और अलफांसो डेविस (37वें) ने सात मिनट के अंदर तीन गोल करके बायर्न म्यूनिख को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। स्टटगार्ट की तरफ से क्रिस फ्यूरिच (21वें) और चेमा आंद्रेस (88वें) ने गोल किए। इस जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने जर्मन लीग के चार राउंड शेष रहते हुए दूसरे स्थान पर मौजूद बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 15 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है।



### प्रीमियर लीग की खिताबी दौड़ रोमांचक

**मैनचेस्टर।** स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड कि दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है। इस जीत से इस सिटी के 32 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के 33 मैच में 70 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के समान 58 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी को बुधवार को रेलीगेशन के खतरे से जूझ रही बर्नली के खिलाफ मैच खेलना है और संभावना है कि पेप गार्डियोला की टीम इस मैच में जीत हासिल करके आर्सेनल की बराबरी पर पहुंच जाएगी और पांच दौर के मैच शेष रहते हुए बढ़त हासिल कर लेगी।





# लियोन ने किया उलटफेर, पीएसजी को हराया

**पेरिस।** ब्राजील के फॉरवर्ड एंड्रिक ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे लियोन ने शीर्ष पर काबिज पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल प्रतियोगिता लीग 1 में तीसरा स्थान हासिल करके चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। पीएसजी की इस सत्र में लीग में यह पांचवीं हार है, जिससे दूसरे स्थान पर काबिज लेंस की खिताब जीतने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पीएसजी अब लेंस से केवल एक अंक आगे है।




## मुंबई से आने वाले मेहमानों को मिलेगी 1950-60 के दशक की शाही सवारी

# नवाबी ठाठ में सजेगी बारात: छह क्लासिक विंटेज कारों के काफिले से किया जाएगा शाही इस्तकबाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल, जिसे नवाबों की नगरी कहा जाता है, आज भी अपनी शादियों में वही शाही ठाठ और तहजीब जिंदा रखे हुए है। यहां होने वाली शादियां सिर्फ रस्मों का आयोजन नहीं, बल्कि नवाबी संस्कृति, मेहमाननवाजी और भव्यता का खूबसूरत संगम नजर आती हैं। इत्र की खुशबू, शहनाई की मधुर धुन, सजे हुए महलनुमा वेन्यू और पारंपरिक अंदाज में होने वाला इस्तकबाल- हर पल में एक रॉयल एहसास झलकता है। भोपाल के इसी नवाबी अंदाज को शहर में होने वाली शादियों में अमूमन देखा ही गया है। शहर के शाही अंदाज को बयां करती ऐसी ही एक वेडिंग होने जा रही है 29 अप्रैल को।

### शहर के निजी होटल में होगा बारात का स्वागत



आयान और अदीबा की इस शादी में बारात का स्वागत कुछ इस अंदाज में होगा, जो शहर की नवाबी विरासत को जीवंत कर देगा। इस शादी में मुंबई से आ रही दूल्हे आयान की बारात का स्वागत शहर के निजी होटल में छह क्लासिक विंटेज कारों के काफिले के साथ किया जाएगा। यह कारें 1950-60 के दशक की शाही सवारी का अहसास कराएंगी, जिन्हें गुलाब और गेंदा के फूलों से खास तौर पर सजाया जाएगा।

### भोपाल सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि एक एहसास है, जहां रग-रग में बसा नवाबी अंदाज



इमरान खान ने कहा कि शहर में अब शादियों में विंटेज कारों का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है, जो पारंपरिक रस्मों को आधुनिक अंदाज के साथ जोड़ते हुए भोपाल की पहचान को एक नया आयाम दे रहा है। इस शाही बारात के जरिए एक बार फिर यह साबित होगा कि भोपाल सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि एक एहसास है-जहां हर जश्न में नवाबी अंदाज झलकता है।

### शाही काफिले के साथ होटल पहुंचेगा दुल्हा

वेडिंग प्लानर और विंटेज कार ऑनर इमरान खान ने कहा कि आज कल वेडिंग में दूल्हा घोड़ी चढ़ने की बजाया विंटेज कार से जाना पसंद करता है, साथ ही इसके आस-पास कई लग्जरी कारें और विशाल बारात चलती है, लेकिन अयान और अदीबा की इस वेडिंग में बारात के आगमन पर ढोल-नगाड़ों और शहनाई की मधुर धुनों के बीच दूल्हा के शाही काफिले से होगा। यह शाही काफिला जब होटल पहुंचेगा, तो उनका स्वागत दुल्हन अदीबा के परिवार द्वारा पारंपरिक अंदाज में गुलाब की पंखुड़ियों और इत्र के साथ करेंगे। आयोजन से जुड़े लोगों का कहना है कि यह केवल एक शादी नहीं, बल्कि शहर की नवाबी शान और सांस्कृतिक विरासत को महसूस कराने का प्रयास है। खासतौर पर मुंबई से आने वाले मेहमानों के लिए यह अनुभव यादगार बनने वाला है।







## मंजरी श्रीवास्तव बनीं नेशनल कोऑर्डिनेटर, स्तुति श्रीवास्तव डिविजनल कोऑर्डिनेटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएआईटी (कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में देशभर से करीब 400 व्यवसायी महिलाओं ने भाग लिया, जिसमें मप्र के भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, सिंगरौली और सतना से लगभग 70 महिला उद्यमियों ने सहभागिता दर्ज कराई। सम्मेलन के पहले दिन व्यापार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने, आधुनिक रणनीतियों को अपनाने और डिजिटल माध्यमों के उपयोग पर केंद्रित सेमिनार व संवाद सत्र आयोजित किए गए, जो प्रतिभागियों के लिए बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक साबित हुए। वहीं दूसरे दिन सीएआईटी की महिला विंग की नई कमेटियों का गठन और उनका विधिवत इंस्टॉलेशन किया, जिसमें मप्र की दो महिलाओं को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसके अंतर्गत शहर की मंजरी पात्रिकर श्रीवास्तव को नेशनल कोऑर्डिनेटर (गवर्नमेंट स्कीम्स अवेयरनेस एवं डिजिटल आउटरीच कमेटी) बनाया गया, जबकि आर्किटेक्ट स्तुति श्रीवास्तव को मप्र की डिविजनल कोऑर्डिनेटर के पद की जिम्मेदारी दी गई।

**देशभर से करीब 400 व्यवसायी महिलाओं ने भाग लिया**

### अहमदाबाद में आयोजित की बैठक

## 'अभिप्रेरणा 2026' का हिस्सा बनी भोपाल की पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की महिलाओं का ग्रुप हाल ही में अहमदाबाद में आयोजित 'अभिप्रेरणा 2026' की बैठक में आमंत्रित की गई, जिसमें एफसी की राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीत सहित शहर से संगीता पालोद, दीप्ति गोरखे, शालिनी अग्रवाल, विमल अग्रवाल, व सोनिया गुप्ता ने सहभागिता की। इस खास अवसर पर जसप्रीत बुमराह की मां मीना बुमराह भी मौजूद रहीं।

## अशोक मनवानी को सिंधियत अवॉर्ड से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा द्वारा वर्ष 2024 -25 के लिए सिंधियत, भाषा विकास, नाटक, संगीत, चित्रकला के क्षेत्र में कार्य करने वाले कलमकारों और कला धर्मियों को सम्मानित किया गया। जिसके अंतर्गत पुरस्कार में 50 हजार की सम्मान निधि दी गई। जिसमें साहित्य के क्षेत्र में यह अवॉर्ड आसुदो लछवानी भोपाल और सिंधियत अवॉर्ड अशोक मनवानी को दिया गया।

**सिंधियत, भाषा विकास, नाटक, संगीत, चित्रकला के क्षेत्र में कार्य करने वाले कलमकारों और कला धर्मियों को सम्मानित किया**



### साइंस सेंटर में 'स्वच्छता अपनाओ, देश सजाओ' पर नुक्कड़ नाटक



# मैं कचरा हूं रे, मुझे यहां-वहां मत डाल, वरना मैं तुझे बीमार कर दूंगा...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंचलिक विज्ञान केन्द्र में 30 अप्रैल तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को 'स्वच्छता अपनाओ, देश सजाओ' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के 13 विद्यालयों के लगभग 130 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता के महत्व को प्रभावशाली एवं रचनात्मक नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों में स्वच्छता के सामाजिक, पर्यावरणीय एवं व्यक्तिगत महत्व को सरल एवं प्रेरणादायक ढंग से दर्शाया गया, जिससे दर्शकों में जागरुकता का संदेश प्रसारित हुआ।


आंचलिक विज्ञान केन्द्र में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का मंचन करते कलाकार।

### जनसामान्य तक पहुंचाया स्वच्छता का संदेश

विद्यार्थियों ने मैं कचरा हूं रे, मुझे यहां-वहां मत डाल वरना मैं तुझे बीमार कर दूंगा.... जैसे मनोरंजक, आकर्षक एवं ट्रेंडिंग स्लोगन का प्रयोग कर स्वच्छता का संदेश जनसामान्य तक पहुंचाया, जिसने दर्शकों का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्हें स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने अपने अभिनय कौशल, संवाद अदायगी एवं अभिव्यक्ति के माध्यम से यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में दर्शकों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की तथा प्रस्तुतियों की सराहना की।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930